संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    नई दिल्ली, सोमवार, 17 फरवरी 2025 ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23    वर्षः 19 अंकः 47 पृष्ठः 12    RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com    राष्ट्रीय संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group


नई दिल्ली रेलवे स्टेशन ट्रेनों में भीड़ के कारण शनिवार रात अचानक भगदड़ मच गई। परिजनों के लिए बिलखती महिलाएं।

# भगदड़... फुटओवर ब्रिज पर बेहोश पड़े थे लोग

● अपनों को खोजते रहे; हर तरफ बिखरे जूते-चप्पल और सामान, दिल्ली स्टेशन पर भगदड़, महाकुंभ जा रहे 18 की मौत, विपक्ष ने केंद्र को घेरा

**खौफनाक**

- मृतकों के सीने-पेट में चोट; हादसे की जांच के लिए कमेटी बनीं, सीसीटीवी फुटेज सील
- आर्थिक मदद की घोषणा, राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री सहित सभी प्रमुख हस्तियों ने जताया दुख
- मृतक परिजनों को 10 लाख, गंभीर रूप से घायलों को ढाई और मामूली रूप से घायलों को 1-1 लाख-अप्रत्याशित रूप से यात्रियों की संख्या बढ़ने और बेकाबू भीड़ के कारण हुआ हादसा, जांच के आदेश





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में भीड़ के कारण शनिवार रात अचानक भगदड़ मच गई। हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई। वहीं 12 घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। भारतीय रेलवे की तरफ से मृतक परिजनों की आर्थिक मदद की घोषणा की गई है। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित सभी प्रमुख हस्तियों ने मरने वालों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। शनिवार रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 12, 13, 14, 15 और 16 पर भारी भीड़ के कारण यह हादसा हुआ। दिल्ली पुलिस ने 18 लोगों की मौत की पुष्टि की है जिनमें 14 महिलाएं हैं। एलएनजेपी अस्पताल में 15 और लेडी हार्डिंग अस्पताल में 3 लोगों को मृत घोषित किया गया।

**मृतकों की पहचान हुई**
बक्सर बिहार निवासी आहा देवी (79), संगम विहार दिल्ली निवासी पिंकी देवी (41), सरिता विहार निवासी शीला देवी (50), बवाना दिल्ली निवासी व्योम (25), बिहार निवासी पूनम (40), बिहार निवासी ललिता देवी (35), मुजफ्फरपुर बिहार निवासी सुरुचि (11), समस्तीपुर बिहार निवासी कृष्णा देवी (40) समस्तीपुर बिहार निवासी विजय साह (15), वैशाली बिहार निवासी नीरज (12), नवादा बिहार निवासी शांति देवी (40), नवादा बिहार निवासी पूजा (8), भिवानी हरियाणा निवासी संगीता मलिक (34), महावीर एन्क्लेव निवासी पूनम (34), नांगलोई दिल्ली निवासी ममता झा (40), सागरपुर दिल्ली निवासी रिया सिंह (7), बिजवासन दिल्ली निवासी बेबी (24) और नांगलोई दिल्ली निवासी मनोज (47) के रूप में हुई है। आर्थिक मदद की घोषणाभारतीय रेलवे ने मृतक परिजनों के लिए आर्थिक मदद की घोषणा की है। प्रत्येक मृतक परिजन को 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को ढाई लाख और मामूली रूप से जख्मी लोगों को एक-एक लाख की आर्थिक सहायता दी जाएगी। राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री ने जताया शोकराष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मृतकों के प्रति शोक व्यक्त करते हुए कहा- नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में लोगों की मौत के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए एक्स पर पोस्ट में लिखा- नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ से व्यथित हूं। मेरी संवेदनाएं उन सभी के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल शीघ्र स्वस्थ हों। अधिकारी उन सभी लोगों की सहायता कर रहे हैं जो इस भगदड़ से प्रभावित हुए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पोस्ट में लिखा- दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। घायलों को हर संभव इलाज दिया जा रहा है।

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन हादसे पर दो सदस्यीय समिति ने जांच शुरू की

**नई दिल्ली** रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ की जांच के लिए दो सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति बनाई गई है। इसमें उत्तर रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक नरसिंह देव के नेतृत्व में प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त पंकज गंगवार शामिल हैं। रेल मंत्रालय के अनुसार समिति ने अपनी जांच शुरू कर दी है और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर सभी वीडियो फुटेज पूरी तरह सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं।

**चश्मदीदों के बयान...:**

**पुलिस ने कहा- जान बचानी है तो लौट जाओ:** प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि स्टेशन पर इतनी भीड़ थी कि पैर रखने की जगह नहीं थी। ट्रेन में लोग ठूंसे हुए थे। चुनिंदा पुलिस वाले दिख रहे थे। पुलिस वाले लोगों से बोल रहे थे कि जान बचानी है तो लौट जाइए। आप लोगों के पैसे नहीं गए हैं। आपकी जान बची है।

**कन्फर्म टिकट वाले भी डिब्बे में नहीं घुस सके:** प्रयागराज जा रहे प्रमोद चौरसिया बताया कि मेरे पास पुरुषोत्तम एक्सप्रेस के स्लीपर का टिकट था। लेकिन इतनी भीड़ थी कि कन्फर्म टिकट वाले भी डिब्बे में नहीं घुस पा रहे थे। वहां इतनी धक्का-मुक्की थी कि हम जैसे-तैसे भीड़ से बाहर निकल सके। प्रत्यक्षदर्शी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि मैं भी प्रयागराज जा रहा था। दो ट्रेनें पहले से ही देरी से चल रही थीं, कुछ रद्द कर दी गई थीं। इसलिए स्टेशन पर बेतहाशा भीड़ थी।

## अचानक मची भगदड़

**नई दिल्ली** रेलवे स्टेशन में बीती देर हुए हादसे योगेश ने मिश्रा ने बताया कि उनकी ट्रेन प्लेटफार्म नंबर 15 में थी। एसी-2 की टिकट ली थी। लेकिन, भीड़ इतनी ज्यादा थी कि किसी भी बोगी में पैर रखने की जगह नहीं थी। सब लोग एक-दूसरे के ऊपर चढ़ रहे थे। उन्होंने बताया कि रेल के बाथरूम में भी लोग भरे हुए थे। कुछ ही दूरी पर खड़ी बिमला देवी ने बताया क उनके पति हार्ट के मरीज हैं। उन्हें आखिरी बार 10 बजे देखा था, उसके बाद से उनसे कोई संपर्क नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि न पुलिस सहयोग कर रही है न ही रेल प्रशासन। उन्होंने कहा कि वह तीन से चार चक्कर अस्पताल से लेकर यहां तक काट चुकी हैं। वह घबराकर कहती हैं कि कोई उनकी मदद करें। राकेश रावत ने बताया कि दिल्ली में रनहौला में रहते है। दो महीना पहले ही उन्होंने टिकट बुक करवाई थी। रात में वह परिवार के चार सदस्यों के साथ स्टेशन में आए थे। वह 14 नंबर प्लेटफार्म के पास खड़े थे, तभी अचानक से सौ के करीब लोग भागने लगे, लोग चिल्ला रहे थे, ट्रेन इस प्लेटफार्म में नहीं दूसरी जगह आनी वाली है। रावत ने बताया कि सिर्फ पांच मिनट के अंदर पूरी घटना हो गई। उन्होंने कई बच्चों को भगदड़ में नीचे गिरते हुए देखा था।

## हादसे के बाद चारों तरफ अफरातफरी

**घटना** के बाद इलाके की घेराबंदीनई दिल्ली स्टेशन पर भीड़ का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता हादसे के बाद चारों तरफ अफरातफरी मच गई। जिस दौरान घटना हुई उस दौरान कई ट्रेन प्रयागराज की तरफ जाने वाली थी। घटना से अनजान लोगों का स्टेशन पर आने का सिलसिला जारी था। लोगों की संख्या बढ़ने लगी, जिसे देखते हुए नई दिल्ली स्टेशन की ओर आने वाले सभी मार्ग को बंद कर दिया गया और वाहनों को स्टेशन पर आने से रोक दिया गया।

## अवैध आव्रजन के कारण वापस भेजे गए 116 भारतीय

**टीम एक्शन इंडिया**
**अमृतसर:** अमेरिका से अवैध आव्रजन के कारण वापस भेजे गए 116 भारतीयों में गोवा के दो लोग भी शामिल हैं, जो रविवार को डाबोलिम हवाई अड्डे पर उतरे। राज्य के एनआरआई आयुक्त नरेंद्र सवाईकर ने उनके नाम उजागर किए बिना बताया कि दोनों गोवावासियों को अमृतसर से विमान से लाया गया था और वे अपने घर पहुंच गए हैं। सवाईकर ने कहा कि प्रत्येक देश के अपने आव्रजन मानदंड होते हैं, जिनका सम्मान किया जाना चाहिए।


नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में भीड़ के कारण शनिवार रात अचानक भगदड़ मच गई। अस्पताल में महिला मरीज के साथ मौजूद।

## सीएम ने नए सुधारात्मक उपायों की घोषणा की

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज ओक ओवर से सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए 27 पुलिस मोटरसाइकिलों को झंडी दिखाकर रवाना किया। इनमें से कांगड़ा जिला पुलिस को 14 और मंडी जिला पुलिस को 13 मोटरसाइकिलें प्रदान की गई हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर घोषणा की कि जल्द ही शिमला, नूरपुर, मंडी और कांगड़ा जिलों को सड़क सुरक्षा एवं बचाव कार्यों के लिए 42 चौपहिया वाहन, 14 इंटरसेप्टर वाहन और 10 रेस्क्यू वाहन भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अतिरिक्त इन जिलों के लिए 3,373 सड़क सुरक्षा उपकरणों की खरीद के लिए 90 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। अब तक पुलिस विभाग को 5.71 करोड़ रुपये की लागत से 1,200 से अधिक उपकरण प्रदान किए जा चुके हैं।




## आईपीएल के 18वें सत्र का कार्यक्रम जारी

**नई दिल्ली:** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का कार्यक्रम जारी कर दिया। पहला मुकाबला गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच ईडन गार्डंस में खेला जाएगा। इस टूनार्मेंट के 18वें सत्र का आगाज 22 मार्च से होगा। वहीं, फाइनल मैच 25 मई को ईडन गार्डंस में ही खेला जाएगा। 23 मार्च को आईपीएल का एल क्लासिको यानी मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मुकाबला खेला जाएगा।

## हिंदू समाज को संगठित कर रहा संघः मोहन भागवत

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि संघ का कार्य महात्मा बुद्ध के राष्ट्र निर्माण प्रयासों की तरह ही है। जिस तरह महात्मा बुद्ध ने समाज को एकजुट कर आध्यात्मिक और नैतिक उत्थान की नींव रखी थी, उसी तरह संघ भी पूरे हिंदू समाज को संगठित करने का कार्य कर रहा है। वह शनिवार को पश्चिम बंगाल के बर्दवान में स्वयंसेवकों के एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि संघ पूरे हिंदू समाज को एकजुट करना चाहता है। यह समाज केवल अपने लिए नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए उत्तरदायी है। भारत की अपनी एक प्रकृति है, जो इसे विशेष बनाती है। जो इस प्रकृति के साथ नहीं रह सकते थे, उन्होंने अपना अलग देश बना लिया। लेकिन जो यहां रहे, वे भारत की इस मूल आत्मा से जुड़े हुए हैं। भारत केवल एक भूगोल नहीं, बल्कि एक स्वभाव है, जो 15 अगस्त 1947 से बहुत पहले से अस्तित्व में है। हम किसी राजा को नहीं, बल्कि उस राजा को याद करते हैं, जिसने अपने पिता की आज्ञा का पालन करने के लिए 14 साल तक वनवास सहन किया। जब तक यह प्रकृति बनी रहेगी, तब तक भारत रहेगा। हिंदू समाज और भारत एक ही हैं।




**एकता**

- संघ प्रमुख मोहन भागवत ने पश्चिम बंगाल के बर्दवान में स्वयंसेवकों को संबोधित किया

उन्होंने कहा कि भारत को किसी बाहरी शक्ति ने नहीं बनाया, बल्कि यह हजारों सालों से एक सशक्त राष्ट्र के रूप में विद्यमान है। महात्मा गांधी का उदाहरण देते हुए कहा कि गांधी जी ने भी एक साक्षात्कार में कहा था कि अंग्रेजों ने हमें बताया कि भारत उन्होंने बनाया है, लेकिन यह पूरी तरह गलत है।



# आध्यात्मिक शांति, प्रेम और मानवता के उत्थान का दिया आध्यात्मिक संदेश

महोत्सव

▶▶ ब्रह्माकुमारीज संस्थान द्वारा रविवार को अनाज मंडी में शिव जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर।** महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर ब्रह्माकुमारीज संस्थान द्वारा रविवार को अनाज मंडी में शिव जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भजन कीर्तन भक्ति से ओतप्रोत गीतों द्वारा किया गया। समारोह में भीनमाल, राजस्थान से आई मुख्य वक्ता राजयोगिनी गीता दीदी ने शिव बाबा के अवतरण और उनके दिव्य कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि परमात्मा का अवतरण पाप के नाश के लिए होता है। उन्होंने आध्यात्मिक शांति, प्रेम और मानवता के उत्थान का संदेश दिया। समारोह में विधायक गन्नौर देवेंद्र कादियान ने मुख्यातिथि शिरकत की। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान पूरे विश्व में निस्वार्थ भाव से सेवा कर रहा है। यह बहुत अच्छा कार्य है। शहर में ऐसे कार्यक्रम निरंतर होते रहने चाहिए। इसमें शामिल होकर आत्मिक शांति की अनुभूति होती है। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों को ईश्वरीय सौगात देकर सम्मानित किया गया। ब्रह्माकुमारी रामदेवी ने संस्थान के सेवा कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि यह संस्थान समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आध्यात्मिक उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ने का आह्वान किया। श्रद्धालुओं ने सत्यम शिवम सुंदरम के संदेश को आत्मसात करने की प्रेरणा ली और शांति, प्रेम एवं सद्भाव का संकल्प लिया।



## निर्माणाधीन ओवर हेड टैंक की शटरिंग गिरने से आठ मजदूर घायल

**गाजियाबाद।** मुरादनगर क्षेत्र स्थित उखलारसी कॉलोनी में शमशान घाट परिसर में रविवार को निर्माणाधीन ओवर हेड टैंक (पानी) की टंकी की शटरिंग गिर गयी। इसमें छह से अधिक मजदूर दबकर घायल हो गए। एसीपी मसूरी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि यह हादसा उस समय हुआ जब 14 मजदूर काम कर रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने राहत कार्य शुरू किया और घायल मजदूरों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। मौके पर नगर पालिका जल निगम व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद हैं। घायल मजदूरों में बरेली निवासी विनोद, सत्येंद्र, वीरेश, बदायूं के राहुल, दिनेश, रिंकू, आदेश, शाहजहांपुर निवासी, सूरजपाल हैं।

# सरकारी योजनाओं व कानून के प्रति आंगनवाड़ी केन्द्र में जागरूक किया

योजना

▶▶ प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना का लाभ लें सकते हैं। आपकी बेटी हमारी बेटी योजना बेटियों को लाभ प्रदान करती है




टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर।** बीएसटी कॉलोनी स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र में लीगल एडवाइजर मंजू मलिक ने कानूनी सहायता के बारे में महिलाओं को जागरूक किया। जिसमें सीडीपीओ निर्मल ने सरकारी योजनाओं के बारे जानकारी देते हुए बताया कि गरीब परिवार की महिला प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना का लाभ लें सकते हैं। आपकी बेटी हमारी बेटी योजना बेटियों को लाभ प्रदान करती है। विभाग द्वारा गन्नौर के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों पर भी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। मंजू मलिक ने कहा कि कानूनी जागरूकता शिविरों का मुख्य उद्देश्य हर व्यक्ति तक न्याय पहुंचाना है। यह तभी संभव है जब लोगों को अपने अधिकारों की पूर्ण जानकारी होगी। इसी कड़ी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) विशेष शिविरों का आयोजन किया जाता है। भारत के संविधान का अनुच्छेद 39-ए समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को निशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करता है। संविधान के अनुच्छेद 14 और 22 (1) में भी राज्य के लिए कानून के समक्ष समानता, सभी के लिए समान अवसर के आधार पर न्याय को बढ़ावा देने वाली कानूनी व्यवस्था सुनिश्चित करना अनिवार्य है।

## गन्नौर-गोहाना मार्ग पर हादसा, बुलेट सवार बाल-बाल बचा



टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर।** गन्नौर से गोहाना मार्ग पर अहीर माजरा गांव के पास एक बड़े ट्रक में लदी जेसीबी के तारों में उलझने से बिजली का पोल गिर गया, जो एक बालेट बाइक पर आ गिरा। गनीमत रही कि बाइक सवार सुरक्षित बच गया। सूचना पर गांव के सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र यादव पहुंचे और बिजली विभाग को सूचित किया। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी की मदद से पोल हटाया, जिससे यातायात बहाल हुआ। हादसे के कारण कई घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही, जिसे बाद में ठीक कर दिया गया। सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र ने बताया कि गांव से गुजरने वाले ओवरलोड मिट्टी से भरे हाईवा ट्रकों से ग्रामीण परेशान हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इन वाहनों को रात 9 बजे से सुबह तक ही चलने की अनुमति दी जाए और ढीले तारों को जल्द ठीक कराया जाए।

# अपोलो स्कूल के खेल समारोह में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

खेलों को बढ़ावा

▶▶ स्कूल पहुंचने पर अपोलो स्कूल की प्रधानाचार्या अनीता यादव ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर।** अपोलो इंटरनेशनल स्कूल बड़ी का वार्षिक खेल समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में बतौर मुख्यातिथि रौनक पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि व विशिष्ठ अतिथि सनपेड़ा गांव के समाज सेवी संदीप ढाका व धतुरी गांव के सरपंच आशु त्यागी, अनिल त्यागी ने शिरकत। स्कूल पहुंचने पर अपोलो स्कूल की प्रधानाचार्या अनीता यादव ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मंच संचालन छात्रा शादीका, यशस्वी, जीया, लक्षिता ने किया। प्रशासनिक अधिकारी राजीव मिश्रा ने छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। स्कूल के छात्रों द्वारा खेलों की शुरुआत से पूर्व योगा, ताईक्वांडों व आग के घेरे से जम्प लगाने आदि प्रदर्शन किए, जिनकी अभिभावकों ने सराहना की। बैलेंस रेस में प्रथम कुश,द्वितीय अरनव, तृतीय अंश, गेंद एकत्रित रेस में दक्ष ने प्रथम, अंकित ने द्वितीय, हिमान्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर रेस में हंस ने प्रथम, द्वितीय समर, तृतीय वैभव ने प्राप्त किया। 200 मीटर रेस में हितेष ने प्रथम, यश ने द्वितीय, समर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समारोह में मुख्यातिथि पहुंची रौनक स्कूल प्रधानाचार्य रजनी शर्मा ने छात्रों को शिक्षा के साथ खेलो की तरफ ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। समाजसेवी संदीप ढाका सनपेड़ा ने कहा कि स्कूल के छात्रों के प्रदर्शन को देखकर अनुमान लगाया जा सकता है कि जितना शिक्षा पर जोर दिया जाता है उतना ही खेलो पर। खेलो से शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास होता है। इसलिए जीवन में कोई ने कोई खेल खेलना चाहिए। धतुरी सरपंच आशु त्यागी ने कहा कि अपोलो स्कूल बेहतर शिक्षा के साथ छात्रों को खेलो की भी पूरी सुविधा दे रहा है। प्रशासनिक अधिकारी राजीव मिश्रा ने छात्रों को खेलो के महत्व से अवगत करवाते हुए बेहतर प्रदर्शन पर सराहना की। स्कूल की प्रधानाचार्या अनीता यादव ने खेल समारोह में पहुंचे अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। अनीता यादव ने कहा कि स्कूल के छात्र खेलो में ब्लाक, जिला स्तर, प्रदेश स्तर व नेशनल में पदक जीत रहे है।




# बसंत विहार एक्सटेंशन में कच्ची गलियों का निर्माण शुरू

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर।** शहर की बसंत विहार एक्सटेंशन में गलियों के निर्माण का कार्य शुरू होने से लोगों ने राहत मिली है। कालोनी में 1 करोड 49 लाख 65 हजार की लागत से कच्ची गलियों का निर्माण नगरपालिका द्वारा करवाया जा रहा है। कालोनी अनियमित होने की वजह से पिछले 10 वर्षों से गलियों का निर्माण नहीं हो पा रहा था। पिछले साल कालोनी नियमित हुई। जिसके बाद अब नगरपालिका द्वारा यहां कच्ची गलियों के साथ नालियों का निर्माण करवाना शुरू कर दिया है। बसंत विहार एक्सटेंशन पहले नियमित न होने की वजह से इसमें विकास कार्य नहीं हो पा रहे थे। कालोनी में गलियां कच्ची पड़ी हैं और न ही निकासी की सुविधा है। ऐसे में इन कालोनियों में रहने वाले लोगं को खाली प्लाटों में दूषित पानी को छोड़ा जा रहा है। जो गलियां पहले से पक्की हैं उन्हें रिपेयर नहीं किया जा रहा था। सरकार द्वारा कालोनियों को नियमित करने के बाद इसमें अब नगरपालिका विकास कार्य शुरू कर दिए हैं। कालोनी में स्ट्रीट लाइटें भी लग चुकी हैं।



**-गलियों के निर्माण का काम दो माह में पूरा हो जाएगा**

नगरपालिका सचिव नितिन वत्स ने बताया कि बसंत विहार एक्सटेंशन में सभी गलियों को पक्का किया जाएगा।

# भाजपा सरकार तीसरी बार से तीन गुणा ताकत से होगा प्रदेश का विकासः गहलावत

नीति

▶▶ प्रदेश को विकसित बनाने का काम किया जाएगा और प्रदेश में सभी परियोजनाओं को नॉन स्टॉप की नीति अपनाकर पूरा किया जाएगा

टीम एक्शन इंडिया

**राई।** राई से विधायक बनने पर विधायक कृष्णा गहलावत ने अपने धन्यवादी दौरे के दौरान गांव मनौली पहुंचकर लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राई हलके के लोगों ने उनको विधायक बनाकर उनपर जो विश्वास व्यक्त किया है, उस विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। इस हल्का के लोगों की एक-एक समस्या का समाधान करेंगे और आमजन से सुझाव लेने के बाद हल्के का चहुंमुखी विकास सुनिश्चित करेंगे। प्रदेश में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाकर नागरिकों ने एक बहुत बड़ी जिम्मेवारी और दायित्व सौंपा है। इस दायित्व को बड़ी शिद्दत के साथ पूरा करने का काम करेंगे। विधायक ने कहा कि हलके के लोगों ने उन्हें विधायक बनाकर जो विश्वास और जिम्मेवारी सौंपी है, उस विश्वास को बरकरार रखा जाएगा और डबल इंजन की सरकार के सहयोग से हलके में तीन गुणा ताकत से विकास करवाया जाएगा। गहलावत ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश को विकसित बनाने का काम किया जाएगा और प्रदेश में सभी परियोजनाओं को नॉन स्टॉप की नीति अपनाकर पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले सरकारी नौकरियां बिकती थी, लेकिन भाजपा सरकार ने युवाओं को बिना खर्ची-बिना पर्ची सरकारी नौकरियां देने का काम किया। राज्य सरकार ने अपनी चुनावी वायदे को पूरा करते हुए मुख्यमंत्री ने शपथ लेने से पहले एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुए एक कलम से 25 हजार युवाओं को बिना सिफारिश के सरकारी नौकरियां देने का काम किया। इस मौके पर जसपाल खेवड़ा, सतनारायण आंतिल, जेपी रेवली, दिनेश चौहान, कुलदीप नांगल, श्री भगवान जोगी, जाखौली मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल, नाहरी मंडल अध्यक्ष वेदपाल शास्त्री, मुरथल मंडल अध्यक्ष विकास कौशिक, कुंडली मंडल अध्यक्ष इंद्र चौहान, नंद किशोर चौहान, धर्मवीर सरपंच, नाहर सिंह चौहान, जाटी कला सरपंच सतीश, भैरा बांकीपुर सरपंच जय राम शर्मा, खुरमपुर सरपंच नरेश, दहीसरा सरपंच धीर सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संतोष गुप्ता पुत्र शीशपाल गुप्ता, निवासी** ई-5/6, शर्मा कॉलोनी, बुध विहार, फेज-II, दिल्ली, ने **FIR No. 31635/2018, पुलिस स्टेशन दक्षिण रोहिणी, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संतोष गुप्ता** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संतोष गुप्ता** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 31635/2018, पुलिस स्टेशन दक्षिण रोहिणी, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **संतोष गुप्ता** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.03.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री गौरव कटारिया**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-07,**
**कमरा नं0-208, द्वितीय तल,**
**उत्तर-पश्चिम जिला, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/1939/RD/2025**
**(Court Matter)**

# प्रयास जूनियर विंग में वार्षिक समारोह में छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर।** प्रयास जूनियर विंग किशनपुरा में वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय प्रबंधक अमित बत्रा व संचालिका रुचिका बत्रा ने मुख्य अतिथि विधायक देवेंद्र कादियान व विशिष्ट अतिथि योगेश कौशिक, रमेश बत्रा, रविंद्र सरदाना, हरियाणा युनाइटेड स्कूल एसोसिएशन के ब्लाक प्रधान सुशील त्यागी, अंकित मल्होत्रा का स्वागत किया। छात्रों ने बालीवुड थीम, देशभक्ति नृत्य, योग, तायक्वोंडो, शास्त्रीय नृत्य, भांगड़ा और गंगा महिमा पर सुंदर प्रस्तुतियां दीं।





# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042

संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रुद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राइवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया**, दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

## बेदखली सूचना

मैं सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

मैं महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

मैं सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2, पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगे। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

# 'सामान ढोने वाले ठेले से ढोए शव': 44 वर्षों में नहीं देखी कभी ऐसी भीड़'

## आंखों देखी

**इस घटना के दौरान कई लोगों ने बेहोश लोगों को ट्रेन के अंदर और भीड़ से बाहर निकाला। सबसे ज्यादा स्टेशन पर मौजूद कुलियों ने लोगों की मदद की**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी की रात अफरा-तफरी मच गई, जिसमें अब तक 18 लोगों की मौत हो चुकी है। इस घटना के दौरान कई लोगों ने बेहोश लोगों को ट्रेन के अंदर और भीड़ से बाहर निकाला। सबसे ज्यादा स्टेशन पर मौजूद कुलियों ने लोगों की मदद की। प्रत्यक्षदर्शियों ने इस घटना को लेकर उस वक्त के माहौल को लेकर आंखों देखी सारी बात बताई। एक कुली ने बताया कि 44 सालों में मैंने कभी इतनी भीड़ नहीं देखी। दूसरे कुली ने कहा कि हमने हाथों पर शव ढोए।

**हमने शवों को एंबुलेंस तक पहुंचाया**

स्टेशन पर मौजूद कुली कृष्ण कुमार जोगी ने घटना के बारे में बताते हुए कहा कि प्रयागराज जाने वाली ट्रेन के आने पर भीड़ बढ़ गई थी। फुटओवर पर भारी भीड़ जमा हो गई थी। लोग इतने कसकर भरे हुए थे कि कई लोगों का दम घुटने लगा था। करीब 10 से 15 लोगों ने वहीं अपनी जान गंवा दी। आगे बताया कि मैंने पूरी घटना देखी। हमने शवों को प्लेटफॉर्म नंबर 14 और 15 से एंबुलेंस तक पहुंचाया। भीड़ में दबे लोगों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल थीं। जिन्हें भीड़ में सांस लेने में कठिनाई हो रही थी। वहीं दूसरी तरफ भगदड़ मामले पर उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) हिमांशु उपाध्याय ने कहा कि कुछ लोग जो फुटओवर ब्रिज से उतरकर प्लेटफॉर्म नंबर 14 और 15 की ओर सीढ़ियों से आ रहे थे, फिसलकर दूसरों पर गिर गए।

**हमने शवों को ठेलों पर लेकर गए: कुली बलराम**

वहीं कुली बलराम ने घटना के दृश्य को याद करते हुए बताया कि हम शवों को ठेले पर ले जा रहे थे, वहीं ठेले जो हम सामान के लिए इस्तेमाल करते हैं। कुली के तौर पर अपने 15 सालों में मैंने इतनी बड़ी भीड़ कभी नहीं देखी। एक अन्य कुली ने बताया कि बीती रात करीब 9:30 बजे जब प्रयागराज जाने वाली ट्रेन प्लेटफॉर्म पर थी, तब वहां भीड़ उमड़ पड़ी थी। उन्होंने कहा कि लोगों के जूते, चप्पल और अन्य सामान हर जगह बिखरे पड़े थे। हमने कई बच्चों और बुजुर्गों को इस अफरातफरी से बाहर निकाला।

**'44 साल में नहीं देखी ऐसी भीड़'**

रेलवे स्टेशन पर कुली का काम करने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि मैं 1981 से कुली का काम कर रहा हूं। लेकिन पहले कभी ऐसी भीड़ नहीं देखी थी। प्रयागराज स्पेशल को प्लेटफॉर्म नंबर 12 से रवाना होना था, लेकिन इसे प्लेटफॉर्म नंबर 16 पर शिफ्ट कर दिया गया। जब प्लेटफॉर्म 12 पर इंतजार कर रही भीड़ और बाहर से इंतजार कर रही भीड़ प्लेटफॉर्म 16 पर पहुंचने की कोशिश कर रही थी, तो लोग आपस में टकराने लगे और एस्केलेटर और सीढ़ियों पर गिरने लगे। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर बीती रात मची भगदड़ के बाद एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए वहां कोई नहीं था। इसी दौरान रेलवे की तरफ से घोषणा कर दी गई कि 12 नंबर प्लेटफॉर्म पर आने वाली ट्रेन 16 नंबर पर आ रही है। इसके बाद भीड़ दोनों तरफ से आ गई और भगदड़ हो गई।

**रेलवे ने किया मुआवजे का एलान**

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए भगदड़ मामले में मरने वालों की संख्या अब तक 18 हो गई है, जबकि एक दर्जन से अधिक लोग घायल हैं। रेलवे ने भगदड़ में मारे गए लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा कर दी है। वहीं गंभीर रूप से घायलों को 2.5 लाख रुपये और मामूली रूप से घायलों को 1 लाख रुपये दिए जाएंगे।






## लोगों के परिजनों के लिए मुआवजे का एलान





**सरकार ने नई** दिल्ली स्टेशन पर मची भगदड़ में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के लिए मुआवजे का एलान कर दिया है। रेलवे की ओर से मुआवजे का एलान किया गया है। रेलवे ने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये, हादसे में गंभीर रूप से घायलों को ढाई लाख रुपये और मामूली रूप से घायल लोगों को एक लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा।

**हादसे की जांच के लिए समिति का गठन**

रेलवे ने भगदड़ की जांच के लिए दो सदस्यीय समिति का गठन कर दिया है। इस समिति में नरसिंह देव पीसीसीएम/उत्तर रेलवे और पंकज गंगवार, पीसीएससी उत्तर रेलवे को शामिल किया गया है। जांच समिति ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के सभी वीडियो फुटेज को सुरक्षित करने का आदेश दिया है।

**हादसे पर राजनीति**

नई दिल्ली स्टेशन पर मची भगदड़ पर राजनीति भी शुरू हो गई है और रेल मंत्री के इस्तीफे की मांग उठ गई है। राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने कहा कि घटना दुखद है। रेलवे के कुप्रबंध के कारण इतने लोगों की जान गई है। रेल मंत्री को हादसे की जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देना चाहिए। रेल मंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और उन्हें हादसे के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रपति मुर्मू, उपराष्ट्रपति और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी समेत कई अन्य नेताओं ने हादसे पर दुख जताया है। राहुल गांधी ने भी हादसे के पीछे रेलवे की नाकामी को वजह बताया। उन्होंने कहा कि लोगों की भीड़ को देखते हुए सरकार और प्रशासन को बेहतर इंतजाम करने चाहिए थे।

**अभी क्या है नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर स्थिति**

भगदड़ के बाद नई दिल्ली स्टेशन पर फिलहाल हालात नियंत्रण में हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार, कई कारणों की वजह से रेल सेवाएं प्रभावित रहेगी। कुछ रेलगाड़ियों के मार्ग परिवर्तित किए गए हैं, जिनमें गाडी संख्या 15631, बाड़मेर -गुवाहाटी एक्सप्रेस रेलसेवा जो दिनांक 17.02.25 को बाड़मेर से प्रस्थान करेगी। अब वह कानपुर सेन्ट्रल-लखनऊ-बाराबंकी- गोरखपुर होकर संचालित होगी।

गाड़ी संख्या 14118, भिवानी-प्रयारागज एक्सप्रेस रेलसेवा जो दिनांक 16.02.25 को भिवानी से प्रस्थान करेगी, वह रेलसेवा प्रयागराज के स्थान पर कानपुर सेट्रल तक ही संचालित होगी।

गाड़ी संख्या 14117, प्रयारागज- भिवानी एक्सप्रेस रेलसेवा दिनांक 17.02.25 को प्रयागराज के स्थान पर अपने निर्धारित समय पर कानपुर सेट्रल से संचालित होगी।

**जो प्लेटफॉर्म 14 पर थे वो 16 को लेकर हुए कंफ्यूज**



नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अत्यधिक भीड़ के कारण शनिवार रात पहले अफरा-तफरी जैसे हालात दिखे। इसके बाद अचानक मची भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई। कई लोग घायल हुए हैं, जिनका अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। हादसे के बाद रेलवे ने इस मामले में उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए हैं। इस बीच दिल्ली पुलिस का बयान सामने आया है। पुलिस ने बताया कि लोगों में यह भ्रम 'प्रयागराज' से शुरू होने वाले एक ही नाम वाली ट्रेनों की घोषणा के कारण हुआ।

**जो यात्री प्लेटफॉर्म 14 पर थे उन्हें लगा 16 पर ट्रेन आ रही है**

प्रयागराज स्पेशल के प्लेटफॉर्म 16 पर आने की घोषणा से भ्रम की स्थिति पैदा हो गई, क्योंकि प्रयागराज एक्सप्रेस पहले से ही प्लेटफॉर्म 14 पर थी। जो लोग प्लेटफॉर्म 14 पर अपनी ट्रेन तक नहीं पहुंच पाए, उन्हें लगा कि उनकी ट्रेन प्लेटफॉर्म 16 पर आ रही है, जिसके कारण भगदड़ मच गई। इसके अलावा, प्रयागराज जाने वाली चार ट्रेनें थीं, जिनमें से तीन देरी से चल रही थीं, जिससे अप्रत्याशित रूप से भीड़भाड़ हो गई।

**एक यात्री के गिरने पर शुरू हुआ हादसा**

दिल्ली पुलिस का यह बयान उत्तर रेलवे द्वारा यह कहे जाने के बाद आया है कि प्लेटफार्म नहीं बदला गया था और प्लेटफार्म 14 और 15 के बीच फुटओवर ब्रिज पर एक यात्री गिर गया, जिससे उसके पीछे बैठे अन्य यात्री भी गिर गए, जिससे यह दुखद घटना हुई। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि यह दुखद घटना उस समय हुई जब प्लेटफॉर्म 14 और 15 के बीच फुट ओवरब्रिज पर एक यात्री फिसल गया, जिससे उसके पीछे बैठे अन्य यात्री भी गिर गए।

**नहीं किया गया था कोई बदलाव**

उपाध्याय ने इसे "सामान्य भीड़" बताते हुए कहा कि कोई भी ट्रेन रद्द नहीं की गई और न ही उनके समय में कोई बदलाव किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि महाकुंभ में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त विशेष ट्रेनें चलाई गईं और किसी भी प्लेटफॉर्म में कोई बदलाव नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि स्थिति नियंत्रण में है और रेल परिचालन सुचारू रूप से चल रहा है।

**अब तक 18 की मौत**

शनिवार को प्रयागराज में महाकुंभ मेले के लिए जा रहे यात्रियों की अचानक भीड़ के कारण मची भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों अन्य घायल हो गए। मरने वालों में नौ महिलाएं, पांच बच्चे और चार पुरुष शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, सबसे बड़ा मृतक 79 साल का था, जबकि सबसे छोटी सात साल की बच्ची थी।

**विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट अंतिम रिपोर्ट होगी**

डीसीपी रेलवे केपीएस मल्होत्रा ने बताया, 'आरपीएफ और दिल्ली पुलिस ने एक संयुक्त व्यवस्था की है। विशेष ट्रेनों के लिए गतिशील व्यवस्था की गई है। निकास बिंदुओं और फुटओवर ब्रिज दोनों पर व्यवस्था की गई है।

विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट अंतिम रिपोर्ट होगी, जो कल आएगी। हमारी भूमिका यह सुनिश्चित करना है कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।'

**'प्रयागराज स्पेशल प्लेटफॉर्म नंबर 16 से चलेगी'**

डीसीपी रेलवे केपीएस मल्होत्रा ने कहा कि फिलहाल प्रयागराज स्पेशल प्लेटफॉर्म नंबर 16 से चलेगी और उसके बाद वंदे भारत चलेगी। रेलवे को उस शो का प्रबंधन करने दीजिए, हम अपना काम करेंगे। हमारे पास यहां पर्याप्त तैनाती है।

**दिल्ली पुलिस ने शुरू की जांच**

दिल्ली पुलिस ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ की घटना की जांच शुरू कर दी है। जांच का नेतृत्व डीसीपी रैंक के अधिकारी कर रहे हैं। मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार, भगदड़ जैसी स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस मुख्यालय द्वारा छह अतिरिक्त कंपनियों की आपूर्ति की गई। इसकी जानकारी दिल्ली पुलिस ने दी है।

## अभी भी कई लोग ऐसे हैं, जिनकी अभी तक कोई सूचना नहीं



**टीम एक्शन इंडिया**


**नई दिल्ली:** दिल्ली स्टेशन पर मची भगदड़ में अभी भी कई लोग ऐसे हैं, जिनकी अभी तक कोई सूचना नहीं है कि वे किस हालत में हैं। बिहार के रहने वाले नदीम भी उन लोगों में शामिल हैं जिनके बारे में अभी तक कोई सूचना नहीं है कि वे कहां हैं और किस हालत में हैं। नदीम के भाई मुदीम ने बताया कि उनके भाई भी प्रयागराज ट्रेन से कानपुर जाने के लिए घर से निकले थे। दुर्घटना घटने के बाद से उनके बारे में कोई जानकारी नहीं है। वे कई अस्पतालों में जाकर अपने भाई की फोटो दिखाकर लोगों से उनके बारे में पूछताछ कर रहे हें, लेकिन उनका कहीं पता नहीं चल पा रहा है। मुदीम ने बताया कि उनके भाई जहां भी जाते थे, वे फोन कर परिवार के लोगों को इसकी जानकारी दे दिया करते थे, लेकिन कल शाम को हुई दुर्घटना के बाद से उनका कहीं कोई पता नहीं है। कल से अब तक उनका कोई फोन भी नहीं आया है। ऐसे में किसी अनहोनी को लेकर उनका पूरा परिवार चिंतित है और परिवार के लोगों की हालत खराब है। श्याम, सोनिया विहार के पहले पुस्ते के पास रहते हैं। एक दल के साथ उनकी भाभी प्रयागराज जाने के लिए घर से निकली थीं, लेकिन दुर्घटना के बाद उनके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। साथ के कुछ लोगों की आशंका है कि उनकी भाभी भी उस हादसे का शिकार हो गई हैं जिसमें 18 लोगों की मौत हो चुकी है, लेकिन उनकी फोटो दिखाने के बाद भी कोई अस्पताल प्रशासन या पुलिस उनके मौत के बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं दे पा रहा है। उनके परिवार के लोग उनके बारे में पता कर रहे हैं, लेकिन उनके विषय में कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है।

**पिता का सही तरीके से नहीं हो रहा इलाज...पीड़िता नीतू**

नीतू के पिता रामबहादुर राम मनोहर अस्पताल में भर्ती हैं, लेकिन उनका आरोप है कि पिता का सही तरीके से इलाज नहीं किया जा रहा है। नीतू का कहना है कि कल के हादसे में उनके पिता की नाक की हड्डी टूट गई है। वे पिता के इलाज के लिए यहां-वहां भटक रही हैं। लेकिन अस्पताल के लोग उनसे इस बात का सबूत मांग रहे हैं कि क्या उनके पिता भी कल ट्रेन से हुए हादसे में ही पीड़ित हुए थे। उन्होंने कहा कि उनके पास इस बात के सबूत हैं कि कल वे सब नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मौजूद थे, लेकिन कोई उनकी बात सुनने मानने के लिए तैयार नहीं है। उनका आरोप है कि उनके पिता का सही तरीके से इलाज नहीं हो पा रहा है।

राममनोहर लोहिया अस्पताल के सूत्रों के अनुसार, अस्पताल में करीब एक दर्जन पीड़ित भर्ती हैं और उन सबका इलाज चल रहा है। हालांकि, इस बात पर संतोष जाहिर किया गया है कि अब सभी भर्ती मरीज खतरे से बाहर हैं। कुछ अन्य अस्पतालों में भी कुछ पीड़ितों का इलाज चल रहा है। अस्पतालों के स्तर पर उन्हें हर संभव इलाज और मदद देने की कोशिश की जा रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने भी घायलों की जानकारी ली है और उनके इलाज की पूरी व्यवस्था करने का आश्वासन दिया है।

## यमुना को स्वच्छ और निर्मल बनाने का अभियान शुरू



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में यमुना को स्वच्छ और निर्मल बनाने का अभियान शुरू हो गया है। यमुना से रविवार को कचरा उठाने वाले स्किमर, खरपतवार काटने वाली मशीने और ड्रेज यूटिलिटी क्राफ्ट ने सफाई शुरू कर दी है। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कल मुख्य सचिव और एसीएस (आई एंड एफसी) से मुलाकात करके तुरंत यमुना की सफाई शुरू करने के लिए कहा था। दिल्ली विधानसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनसभाओं में यमुना को साफ करने का वादा किया था। उपराज्यपाल कार्यालय के अनुसार यमुना की सफाई के लिए चार सूत्रीय रणनीति बनाई गई है। सबसे पहले यमुना नदी की धारा में जमा कचरा, कूड़ा और गाद हटाया जाएगा। इसके बाद नजफगढ़ नाले, सप्लीमेंट्री नाले और अन्य सभी प्रमुख नालों में सफाई अभियान शुरू किया जाएगा। मौजूदा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की क्षमता और उत्पादन के संदर्भ में दैनिक निगरानी रखी जाएगी। इसके बाद करीब 400 एमजीडी सीवर के उपचार की वास्तविक कमी को पूरा करने के लिए नालों आदि पर नए एसटीपी/डीएसटीपी के निर्माण के संदर्भ में एक समयबद्ध योजना बनाई जाएगी और उसे शुरू किया जाएगा। लगभग तीन वर्षों में यमुना को साफ करने का लक्ष्य रखने वाली इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन के लिए विभिन्न एजेंसियों और विभागों के बीच निर्बाध समन्वय की आवश्यकता होगी। इसमें डीजेबी, आईएंडएफसी, एमसीडी, पर्यावरण विभाग, पीडब्ल्यूडी और डीडीए शामिल हैं। उपर्युक्त कार्यों की निगरानी साप्ताहिक आधार पर उच्चतम स्तर पर की जाएगी।, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) को शहर में औद्योगिक इकाइयों द्वारा नालों में अनुपचारित अपशिष्ट के निर्वहन पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया।

## दिल्ली भाजपा ने किए राजनीतिक आयोजन स्थगित



**दुख में साथ**

**दिल्ली भाजपा दुखद घटना के पीड़ित लोगों की सहायतार्थ हर संभव प्रयास करेगी: सचदेवा**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात भगदड़ की दुखद घटना के बाद दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, सांसदगण एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं ने 16 फरवरी के सभी राजनीतिक आयोजन स्थगित कर दिए हैं। दिल्ली भाजपा दुखद घटना के पीड़ित लोगों की सहायतार्थ हर संभव प्रयास करेगी। प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने भगदड़ में घायल हुए लोगों से एलएनजेपी अस्पताल में मुलाकात करके उनका हाल जाना। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं जताई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने डाक्टरों एवं अधिकारियों से बात की है और उचित निर्देश दिए हैं। प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के मुताबिक, दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव ने कुछ अलग-अलग अस्पतालों में बड़ा मेडिकल दल ड्यूटी पर लगा दिया है। रेलवे ने प्रयागराज के लिए तीन विशेष ट्रेन चला दी हैं। उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना से मन व्यथित है। इस हादसे में जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ मिले।

भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता ने एक्स पर पोस्ट करके लिखा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ और लोगों की दुर्भाग्यपूर्ण हानि से बहुत दुखी हूं।

जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई उनके परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना।

## 'जनजातीय विरासत को प्रस्तुत और प्रोत्साहित करने में प्रमुख है आदि महोत्सव का आयोजन'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी** मुर्मु ने रविवार को कहा कि आदि महोत्सव जनजातीय विरासत को प्रस्तुत करने और उसे प्रोत्साहित करने का एक प्रमुख आयोजन है। ऐसे उत्सव, जनजातीय समाज के उद्यमियों, शिल्पकारों और कलाकारों को बाजार से जुड़ने का बहुत अच्छा अवसर प्रदान करते हैं। जनजातीय मामलों के मंत्रालय के तहत भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड) 16-24 फरवरी तक मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम नई दिल्ली में प्रतिष्ठित आदि महोत्सव 2025 का शुभारंभ हो गया। राष्ट्रपति मुर्मु आज मुख्य अतिथि के रूप में इस महोत्सव के उद्घाटन समारोह में शामिल हुईं। कार्यक्रम में जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम भी मौजूद रहे। इस महोत्सव में 600 से अधिक आदिवासी कारीगर, 500 प्रदर्शनकारी कलाकार भाग ले रहे है। इस मौके पर 25 आदिवासी खाद्य स्टॉल भी लगाए गए हैं।

यहां 30 से अधिक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विविध परंपराओं का प्रतिनिधित्व भी है। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि जनजातीय समाज की शिल्प-कलाएं, खान-पान, वस्त्र और आभूषण, चिकित्सा पद्धतियां, घरेलू उपकरण तथा खेल-कूद हमारे देश की अनमोल धरोहर हैं।

## आप ने भगदड़ को लेकर सरकार पर किया हमला

**नई दिल्ली। आम** आदमी पार्टी (आआपा) के नेता और सांसद संजय सिंह ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ को भाजपा सरकार और रेलमंत्री पर हमला किया। उन्होंने कहा कि हर बार हादसे के बाद भाजपा सरकार लीपापोती करने में लग जाती है। उन्होंने सवाल किया कि आखिर कब सरकार और रेलमंत्री की जवाबदेही तय होगी। संजय सिंह ने कहा कि देश में जब भी ऐसी कोई घटना होती है, तो भाजपा सरकार की पहली प्रतिक्रिया घटना को दबाने की होती है। इतने सारे लोगों की जान चली गई, फिर भी मौतों की संख्या को कम करके आंक रहे हैं।

## भारत को विकसित बनाने में कपड़ा क्षेत्र का भी होगा बड़ा योगदान: प्रधानमंत्री



**उत्पादकता**

**इस आयोजन से कपड़ा क्षेत्र सेक्टर में निवेश, निर्यात और क्षेत्र के सम्पूर्ण विकास को बढ़ावा मिल रहा**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था में सदियों से कपड़ा उद्योग की बड़ी भूमिका रही है। वर्तमान में भारत को विकसित बनाने में भी कपड़ा क्षेत्र का बड़ा योगदान रहने वाला है। भारत टेक्स जैसे आयोजन इस क्षेत्र में भारत की स्थिति को मजबूत बना रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित भारत टेक्स-2025 कार्यक्रम को संबोधित कर थे। वैश्विक स्तर का आयोजन 14 से शुरू हुआ था और 17 फरवरी तक चलेगा। भारत टेक्स में 120 से अधिक देश भाग ले रहे हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया का छठा सबसे बड़ा कपड़ा और परिधान निर्यातक देश है। भारत का निर्यात 3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। अब हमारा लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक हम इसे 9 लाख करोड़ रुपये तक लेकर जाएं। भारत के कपड़ा क्षेत्र की समस्याओं का समाधान और संभावनाओं का सृजन हमारा संकल्प है। इसके लिए हम दूरदर्शी और लम्बे कालखंड के नवाचार पर काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अगले कुछ वर्षों में भारत की कपड़ा रिसाइक्लिंग बाजार 40 करोड़ डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। वैश्विक रिसाइक्लिंग बाजार करीब 7.5 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। अगर हम सही दिशा में आगे बढ़ें, तो भारत इसमें और बड़ा शेयर हासिल कर सकता है। इस सफलता के पीछे पूरे एक दशक की मेहनत और निरंतर नीति को श्रेय देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में हमारे कपड़ा क्षेत्र में विदेशी निवेश दोगुना हुआ है। कपड़ा देश में सबसे ज्यादा रोजगार के अवसर देने वाली उद्योगों में से एक है। भारत की उत्पादकता में क्षेत्र 11 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। इस बार बजट में भी हमने मिशन मैन्युफैक्चरिंग पर बल दिया है। क्षेत्र में निवेश और विकास का लाभ करोड़ों कपड़ा क्षेत्र के कामगारों को मिल रहा है। मोदी ने कहा कि भारत टेक्स अब एक मेगा ग्लोबल टेक्सटाइल इवेंट बन रहा है। इस आयोजन से कपड़ा क्षेत्र सेक्टर में निवेश, निर्यात और क्षेत्र के सम्पूर्ण विकास को जबरदस्त बढ़ावा मिल रहा है। भारत टेक्स विश्व स्तर पर नीति निमार्ताओं, सीईओ और उद्योग के नेताओं के बीच सगाई, सहयोग और साझेदारी के लिए एक मजबूत मंच बन रहा है।

# कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कृषि दर्शन प्रदर्शनी में उड़ाकर देखा ड्रोन



**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** हरियाणा के कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने उत्तरी क्षेत्र फार्म मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान, हिसार में चल रहे तीन दिवसीय कृषि दर्शन प्रदर्शनी का भ्रमण कर नई व आधुनिक कृषि तकनीकों का अवलोकन किया तथा किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे खेती में उन्नत तकनीकों का समावेश कर उत्पादन क्षमता बढ़ाएं। श्याम सिंह राणा ने आज उत्तरी क्षेत्र फार्म मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान, हिसार में चल रहे तीन दिवसीय कृषि दर्शन प्रदर्शनी के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। कृषि मंत्री ने कहा कि यह प्रदर्शनी हरियाणा सरकार के कृषि मशीनीकरण अभियान को नई गति देने और किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने का एक सफल प्रयास है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा देश का पहला राज्य है, जहां सभी फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जा रही हैं। इससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल रहा है और कृषि क्षेत्र में नई क्रांति का संचार हो रहा है। प्रदर्शनी के दौरान कृषि मंत्री ने हवा में ड्रोन को उड़ाकर उसकी कार्यप्रणाली को समझा। उन्होंने कहा कि ड्रोन तकनीक से किसानों को कीटनाशकों एवं उर्वरकों का छिड़काव करने में सहायता मिलेगी, जिससे उत्पादन लागत में कमी आएगी और समय की बचत होगी। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे ड्रोन जैसी अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाकर खेती को अधिक लाभदायक बनाएं। कृषि मंत्री ने

**जानकारी**

**कार्यक्रम में उपस्थित विशेषज्ञों ने किसानों को नई कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी**

प्रदर्शनी में विभिन्न आधुनिक कृषि उपकरणों और मशीनों का निरीक्षण किया। उन्होंने ट्रैक्टर पर बैठकर उसकी विशेषताओं को परखा और सोलर पंप का मुआयना किया। उन्होंने कहा कि सोलर पंप तकनीक किसानों के लिए ऊर्जा की बचत करने और सिंचाई व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने में मददगार साबित होगी। कृषि मंत्री ने किसानों से आह्वान किया कि वे उन्नत बीजों, जैविक खेती और नई तकनीकों का उपयोग करें तथा राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि सरकार किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है, जिनमें अनुदान आधारित उपकरण, फसल बीमा योजना, जैविक खेती को बढ़ावा देने की योजनाएं शामिल हैं। कार्यक्रम में उपस्थित विशेषज्ञों ने किसानों को नई कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी और उन्हें आधुनिक खेती के फायदे बताए।
इस अवसर पर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज, टीटीसी निदेशक मुकेश जैन, कृषि विभाग के उपनिदेशक राजबीर सिंह, सहित अनेक कृषि वैज्ञानिक, विशेषज्ञ और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# 19 को 31वीं राज्य सलाहकार समिति की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (ऌएफ्ऋ) 19 फरवरी को अपनी 31वीं राज्य सलाहकार समिति की बैठक आयोजित करेगा। इस बैठक की अध्यक्षता के चेयरमैन नन्द लाल शर्मा करेंगे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य नए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बिजली टैरिफ को अंतिम रूप देना है। बैठक में बिजली वितरण कंपनियों की वित्तीय स्थिरता, उपभोक्ता हितों की सुरक्षा और हरियाणा के बिजली क्षेत्र में सुधारों पर चर्चा की जाएगी। राज्य सलाहकार समिति), जिसका गठन विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 87 और 88 के तहत किया गया है, सेवा की गुणवत्ता, उपभोक्ता अधिकार और वितरण कंपनियों के प्रदर्शन जैसे नीतिगत मामलों पर सलाह देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, 21 सदस्यीय समिति में उद्योग, कृषि, गैर-सरकारी संगठन, शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधि और उत्तर

**अध्यक्षता**

**सलाहकार समिति की बैठक आयोजित करेगा। इस बैठक की अध्यक्षता के चेयरमैन नन्द लाल शर्मा करेंगे**

हरियाणा बिजली वितरण निगम तथा दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक शामिल हैं। 15 जनवरी को प्रस्तावित बिजली टैरिफ पर एक सार्वजनिक सुनवाई आयोजित की थी, जिसमें उपभोक्ताओं और हितधारकों से फीडबैक लिया गया। इसके बाद, बिजली वितरण कंपनियों ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कुल राजस्व आवश्यकता (अफ्ऋ) ?45,978.93 करोड़ की मांग की है। हालांकि, आयोग ने उन्हें ?4,520.24 करोड़ के राजस्व घाटे को पाटने के लिए एक ठोस कार्य योजना प्रस्तुत करने को कहा हुआ है। बैठक में तकनीकी और वाणिज्यिक हानि को कम करने, स्मार्ट मीटरिंग को बढ़ावा देने और उपभोक्ता शिकायत निवारण के लिए आईटी-आधारित समाधानों पर चर्चा होगी। इसके अलावा, हरियाणा के थर्मल पावर प्लांट्स की दक्षता की समीक्षा की जाएगी, ताकि उनके प्रदर्शन में सुधार के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना (केंद्रीय सौर छत योजना) के तहत हुई प्रगति का मूल्यांकन किया जाएगा, ताकि राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को तेजी से बढ़ाया जा सके।
चेयरमैन नन्द लाल शर्मा, जिन्होंने 2 फरवरी, 2024 को पदभार संभाला, ने बिजली क्षेत्र में पारदर्शिता और उपभोक्ता-केंद्रित नीतियों पर जोर दिया हुआ है, विद्युत क्षेत्र के व्यपक अनुभव के चलते अध्यक्ष नन्द लाल शर्मा तकनीकी नवाचार, वित्तीय स्थिरता और उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा के लिए प्रयासरत हैं।

## न्यूज फ्लैश

### देश के लिए नायाब हीरे तैयार करने वाली संस्था पर हर किसी को गर्व : ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि देश का गौरव बढ़ाने वाले शिक्षण संस्थान को सिंचित करने के लिए हम सबको आगे आना होगा। जिस संस्थान ने खेल क्षेत्र में देश को नायाब हीरे तैयार करके दिये, उस संस्था को चलाने वालो को सहयोग देने के लिए शिक्षा विभाग हमेशा तत्पर रहेगा। क्योंकि सेना में जवान और खेल क्षेत्र में युवाओं का जज्बा हरियाणा की पहचान बना हुआ है। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा रविवार को खेल गांव निडानी में भरत सिंह मेमोरियल एजुकेशन सोसाइटी द्वारा आयोजित वार्षिक खेल प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। समारोह में संस्था के संरक्षक एवं हरियाणा के पूर्व डीजीपी डा. एमएस मलिक, संस्था चेयरपर्सन कृष्णा मलिक ने मुख्यातिथि और सम्मानित अतिथियों को सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट किए। पूर्व डीजीपी डा. महेन्द्र सिंह मलिक ने कहा कि युवाओं का भविष्य शिक्षा और खेल क्षेत्र में संवर सके, इसके लिए किसी समय जो छोटा सा पौधा लगाया था। आज वह वट वृक्ष बनकर समाज और देश को सम्मान स्वरूप गौरव बढ़ाने के फल दे रहा है। यह ना केवल निडानी अपितु हर हरियाणावासी के लिए गर्व की बात है। समारोह में अर्जुन अवार्डी डीएसपी गीता जाखड़, राकेश गोयल सहित अन्य शिक्षाविदों ने सम्मानित अतिथि के तौर पर भाग लिया। इस दौरान जींद एसडीएम सत्यवान मान, भाजपा जिलाध्यक्ष तिजेंद्र ढुल, गौरव भारद्वाज, आंनद लाठर, प्रधानाचार्य ओमबीर जागलानए, प्रधानाचार्या पूनम श्योराण, अंतराष्ट्रीय कबड्डी खिलाडी नरेश मलिक आदि मौजूद थे। शिक्षा मंत्री की मौजूदगी में छात्र खिलाड़ियों के बीच खेल प्रतियोगिता भी हुई। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि हरियाणा के बीच स्थित इस छोटे से गांव की धरा पर गर्व की जो गाथाएं लिखी जा रही हैं, वह अपने आप में मिसाल है। उन्होंने कहा कि अनुशासन और संयम बड़ी ताकत होते है। इसलिए जब भी खिलाड़ी मैदान में उतरे उनकों हमेशा धैर्य और अनुशासन में रहना चाहिए। ऐसे खिलाडि?ों को हमेशा सफलता मिलती है। शिक्षा मंत्री ने इस दौरान संस्था को 21 लाख का अनुदान देने की घोषणा करने के साथ कहा कि छात्रों की सुविधा के लिए इस संस्था का पैरवीकार बन कर सरकार से नजरे इनायत करवाने का काम करूगां।

### रेलवे प्रशासन की गंभीर लापरवाही और सरकार की असंवेदनशीलता को उजागर करता है दिल्ली हादसा: कुमारी सैलजा

**टीम एक्शनन इंडिया**
**चंडीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की घटना अत्यंत दुखद और चिंताजनक है। इस हादसे में 18 लोगों की मृत्यु और कई अन्य घायल हुए हैं। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं, और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूँ। कुमारी सैलजा ने कहा कि यह घटना रेलवे प्रशासन की गंभीर लापरवाही और सरकार की असंवेदनशीलता को उजागर करती है। प्रयागराज महाकुंभ के लिए यात्रियों की भारी भीड़ की संभावना के बावजूद, स्टेशन पर उचित प्रबंधों का अभाव स्पष्ट है। सरकार और प्रशासन को सुनिश्चित करना चाहिए कि भविष्य में ऐसी घटनाएँ न हों, और यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि हो। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि शनिवार शाम से ही स्टेशन पर भीड़ लगातार बढ़ रही थी मगर वहां पर न तो रेलवे की तरफ से और न ही रेलवे पुलिस की तरफ से सुरक्षा के कोई इंतजाम किए गए थे। इन प्लेटफार्म पर इक्का-दुक्का ही पुलिस वाले नजर आ रहे थे, जबकि जिस तरह से भीड़ वहां बढ़ रही थी तो हर प्लेटफार्म पर कम से कम 30 से 40 पुलिसकर्मी तैनात होने चाहिए थे, वहीं रेलवे के कर्मचारी भी नदारद थे। कुमारी सैलजा ने कहा कि रेलवे के पास पर्याप्त इंतजाम नहीं थे बावजूद इसके धडाधड़ टिकट काटे जा रहे थे। ट्रेन में इतने यात्री बैठने की सुविधा नहीं थी उससे दुगने टिकट काटे गए जिसके कारण ही स्टेशन पर भीड़ का दवाब बना। कुमारी सैलजा ने कहा कि सवाल यह उठता है कि रेलवे विभाग और रेलवे पुलिस को यह जानकारी कैसे नहीं हो सकी कि रेलवे स्टेशन पर अत्यधिक भीड़ हो चुकी है। लापरवाही का आलम यह भी रहा कि जो लोग इस घटना में घायल हुए थे, उनको अस्पताल पहुंचने में भी काफी देरी हुई, क्योंकि रेलवे स्टेशन पर केवल एक ही एंबुलेंस उपलब्ध थी जबकि इस माहौल में वहां पर एंबुलेंस की संख्या नहीं बढ़ाई गई।

# लोकतंत्र को कायम रखने के लिए न्यायिक सत्यनिष्ठा है जरूरी- न्यायमूर्ति सूर्यकांत

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** हरियाणा के प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारियों के लिए एक वर्षीय प्रेरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ आज चंडीगढ़ न्यायिक अकादमी में किया गया। अकादमी में हरियाणा के 110 अधिकारियों का एक बैच अपना एक साल का प्रेरण प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करेगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश सूर्यकांत ने की और उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि एक निष्पक्ष कानूनी प्रणाली के आधार के रूप में न्यायिक सत्यानिष्ठा और पारदर्शिता जरूरी है। उन्होंने युवा कानूनी पेशेवरों को संविधान और कानून के शासन को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करते हुए टिप्पणी की, "न्यायिक अखंडता केवल एक गुण नहीं है, बल्कि लोकतंत्र के अस्तित्व के लिए एक आवश्यकता है," विशेष रूप से तेजी से तकनीकी प्रगति के युग में।
न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि कानूनी प्रणाली की बेहतरी के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने विशेष रूप से हाशिए पर रहने वाले समुदायों के लिए सुलभ न्याय की महत्वपूर्ण आवश्यकता को रेखांकित किया और न्यायिक कार्यवाही में क्षेत्रीय बोलियों को शामिल करने का आग्रह किया।
उन्होंने भारत में भाषाओं की विविधता को पहचानते हुए कहा कि क्षेत्रीय बोलियों को अपनाकर हम कानून को आम आदमी के



लिए अधिक सुलभ और भरोसेमंद बनाते हैं। कानूनी बिरादरी के अथक प्रयासों को स्वीकार करते हुए न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने निष्पक्ष और त्वरित सुनवाई सुनिश्चित करने के लिए उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने कहा कि कानूनी पेशा एक महान पेशा है और इसकी ताकत न्याय के प्रति इसके अटूट समर्पण में निहित है। उन्होंने न्यायपालिका को मजबूत करने के लिए आवश्यक तीन महत्वपूर्ण तथ्यों को रेखांकित किया है, जिनमें तकनीकी उपकरणों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए कानूनी पेशेवरों के बीच डिजिटल साक्षरता की आवश्यकता, वंचित वर्गों की सेवा करने और कानूनी पहुंच में

**पारदर्शिता**

**एक निष्पक्ष कानूनी प्रणाली के आधार के रूप में न्यायिक सत्यानिष्ठा और पारदर्शिता जरूरी**

अंतर को पाटने के लिए प्रो-बोनो सेवाओं का महत्व और एक संतुलित और उचित दृष्टिकोण बनाए रखने के लिए कानूनी पेशे से जुड़े लोगों के लिए मानसिक कल्याण का महत्व शामिल है। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश-सह-चंडीगढ़ न्यायिक अकादमी के संरक्षक-प्रमुख माननीय न्यायमूर्ति शील नागू ने न्यायाधीश होने के साथ जिम्मेदारी को रेखांकित करते हुए नए शामिल न्यायाधीशों और उनके परिवारों को बधाई दी। उन्होंने निष्पक्षता, सत्यनिष्ठा और आचरण के उच्चतम मानकों को बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। न्यायमूर्ति नागू ने न्यायाधीशों को अपने कर्तव्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए शारीरिक और मानसिक कल्याण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने शामिल लोगों को अपने ज्ञान को बढ़ाने और न्यायपालिका में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रशिक्षण के दौरान प्रश्न पूछने के लिए प्रोत्साहित किया। की पुस्तक माई जर्नी का विमोचन माननीय न्यायमूर्ति सूर्यकांत द्वारा किया गया।

# अमेरिका ने फिर हथकड़ी बेड़ी में भेजे 116 ओर भारतीय

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अमरीका पहले की नीति पर चलते हुए ट्रंप प्रशासन ने अवैध रूप से रह रहे 116में अवैध तरीके से रह रहे 116 और भारतीयों को जबरन भारत भेज दिया । अमेरिकी वायु सेना का विमान ग्लोबमास्टर शनिवार देर रात 11.30 बजे अमृतसर एयरपोर्ट पर पहुंचा।पंजाब सरकार के दो मंत्री पंजाबियों का हाल जानने पहुंचे लेकिन हरियाणा सरकार ने अपने नागरिकों की कोई सुध नहीं ली।

**भारत भेजा**

**विमान ग्लोबमास्टर शनिवार देर रात 11.30 बजे अमृतसर एयरपोर्ट पर पहुंचा**

महिलाओं-बच्चों को छोड़कर सभी पुरुषों को हाथों में हथकड़ियां और पैरों में बेड़ियां डालकर विमान में बैठाया गया था। एयरपोर्ट पर ही उनके परिवार से मुलाकात कराई गई। करीब 5 घंटे के सत्यापन के बाद पुलिस की गाड़ियों में सभी को घर छोड़ा गया। इस दौरान किसी को भी मीडिया से बातचीत नहीं करने दी गई।
इससे पहले 5 फरवरी को 104 अप्रवासी भारतीयों को जबरन अमृतसर एयरपोर्ट पर उतारा गया था। इनमें बच्चों को छोड़कर महिलाओं-पुरुषों को हथकड़ियों और बेड़ियों में जकड़कर लाया गया था। इस तरह अब तक 220 अवैध अप्रवासी भारतीयों को भारत भेजा जा चुका है। तीसरा बैच रविवार रात 10 बजे भेजा जाना है। इसमें 157 अप्रवासी भारतीय होंगे।

# 'प्रदेश में अब योग्यता ही नौकरी का पैमाना, जो पढ़ेंगे वही आगे बढ़ेंगे'

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** - हरियाणा के लोक निर्माण, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि सरकार ने पिछड़े व अनुसूचित जाति के वंचित वर्गों को सम्मान देने का कार्य किया है। वो चाहे आरक्षण का प्रावधान करने की बात हो या फिर ईमानदारी से नौकरी देने की बात हो। सरकार ने स्पष्ट संदेश दिया है कि जो युवा पढ़ेंगे वही आगे बढ़ेंगे। रणबीर गंगवा आज झज्जर में प्रजापति समाज द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे।

# आर्ट एंड कल्चरल गैलरी में पत्थरों को अपने हुनर से मूर्ति का रूप दे रहे प्रतिभागी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** 38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले की आर्ट एंड कल्चरल गैलरी में युवाओं को मूर्तिकला में निपुण बनाने के उद्देश्य से प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। 21 फरवरी तक आयोजित होने वाली मूर्तिशिल्प प्रतियोगिता में युवा मूर्तिकार पत्थरों को अपने हुनर से मूर्ति का रूप देने के लिए कार्य कर रहे हैं। इस स्पर्धा में 20 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा के महानिदेशक श्री के.एम. पांडूरंग के मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त निदेशक श्री विवेक कालिया के निर्देशन में मूर्ति शिल्पकला प्रतियोगिता का आयोजन कर युवा मूर्तिकारों की प्रतिभा को और अधिक निखारने का कार्य किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के साथ-साथ मेले का भ्रमण करने आए पर्यटक भी काफी रुचि लेकर मूर्ति बनाने की कला को सीख रहे हैं। उन्होंने बताया कि 24 कैरेट तांबा में हरियाणा की धरती पर उकेरी जा रही मूर्तियां साबित कर रही हैं कि कला ही कल्याण की जननी है। इन मूर्तियों को बनाने में कलाकार गेरू, गोंद, सरसों का तेल व तांबे का प्रयोग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सूरजकुंड की धरा पर बनाई जा रहीं यह मूर्तियां लंबे समय तक चमकेंगी।

**मूर्तिकला**

**कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग की ओर से 21 फरवरी तक आयोजित की जा रही मूर्तिकला**

**अपने-अपने देशों की संस्कृति और विरासत को सूरजकुंड के मंच से साझा कर रहे कलाकार**
पर्यटन निगम के साथ ही कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा की ओर से मुख्य चौपाल पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देश के साथ-साथ विश्वभर के कलाकार अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियों से पर्यटकों का मन जीत रहे हैं। सूरजकुंड मेला न केवल हस्तशिल्प और कला का मंच है, बल्कि विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों और मनोरंजन गतिविधियों का भी केंद्र है, जो इसे एक समृद्ध सांस्कृतिक अनुभव बनाते हैं। बड़ी चौपाल पर पश्चिम अफ्रीका के देश गिनी कोनाक्री के लोक कलाकारों ने रिद्म ऑफ काकांडे नृत्य की प्रस्तुति पेश की तो वहीं जिम्बाब्वे के कलाकारों ने अपने देश के पारंपरिक नृत्य का जलवा बिखेरा।
वहीं मेडागास्कर देश से आए उनके मुख्य बैंड मालागासी की बीट पर दर्शकों को खूब नचाया।

# पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं गोवा के नारियल शिल्प से बने उत्पाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेला 2025 में थीम स्टेट ओडिशा व मध्यप्रदेश के साथ ही गोवा के शिल्पकार भी मेला में अपनी अदभुत शिल्प कला से पर्यटकों को रूबरू कराने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। आज कौशल विकास को चलते हस्तशिल्प के क्षेत्र में भी काफी रचनात्मक संभावनाए हैं। इन्हीं संभावनाओं को वास्तविकता में बदलने का कार्य कर रहे हैं गोवा के पारा क्षेत्र में रहने वाले प्रसिद्ध नारियल शिल्प कलाकार विजयदत्ता लौटलीकार। वह न केवल नारियल के खोल (शेल) से कई अनोखी और आकर्षक वस्तुए तैयार कर रहे हैं, बल्कि इस प्राचीन भारतीय कला को एक नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए सतत प्रयासरत हैं। इस कला को अंतरराष्ट्रीय स्तर प्रसिद्धि दिलाने के उद्देश्य से उन्होंने "नारियल शिल्प की कला" नामक पुस्तक भी लिखी है, जिसमें उन्होंने इस कला के इतिहास, तकनीक, उपयोगिता और इसकी संभावनाओं पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए युवा पीढ़ी को हुनरमंद बनाने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है।

**हरियाणा सरकार की कार्यशैली की सराहनीय**
विजय दत्ता ने हरियाणा सरकार द्वारा सूरजकुंड मेला में पर्यटन विभाग द्वारा कला एवं संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए शिल्पकारों को बेहतरीन प्लेटफार्म दिया है,इसके लिए वे हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी और विरासत एवं पर्यटन मंत्री डा. अरविंद शर्मा का धन्यवाद किया है। उन्होंने हरियाणा सरकार की ओर से सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में निभाई जा रही जिम्मेदारी पर सरकार की कार्यशैली की जमकर सराहना की। विजय दत्ता ने बताया कि उनके स्टॉल पर हर आगन्तुक की नजर रहती है।
नारियल उत्पाद न केवल सुंदरता और रचनात्मकता के अद्भुत उदाहरण हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का भी प्रतीक हैं।

# अंतरराष्ट्रीय शिल्प महाकुंभ की महा स्टेज पर रही पंजाबी गीतों की धूम

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** 38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में गत सायं सांस्कृतिक संध्या में पंजाबी गायकी से पूरा सूरजकुंड झूम उठा। पंजाब के विख्यात गायक गुरताज ने एक से बढ़कर एक बेहतरीन पंजाबी गीतों की प्रस्तुति से पंडाल में मौजूद सभी दर्शकों में जोश भर दिया। केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने गत सायं 38वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। उन्होंने कहा कि सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला पूरे विश्व में अपनी पहचान बना चुका है। इस मेले से देश-विदेशों के शिल्पकारों को अपना हुनर प्रदर्शित करने का मौका मिल रहा है। इसके अलावा, अनेकता में एकता की मिसाल बना यह मेला विश्वभर के कलाकारों द्वारा दी जा रही सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से भी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन चुका है। कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी भी देशभर के शिल्पकारों को आर्थिक तौर पर समृद्ध बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं। वहीं हरियाणा सरकार भी मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में बिना भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य के पथ पर अग्रसर हो रही है। मेले में सांस्कृतिक संध्या में गुरताज की पंजाबी म्यूजिक बीट पर पंडाल में उपस्थित युवा देर रात तक झूमते रहे। उन्होंने एक से एक बढ़कर पंजाबी गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दी। मित्रा दे नाल धोखा नहीं कमाई दा, असी मरगै नी ओए-ओए, मित्रां दा ना चलदा, कोका तेरा कुछ-कुछ कहेंदा नी कोका और गुड़ नाल ईश्क मिठा ओए होए रब्बा लग ना किसी नू जावे आदि मन मोहक पंजाबी गीतों पर पर्यटक देर रात तक थिरकते रहे। सांस्कृतिक संध्या में पंजाबी सिंगर गुरताज ने सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय मेला में आमंत्रित करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी और पर्यटन मंत्री डा. अरविंद कुमार शर्मा का आभार व्यक्त किया।
उन्होंने कहा कि इस मंच के माध्यम से आज वे गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं कि हरियाणा सरकार भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार में अपनी अतुलनीय भूमिका निभाते हुए देश दुनिया तक सकारात्मक संदेश दे रही है।

# 2 लाख नौकरियां देना तो दूर, सीईटी तक नहीं करवा पा रही भाजपा सरकार- हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि पक्की नौकरी देना तो दूर, बीजेपी इतने साल में सीईटी तक नहीं करवा पा रही है। सीईटी के नाम पर भाजपा ने युवाओं का घनचक्कर बना रखा है। 2 लाख पक्की नौकरियां देने का वादा करके सत्ता में आई बीजेपी अभी तक सीईटी के नियम और तारीख तक तय नहीं कर पाई। हुड्डा ने कहा कि भाजपा अपनी चिर-परिचित नीति के तहत बेरोजगारों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। भर्तियों के इंतजार में ओवर ऐज हो रहे लाखों बेरोजगार युवा लगातार सीईटी और नई भर्तियों का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन हमेशा की तरह सरकार द्वारा तारीख पर तारीख दी जा रही



है। इस मौके पर जारी बयान में उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले बीजेपी ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लगे सभी 1.20 लाख कर्मचारियों को पक्का करने का ऐलान किया था। इतना ही नहीं बीजेपी ने चुनाव के दौरान कांग्रेस के खिलाफ झूठ भी फलाया। उसने झूठ बोला कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो कौशल निगम को खत्म करके सभी कच्चे कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया जाएगा। जबकि सच्चाई यह है कि कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में सभी कौशल कर्मियों को नियमित करने और उचित वेतन बढ़ोतरी का वादा किया था। लेकिन चुनाव के बाद बीजेपी के झूठ की सच्चाई सबके

**साधा निशाना**

**नौकरियां देने का वादा करके सत्ता में आई बीजेपी अभी तक सीईटी के नियम और तारीख तक तय नहीं कर पाई**

सामने आ गई। अपने ही वादे से मुकरते हुए बीजेपी ने सरकार बनते ही कौशल निगम कर्मियों को नौकरी से निकालना शुरू कर दिया। एक-एक करके हर विभाग से सरकार ने कौशल निगम कर्मियों की छटनी शुरू कर दी है। इतना ही नहीं कौशल कर्मियों को पक्का करने के नियम को बीजेपी हाई कोर्ट में भी डिफेंड नहीं कर पाई और हाई कोर्ट ने भाजपा द्वारा बनाए गए नियमों को अनुचित करार दे दिया।
इसके चलते तमाम कच्चे कर्मचारियों पर नौकरी जाने की तलवार लटकी हुई है। कच्ची नौकरी और न्यूनतम वेतन के सहारे गुजर-बसर कर रहे कर्मियों के सामने अब रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। यानी एक-एक करके बीजेपी अपने सभी चुनावी वादों से मुकर रही है और एक-एक करके सभी वर्गों को अपने निशाने पर ले रही है। इससे स्पष्ट है कि बीजेपी सिर्फ चुनाव जीतने के लिए झूठे वादे करती है, उसे असल में जनसरोकार से कोई वास्ता नहीं है। बीजेपी की करगुजारियों का खामियाजा हरियाणा की आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

# निगम चुनाव : भाजपा-कांग्रेस में कड़ी टक्कर, सात साल बाद दोनों प्रत्याशी आमने-सामने

## भाजपा ने पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता और कांग्रेस ने पूर्व डिप्टी मेयर मनोज वधवा को मैदान में उतारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** करनाल में होने वाले नगर निगम चुनाव के लिए भाजपा और कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार उतारे हैं। भाजपा ने पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता और कांग्रेस ने पूर्व डिप्टी मेयर मनोज वधवा को मैदान में उतारा हैए जो लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा छोडकर कांग्रेस में शामिल हुए थे। दोनों ही पार्टियों ने राजनीतिक और जातिगत समीकरणों को साधते हुए अपने उम्मीदवार उतारे हैं। करनाल में सबसे ज्यादा वोट पंजाबी समुदाय के हैं, जबकि दूसरे नंबर पर बनिया समुदाय के वोट हैं। ऐसे में कांग्रेस ने मनोज वधवा को टिकट देकर पंजाबी वोटरों को लुभाने की कोशिश की





है। वहीं रेणु बाला गुप्ता को टिकट देकर भाजपा न सिर्फ बनिया समुदाय, बल्कि रेणु बाला गुप्ता की अच्छी छवि के जरिए 36 बिरादरियों को लुभाने की कोशिश कर रही है।
2018 में भी इन रेणुबाला गुप्ता व मनोज वधवा की पत्नी आशा वधवा के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली थी। लेकिन इस बार मुकाबला खास है क्योंकि इस बार मनोज वधवा को कांग्रेस ने अपने सिंबल पर मैदान में उतारा है।
2018 में उनकी पत्नी निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रही थी, हालांकि उस दौरान भी उन्हें कांग्रेस पार्टी का समर्थन हासिल था।

**ठोकेंगे ताल**

**भाजपा न सिर्फ बनिया समुदाय, बल्कि रेणु की अच्छी छवि के जरिए 36 बिरादरियों को लुभाने की कोशिश कर रही है**

राजनीतिक विशेषज्ञ और डीएवी कॉलेज के प्राचार्य आरपी सैनी की मानें तो उनका कहना है कि रेणु बाला गुप्ता लगातार दो बार भाजपा की ओर से मेयर रह चुकी हैं। इस बार विधानसभा चुनाव में वह टिकट की दावेदार थी, लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिला। टिकट न मिलने से वह नाराज थी, जिसके बाद भाजपा ने उन्हें भविष्य में अच्छे सम्मान का आश्वासन दिया था। विधानसभा चुनाव के बाद उनके पति बृज गुप्ता को कार्यवाहक जिला अध्यक्ष बनाकर उनकी नाराजगी दूर की गई और अब उन्हें फिर से मेयर का टिकट दिया गया है।
राजनीतिक जानकारों की मानें तो इस बार भी करनाल के टिकट केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के कहने पर घोषित किए गए, जबकि स्थानीय विधायक की ऐसी कोई मंशा नहीं दिखी। कांग्रेस की बात करें तो करनाल में मनोज वधवा को टिकट मिला है और मनोज वधवा हुड्डा गुट के नेता हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा छोडकर कांग्रेस में शामिल होने का मुख्य कारण विधायक का टिकट पाना था, लेकिन उन्हें भी टिकट नहीं दिया गया।

# नगर निगम चुनाव में रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेंगे सभी भाजपा प्रत्याशी : जगमोहन

**दावा**

**आनंद भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में नगर निकाय प्रत्याशियों को टिकट वितरण के दौरान बोल रहे थे**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** करनाल से विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि आगामी नगर निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के सभी उम्मीदवार रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेंगे। डबल इंजन की सरकार के साथ इस चुनाव में जीत दर्ज करके ट्रिपल इंजन की सरकार आम के जनहितैषी कार्य करेगी। विधायक जगमोहन आनंद रविवार को भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में नगर निकाय प्रत्याशियों को टिकट वितरण के दौरान बोल रहे थे। नगर निगम चुनाव को लेकर जो सूची भारतीय जनता पार्टी द्वारा जारी की गई थी। उस सूची के अनुसार भाजपा के कर्ण कमल कार्यालय में उम्मीदवारों को टिकट वितरित किए गए।
जगमोहन आनंद ने कहा कि लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव करनाल जिला में भारतीय जनता पार्टी ने बड़े अंतर से जीत दर्ज की है। इसी तरह अब नगर निगम चुनाव में भी भाजपा के सभी उम्मीदवार विजय हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की विकासात्मक सोच को आजमा कर देख लिया है। आज करनाल में तेज गति से विकास का पहिया आगे बढ़ रहा है। आने वाले 2 मार्च को जनता कमल के फूल के सामने वाला बटन दबाकर शहरों की सरकार बनाने का कार्य करेगी।

**उम्मीदवार जोश और उत्साह के साथ जनता के बीच जाएं**

विधायक ने सभी उम्मीदवारों को कहा कि जोश और उत्साह के साथ जनता के बीच में जाएं। पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार के कार्यकाल में करनाल जिला में अनेक विकास कार्य हुए हैं। तेज गति से विकास कार्यों को आगे भी बढ़ाया जा रहा है।

# अमेरिका से 116 भारतीयों को किया डिपोर्ट



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे 116 भारतीयों में करनाल के 6 युवक भी है। वहां की सरकार ने इनको जबरन डिपोर्ट कर दिया है। शनिवार देर रात साढ़े 11 बजे अमेरिकी एयरफोर्स का विमान ग्लोबमास्टर इन्हें लेकर अमृतसर एयरपोर्ट पहुंचा। इनमें अनुज वासी जुंडला, हर्ष वासी सग्गा तरावड़ी, निखिल वासी गुढ़ा घरौंडा, सक्षम वासी पोपड़ा असंध, अमित वासी राहड़ा असंध और विपिन वासी कर्ण विहार करनाल के नाम शामिल हैं। एयरपोर्ट पर सभी की पांच घंटे तक वेरिफिकेशन हुई, जिसके बाद पुलिस की गाडि़यों में उन्हें उनके घर भेजा गया। इस दौरान मीडिया से बातचीत करने की इजाजत नहीं दी गई। करनाल जिले के गांव राहड़ा का 22 वर्षीय अमित करीब चार महीने पहले अमेरिका गया था। वह जैसे ही मैक्सिको

**प्रकाश डाला**

**11 बजे अमेरिकी एयरफोर्स का विमान ग्लोबमास्टर इन्हें लेकर अमृतसर एयरपोर्ट पहुंचा**

बॉर्डर पार कर अमेरिका में घुसा, वहीं उसे पकडकर कैंप में डाल दिया गया। अब चार महीने बाद उसे डिपोर्ट कर दिया गया। अमित के एक परिचित ने बताया कि उसका भाई ग्रीस में काम करता है और उसी ने अमेरिका भेजने के लिए 40-45 लाख रुपए दिए थे और कुछ पैसे परिवार की तरफ से एकत्रित किए गए थे। परिवार में दो भाई और दो बहनें हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। डिपोर्ट किए गए भारतीयों को अमृतसर एयरपोर्ट पर उनके परिवार वालों से मिलने दिया गया, लेकिन मीडिया से बात करने पर रोक थी।

# त्रिलोक चंद व्यास ने मैराथन मे 13वां मेडल जीता

**रिकॉर्ड**

**त्रिलोक चंद एक साधारण किसान परिवार मे जन्मे तथा अपना जीवन भी खेती करते हुए यापन करते है**



**बापौली, ( कमाल हुसैन )**
**सनौली** खुर्द निवासी सत्तर वर्षीय त्रिलोक चंद इन्सां ने एक बार फिर भिवानी मैराथन मे रेस जीतकर सबको हैरान कर दिया।उन्होंने सीनियर सिटीजन ग्रुप मे कोच शिवा माही के मार्गदर्शन मे भिवानी मे रेस लगाकर मेडल जीतकर सबको हैरान कर दिया इससे पहले उन्होंने गुरुग्राम मे आरएम रनिंग एंड इंटरटेनमेंट मिडिया की तरफ से सीनियर सिटीजन ग्रूप मे दौडते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल के साथ शील्ड प्राप्त कर अपना लोहा मनवाया था। उन्होंने पाच किलोमीटर स्पर्धा मे गोल्ड मेडल जीतकर प्रथम स्थान प्राप्तकर अपने देश व परदेश का नाम रोशन किया।इस अवसर पर उनको पुरुस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।जिस उम्र मे लोग चारपाई से भी नही उठ पाते और वे रेस लगा कर मेडल हासिल करते है, इससे सभी आश्चर्यचकित है।उन्होंने बताया की यह उनका तेहरवा मेडल है इससे पहले भी वे दो बार गुरुग्राम कीआरएम रनिंग रेस, माड रेस, जालंधर की वन रेस, गुडगाँव रेस तथा वेदांता दिल्ली आफ मेराथन 2024 अन्तराष्ट्रीय रेस की सीनियर सिटीजन रेस व पानीपत मेराथन मे भी दौड लगाकर गोल्ड मेडल हासिल कर चुके है। जीत की खबर मिलते ही समस्त ग्राम मे खुशी का माहौल छा गया तथा परिवार को बधाई देने वालो का तांता लग गया।
त्रिलोक चंद इन्सां ने बताया की वह एक साधारण किसान परिवार मे जन्मे तथा अपना जीवन भी खेती करते हुए यापन करते है उन्होंने अपनी सेहत का राज सरल खाना व प्रतिदिन व्यायाम व कसरत के साथ रेस लगाना व लगातार साईकिल चलाना बताया।

# नेतृत्व क्षमता विकास पर केंद्रित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र (एमएमटीटीसी) के अंतर्गत नेतृत्व क्षमता विकास पर केंद्रित एक सप्ताह का ऑनलाइन शॉर्ट-टर्म प्रोग्राम आयोजित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने वर्तमान शैक्षिक परिदृश्य में शिक्षक-नेतृत्व विकास के महत्व और प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कुलपति ने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि अवश्य ही इस आयोजन के माध्यम से प्रतिभागियों में नेतृत्व क्षमता का विकास सुनिश्चित होगा।
कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र की शुरुआत में एमएमटीटीसी के निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए शिक्षकों में नेतृत्व क्षमता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने अकादमिक नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका और संस्थागत विकास तथा विद्यार्थियों के विकास पर इसके प्रभाव पर भी ध्यान आकर्षित कराया। प्रोग्राम की समन्वयक प्रो. सुनीता तंवर ने आयोजन के महत्व के साथ-साथ इसके उद्देश्य, संरचना और अपेक्षित परिणामों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया।

# 41 लाख का बिल बकाया, स्ट्रीट लाइट, स्वीमिंग पूल व हुडा पार्क का काटा कनेक्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** नगर पालिका और खेल विभाग की ओर से 41 लाख रुपये का बकाया बिजली बिल नहीं भरने के कारण शहर के गोशाला रोड की स्ट्रीट लाइट, स्वीमिंग पूल व शहर के हुडा पार्क का बिजली कनेक्शन काट दिया है। निगम ने काफी समय से बिजली नहीं भरने वालों के कनेक्शन काटने का अभियान शुरू कर दिया है। शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं का 16 करोड़ रुपये का बिजली बिल बकाया है। निगम के अधिकारियों के अनुसार शहर के कई सरकारी विभागों के कार्यालयों व नगर पालिका तथा उपभोक्ताओं पर करीब 16 करोड़ रुपये का बिल बकाया है। बिल न भरने वालों के खिलाफ अब निगम भी सख्त हो गया है। निगम की ओर से डिफाल्टर सरकारी विभागों के कनेक्शन काटने शुरू कर दिए हैं। निगम ने शुक्रवार को स्वीमिंग पुल, हुडा पार्क, गोशाला रोड पर स्ट्रीट लाइट का कनेक्शन काटकर इस अभियान की शुरूआत कर दी है। स्वीमिंग पूल, पार्क व गोशाला रोड की स्ट्रीट लाइट का निगम की ओर से 41 लाख 54 हजार 915 रुपये बकाया है। निगम के जेई वेदप्रकाश ने बताया कि शहरी क्षेत्र में आने वाले सरकारी विभागों की ओर से तीन सालों से बिजली का बिल नहीं जमा कराया जा रहा है।

# करनाल में टिकट बंटवारे से भडके भाजपा कार्यकर्ता

**जागरू किया**

~~**सेवा आश्रम योजना के तहत अकेले रह रहे बुजुर्गों की सेवा आश्रमों में की जाएगी रहने की व्यवस्था**~~



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में निकाय चुनावों के लिए टिकट बंटवारे के बाद असंतोष खुलकर सामने आने लगा है। भाजपा कार्यकर्ताओं में इस बात की नाराजगी है कि जो लोग सालों से पार्टी की सेवा कर रहे थे, उन्हें दरकिनार कर दिया गया। जबकि हाल ही में कांग्रेस से भाजपा में आए लोगों को टिकट दे दिया गया।
इसी को लेकर भाजपा मोहदीनपुर मंडल के उपाध्यक्ष कृष्ण रोड ने अपने समर्थकों के साथ सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण पर भी अनदेखी के आरोप लगाए हैं और कहा कि उन्हें झूठे आश्वासन दिए गए, लेकिन अंत में टिकट नहीं मिला।
कृष्ण रोड का कहना है कि वह पिछले 6 सालों से भाजपा के लिए काम कर रहे थे। घरौंडा विधायक और विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण के साथ पार्टी के मुख्य कार्यकर्ताओं में उनका नाम शामिल था। उन्होंने कहा कि उनकी नाराजगी इस बात से है कि टिकट के लिए जितनी मेहनत उन्होंने और उनके साथियों ने की, उसका कोई परिणाम नहीं मिला। उल्टा टिकट ऐसे व्यक्ति को दिया गया, जो कुछ महीने पहले ही कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुआ था।
उन्होंने आरोप लगाया कि हरविंद्र कल्याण ने उन्हें टिकट देने का आश्वासन दिया था और यह बात टिकट घोषित होने से महज पांच मिनट पहले की है। लेकिन अंतिम क्षणों में उनका नाम काट दिया गया। उन्होंने कहा कि अगर पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं देना था तो कम से कम ईश्वर सिंह या फिर विकास कल्याण को ही टिकट दिया जाता। उन्होंने कहा कि विकास कल्याण स्पीकर के परिवार से हैं और उनके पिता पिछले 35 सालों से भाजपा की सेवा कर रहे हैं, लेकिन फिर भी उनके साथ अन्याय हुआ।
कृष्ण रोड़ ने कहा कि करनाल में अगर कोई चुनाव लड़ता है तो उसका पंजाबी होना जरूरी है। 20 में से 10 टिकट पंजाबी उम्मीदवारों को दे दिए गए, लेकिन उनकी रोड बिरादरी से एक भी व्यक्ति को टिकट नहीं दिया गया। उन्होंने इसे बेहद शर्मनाक बताया और कहा कि जब विधानसभा के अध्यक्ष उनकी बिरादरी से आते हैं तो फिर भी उनके समुदाय के लिए एक भी टिकट मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है।
कृष्ण रोड़ ने कहा कि वह मोहदीनपुर मंडल के उपाध्यक्ष होने के साथ-साथ करनाल के एक शक्ति केंद्र प्रमुख भी हैं।

# हकेंवि ने विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया जैव प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा राजकीय कन्या उच्च विद्यालय बसई के विद्यार्थियों के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह आयोजन ग्रामोदय सहस्त्र विद्या दीप पहल के अंतर्गत भारत रत्न नानाजी देशमुख की 108वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने अपने संदेश में विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने, पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं को अपनाने और प्रधानमंत्री के विकसित भारत



दृष्टिकोण में योगदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन सैद्धांतिक और प्रायोगिक शिक्षा को जोड़ते हुए ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कदम रखने और भविष्य के नवाचारों का मार्ग प्रशस्त करते हैं। ग्रामोदय सहस्त्र विद्या दीप पहल का उद्देश्य एक हजार ग्रामीण विद्यार्थियों को जैव प्रौद्योगिकी के व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से विज्ञान और तकनीकी प्रगति के प्रति रुचि उत्पन्न करना है। इस प्रशिक्षण में विद्यालय की 25 छात्राओं ने प्रतिभागिता की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्राओं ने विभिन्न पौधों की प्रजातियों से डीएनए निष्कर्षण की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक अनुभव प्रदान कर उनकी जिज्ञासा और विज्ञान के प्रति रुचि को बढ़ावा गया। राजकीय कन्या उच्च विद्यालय बसई के प्रधानाचार्य रणवीर सिंह ने प्रशिक्षण को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक सुविधाएं प्रदान की। विद्यालय के शिक्षक माजिद, बबलू कुमार और दिवाकर में सक्रिय भागीदारी की। विद्यालय के शिक्षकों ने विश्वविद्यालय की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम स्कूल शिक्षा और उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच के अंतर को कम करने में मददगार होते हैं।
प्रशिक्षण सत्र के दौरान, डॉ. हुमैरा सोनाह ने डीएनए की भूमिका पर व्याख्यान देते हुए बताया कि कैसे अनुवांशिक सामग्री जीवन की विविधता को आकार देती हैं और प्रजातियों के विकास में इसकी क्या भूमिका होती है।

**सुविधाएं**

**प्रधानाचार्य रणवीर सिंह ने प्रशिक्षण को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक सुविधाएं प्रदान की**

# महिला के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार, 2 दिन के पुलिस रिमांड पर

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**जिले** के थाना खरखौदा की पुलिस टीम ने महिला के साथ दुष्कर्म करने की घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी दिनेश निवासी समचाना जिला रोहतक हाल प्रताप कॉलोनी, खरखौदा का रहने वाला है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 18 जनवरी को जिला सोनीपत निवासी एक महिला ने थाना खरखौदा में शिकायत दी थी कि आरोपी दिनेश ने मेरे साथ दुष्कर्म करने की घटना को



अंजाम दिया है। इस घटना का थाना खरखौदा में मामला दर्ज किया गया था।
इसी मामले में थाना खरखौदा की जाँचकर्ता टीम में नियुक्त एएसआई रेखा ने नियमानुसार कार्यवाही करते हुए महिला के न्यायालय के आदेशानुसार मजिस्ट्रेट के सामने कथन अंकित करवाकर महिला विशेषज्ञ व लीगल ऐड से काउंसलिंग करवाई।

# प्रकाश उत्सव समागम में तरह-तरह के पकवान का लगा लंगर

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** आर्य समाज गुरु विरजानन्द भवन खेल बाजार पानीपत में आज 3 दिवसीय वार्षिक उत्सव का रंगारंग समापन और भव्य यज्ञशाला का शीलान्यास पूर्ण हुआ,कार्यक्रम का अंतिम दिवस श्रेष्ठ कर्म यज्ञ के माध्यम से विशेष रूप से दिल्ली से आई वेद मंत्र उदगाता अंशु शास्त्री व हेमलता शास्त्री ने विशिष्ट मंत्रों से कराया तत्पश्चात आज के सम्मानित अध्यक्ष रणदीप आर्य ने प्रधान बलराज एलावाधी को वार्षिक उत्सव की शुभकामनाएं दी साथ ही यज्ञशाला के निर्माण के लिए 1 लाख की राशि दी और भविष्य में ओर भी सहयोग का आश्वासन दिया इसके बाद भव्य यज्ञशाला के शिलान्यास हरपाल ढाडा प्रतिनिधि



शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा विधायक प्रमोद विज , अविनाश पालीवाल , शशिकांत चड्डा , दिवान चंद आहूजा और कोमल सैनी ने अपने करकमलों से किया। आचार्य डॉ जयेंद्र कुमार द्वारा विशेष मंत्र स्वस्ति वाचन मंत्र बोले गए कार्यक्रम की शोभा भजन सम्राट बरेली से आए। भानु प्रकाश शास्त्री ने आज राष्ट्रभक्ति के भजनों से बढ़ाई और नोएडा से आए वैदिक विद्वान डॉ जयेंद्र कुमार ने महर्षि दयानंद जी सरस्वती के जीवनी पर समर्पित गीतों से माहौल को उत्साह से भर दिया । मंच का उत्कृष्ट संचालन संचालन आचार्य राजकुमार शास्त्री और बृज किशोर शास्त्री ने बहुत ही अनोखे अंदाज से किया । आर्य समाज गुरु विरजानन्द भवन के प्रधान बलराज एलावाधी और पूरी कमेटी ने सभी विद्वानों सम्मानित अतिथियों और यज्ञ के यजमानों को ओम की माला से सम्मानित किया। और उनका निमंत्रण स्वीकार करने पर आभार व्यक्त किया इस विशेष अवसर पर संरक्षक हरचरण दास

**शिलान्यास**

**पानीपत में आज 3 दिवसीय वार्षिक उत्सव का रंगारंग समापन और भव्य यज्ञशाला का शिलान्यास पूर्ण हुआ**

अरोड़ा, सुनील बत्रा , प्रधान बलराज एलावाधी , महेंद्र ढींगरा, अशोक वर्मा ,राजेश आर्य, कमलेश लीखा, कमलेश कथुरिया, रेनू आर्या, मोनिका डावर, कविता भाटिया, गंगा एलावधी, उमा ढींगरा, मनोहर लाल आहूजा , किशोर आहूजा , जगदीश सखूजा और राजेश आहूजा , गौरव डावर, राजीव आर्य ,संजीव आर्य , प्रमोद आर्य , उत्कर्ष आर्य उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# स्त्रियों के प्रति रुढ़िवादी मानसिकता देश के हित में नहीं

**बालिकाओं** और स्त्रियों को केवल दया का पात्र समझकर उन्हें घर की चारदीवारी में ना रखें' अब समय आ गया है कि बालिकाओं को प्रारंभ से और स्त्रियों को उचित मार्गदर्शन ,प्रोत्साहन देकर परिवार समाज और राष्ट्रीय सहभागिता की मुख्यधारा में उत्तरोत्तर सहभागी बनाना चाहिए 'आज स्त्री के संदर्भ में सारी पुरातन अवधारणाओं को बदलने का समय आ गया है ।नारी अब घर में पूज्या तो है ही साथ ही वह समाज में अपनी अहमियत की दस्तक देकर देश की सीमा सुरक्षा में भी अपना योगदान दे रही है। राष्ट्र निर्माण में नारी की शिक्षा एवं उनकी सहभागिता भारत का शक्तिशाली भविष्य है, अतः नारी की शिक्षा देश के लिए अति महत्वपूर्ण मुद्दा बन गई है' वह समय चला गया जब किसी घर में कन्या के पैदा होने से पूरे परिवार में मातम छा जाता था अब भारत में धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश में लिंग भेद बदलने लगा है स्थिति यह है कि शिक्षित परिवार केवल एक संतान ही पैदा करना चाहती है चाहे वह कन्या हो या बेटा। अब परिवार में कन्या पैदा होने से खुशियां मनाई जाती है और पुरातन सोच अब धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश को मस्तिष्क के मूल्यांकन के साथ बदलते जा रही है। पुरुष प्रधान समाज में नारी को पूज्या कह कर बहला दिया जाता था और उसे घर की चहारदीवारी में सीमित कर दिया गया था। यही कारण था कि वे पुरुषों की बराबरी मैं ना आकर बहुत पिछड़ गई और देश की समग्र विकास की स्थिति एकांगी हो गई थी। समाज यह भूल गया था कि जिन हाथों में कोमल चूड़ियां पहनी जाती हैं वही हाथ तलवार भी उठा कर युद्ध में एक वीरांगना की भूमिका निभाती है, इसकी सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रजिया बेगम और रानी लक्ष्मीबाई रही हैं। मनुस्मृति पर यदि आप नजर डालेंगे तो पाएंगे कि उसमें स्पष्ट कहा गया है कि जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है। प्राचीन भारत में नारी शिक्षा का काफी प्रचार प्रसार किया गया था इसके कई प्रमाण भी हैं कि वेद की रिचाओं का ज्ञान नारियों को था इसमें कुछ महत्वपूर्ण नारियां समाज के लिए एक उदाहरण बन गई थी उनमें मैत्री, गार्गी, अनुसूया, सावित्री, आदि उल्लेखनीय हैं। वैदिक काल के विद्वान मुंडन मिश्र की पत्नी उदय भारती ने प्रकांड पंडित विश्व विजयी आदि शंकराचार्य को भी शास्त्रार्थ में भरी सभा में पराजित किया था । इसीलिए वेदों और पुराणों में भी उल्लेखित है की बालिका शिक्षा समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला होता है। नारी के उत्थान में कई कुप्रथा कुठाराघात करती रही हैं, जो नारी के विकास में बाधा बनकर सामने आई थी इनमें बाल विवाह सबसे बड़ा अवरोध बना था और इसी का प्रतिफल है कि नारी पुरुष के समाज में काफी पिछड़ गई थी। महादेवी वर्मा ने नारी शिक्षा को पुरुष शिक्षा से ज्यादा महत्वपूर्ण बताया था उन्होंने कहा था स्त्री को शिक्षित बनाना एक पुरुष को शिक्षित बनाने से ज्यादा आवश्यक और महत्वपूर्ण है यदि एक पुरुष शिक्षित -प्रशिक्षित होता है तो उससे एक ही व्यक्ति को लाभ होता है किंतु यदि स्त्री शिक्षित होती है तो उससे संपूर्ण परिवार शिक्षित हो जाता है. उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण बात कही नारी को अशिक्षित रखना समाज के लिए अपराध के समान है।

# अत्यधिक महत्वकांक्षा से टूटती परिवार के रिश्तों की डोर

-प्रियंका सौरभ

> "परिवार एक बहुत ही तरल सामाजिक संस्था है और निरंतर परिवर्तन की प्रक्रिया में है। आधुनिकता समान-लिंग वाले जोड़ों (एलजीबीटी सम्बंध) , सहवास या लिव-इन सम्बंधों, एकल-माता-पिता के घरों, अकेले रहने वाले या अपने बच्चों के साथ तलाक का एक बड़ा हिस्सा उभरने का गवाह बन रहा है। इस तरह के परिवारों को पारंपरिक रिश्तेदारी समूह के रूप में कार्य करना आवश्यक नहीं है और ये सामाजीकरण के लिए अच्छी संस्था साबित नहीं हो सकती। भौतिकवादी युग में एक-दूसरे की सुख-सुविधाओं की प्रतिस्पर्धा ने मन के रिश्तों को झुलसा दिया है। कच्चे से पक्के होते घरों की ऊँची दीवारों ने आपसी वातार्लाप को लुप्त कर दिया है। पत्थर होते हर आंगन में फूट-कलह का नंगा नाच हो रहा है। आपसी मतभेदों ने गहरे मन भेद कर दिए हैं"

**(बिखर रहे चूल्हे सभी, सिमटे आँगन रोज। नई सदी ये कर रही, जाने कैसी खोज॥)**

पिछले कुछ समय में पारिवारिक ढांचे में काफी बदलाव हुआ है। मगर परिवारों की नींव का इस तरह से कमजोर पड़ना कई चीजों पर निर्भर हो गया है। अत्यधिक महत्त्वाकांक्षी होना ही रिश्ते टूटने की प्रमुख वजह है। जब परिवारों में होड लगनी शुरू हो जाये एवं एक दूसरे के सुख-दुख से ज्यादा परस्पर प्रतिस्पर्धा का भाव जग जाये। समझना कि परिवार अथवा रिश्ते अपनी अंतिम सांस गिन रहे है। परिवार के टूटने के कारण अचानक पैदा नहीं होते। कई बार और समस्याएँ भी हो सकती है जैसे पैसा, प्रॉपर्टी, पसंद-नापसंद आदि। छोटे-मोटे झगड़े, किसी सदस्य की अनदेखी वगैराह के चलते भी अक्सर परिवारों में मनमुटाव हो जाता है। पर जो भी हो परिवार सबसे बडे सर्पोट सिस्टम में से एक होता है। इसलिए कोशिश करनी चाहिए की परिवार की मूल अवधारणा ज़िंदा बनी रहे और केवल मर्दस डे, फार्दस डे या सोशल मीडिया तक सीमित होकर न रह जाए। आज सभी को एक संस्था के रूप में पारिवारिक मूल्यों और परिवार के बारे में सोचने-समझने की बेहद सख्त जरूरत है और साथ ही इन मूल्यों की गिरावट के कारण ढूँढकर उनको दुरुस्त करने की भी जरूरत है। इसके लिए समाज के कर्णधार कवि / लेखकों / गायकों / नायक / नायिकाओं / शिक्षक वर्गों और अन्य सामाजिक कार्यकताओं के साथ-साथ राजनीतिज्ञों को एक संस्था के रूप में परिवार के पतन के निहितार्थ के बारे में भी लिखना और सोचना चाहिए। खुले मंचो से इस बात पर चर्चा होनी चाहिए कि इस गिरावट के कारण क्या है? और इस गिरावट से कैसे उभरा जा सकता है? युवा कवि डॉ सत्यवान सौरभ ने इस स्थिति को अपने शब्दों में कहते हुए सही लिखा है कि-

**" टूट रहे परिवार हैं, बदल रहे मनभाव।**
**प्रेम जताते गैर से, अपनों से अलगाव॥**
**बिखर रहे चूल्हे सभी, सिमटे आँगन रोज।**
**नई सदी ये कर रही, सौरभ कैसी खोज॥"**

परिवार, भारतीय समाज में, अपने आप में एक संस्था है और प्राचीन काल से ही भारत की सामूहिक संस्कृति का एक



विशिष्ट प्रतीक है। नैतिक मजबूती के साथ-साथ यह व्यक्ति के परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों को बिना किसी हिचकिचाहट के कठिन समय में भरोसा करने के लिए लचीलापन प्रदान करता है। यह कठिनाइयों से निपटने के लिए अनैतिक साधनों के उपयोग से बचाता है। परिवार लोगों को सांसारिक समस्याओं के प्रति स्त्री के दृष्टिकोण को विकसित करने में मदद करता है। मगर वर्तमान दौर में हम संस्था के रूप में परिवार में गिरावट का कटु अनुभव झेल रहे है।

**" घर-घर में मनभेद है, बचा नहीं अब प्यार॥**
**फूट-कलह ने खींच दी, हर आँगन दीवार॥**
**स्नेह और आशीष में, बैठ गई है रार।**
**अरमानों के बाग में, भरा जलन का खार॥"**

**गिरावट के प्रतीक के रूप में आज परिवार खंडित हो रहा है, वैवाहिक** सम्बन्ध टूटने, आपसे भाईचारे में दुश्मनी एवं हर तरह के रिश्तों में कानूनी और सामाजिक झगड़ों में वृद्धि हुई है। आज सामूहिकता पर व्यक्तिवाद हावी हो गया है। वर्तमान स्थिति में भड़काऊ रवैया परिवारों के बिखरने का प्रमुख कारण है। परिवार के अन्य सदस्यों को उच्च आय और कम जिम्मेदारी ने विस्तारित परिवारों को विभाजित किया है। आज के अधिकांश सामाजिक कार्य, जैसे कि बच्चे की परवरिश, शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, बुजुर्गों की देखभाल आदि; बाहर की एजेंसियों, जैसे क्रेच, मीडिया, नर्सरी स्कूलों, अस्पतालों, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्रों, धर्मशाला संस्थानों ने ठेकेदारों के तौर पर संभाल लिए हैं जो कभी परिवार के बड़े लोगों की जिम्मेवारी होती थी।

**" बड़े बात करते नहीं, छोटों को अधिकार।**
**चरण छोड़ घुटने छुए, कैसे ये संस्कार॥**
**कहाँ प्रेम की डोर अब, कहाँ मिलन का सार।**
**परिजन ही दुश्मन हुए, छुप-छुप करे प्रहार॥"**

परिवार संस्था के पतन ने हमारे भावनात्मक रिश्तों में बाधा पैदा कर दी है। एक परिवार में एकीकरण बंधन आपसी स्नेह और रक्त से सम्बंध हैं। एक परिवार एक बंद इकाई है जो हमें भावनात्मक सम्बंधों के कारण जोड़कर रखता है। नैतिक पतन परिवार के टूटने में अहम कारक है क्योंकि वे बच्चों को दूसरों के लिए आत्म सम्मान और सम्मान की भावना नहीं भर पाते हैं। पद-पैसों की अंधी दौड़ से आज सामाजिक-आर्थिक सहयोग और सहायता का सफाया हो गया है। परिवार अपने सदस्यों, विशेष रूप से शिशुओं और बच्चों के विकास और विकास के लिए आवश्यक वित्तीय और भौतिक सहायता तक सिमित हो गए हैं, हम आये दिन कहीं न कहीं बुजुर्गों सहित अन्य आश्रितों की देखभाल के लिए, अक्षम और दुर्बल परिवार प्रणाली की गिरावट की बातें सुनते और देखते हैं जब उन्हें अत्यधिक देखभाल और प्यार की आवश्यकता होती है। भविष्य में संस्था के रूप में परिवार में गिरावट समाज में संरचनात्मक परिवर्तन लाएगी। सकारात्मक पक्ष पर, भारतीय समाज में जनसंख्या की वृद्धि में कमी देखी जा सकती है और संस्था के रूप में परिवार में गिरावट के प्रभाव के रूप में हो सकता है। हालाँकि, संयुक्त परिवार से परिवार के संरचनात्मक परिवर्तनों को समझने की आवश्यकता है, कुछ मामलों में इसे परिवार प्रणाली की गिरावट नहीं कहा जा सकता है। जहाँ परिवार प्रणाली किसी सकारात्मक परिवर्तन के लिए संयुक्त परिवार से एकल परिवार में परिवर्तित होती है। वैसे भी भारतीय समाज भी परिवार के संलयन और विखंडन की अनूठी विशेषता का निवास करता है जिसमें भले ही परिवार के कुछ सदस्य अलग-अलग स्थानों में अलग-अलग रहते हैं, फिर भी एक परिवार के रूप में रहते हैं।

**" बच पाए परिवार तब, रहता है समभाव।**
**दुःख में सारे साथ हो, सुख में सबसे चाव॥**
**अगर करें कोई तीसरा, सौरभ जब भी वार॥**
**साथ रहें परिवार के, छोड़े सब तकरार॥"**

परिवार एक बहुत ही तरल सामाजिक संस्था है और निरंतर परिवर्तन की प्रक्रिया में है। आधुनिकता समान-लिंग वाले जोड़ों (एलजीबीटी सम्बंध) , सहवास या लिव-इन सम्बंधों, एकल-माता-पिता के घरों, अकेले रहने वाले या अपने बच्चों के साथ तलाक का एक बड़ा हिस्सा उभरने का गवाह बन रहा है। इस तरह के परिवारों को पारंपरिक रिश्तेदारी समूह के रूप में कार्य करना आवश्यक नहीं है और ये सामाजीकरण के लिए अच्छी संस्था साबित नहीं हो सकती। भौतिकवादी युग में एक-दूसरे की सुख-सुविधाओं की प्रतिस्पर्धा ने मन के रिश्तों को झुलसा दिया है। कच्चे से पक्के होते घरों की ऊँची दीवारों ने आपसी वातार्लाप को लुप्त कर दिया है। पत्थर होते हर आंगन में फूट-कलह का नंगा नाच हो रहा है। आपसी मतभेदों ने गहरे मन भेद कर दिए है। बड़े-बुजुर्गों की अच्छी शिक्षाओं के अभाव में घरों में छोटे रिश्तों को ताक पर रखकर निर्णय लेने लगे है। फलस्वरूप आज परिजन ही अपनों को काटने पर तुले है। एक तरफ सुख में पडोसी हलवा चाट रहें है तो दुःख अकेले भोगने पड़ रहें है। हमें ये सोचना-समझना होगा कि अगर हम सार्थक जीवन जीना चाहते है तो हमें परिवार की महत्ता समझनी होगी और आपसी तकरारों को छोड़कर परिवार के साथ खड़ा होना होगा तभी हम बच पायंगे और ये समाज रहने लायक होगा।

## कविता

महाभारत हो रहा फिर से अविराम।
आओ मेरे कृष्णा, आओ मेरे श्याम॥

शकुनि चालें चल रहा है,
पाण्डुपुत्रों को छल रहा है।
अधर्म की बढ़ती ज्वाला में,
संसार सारा जल रहा है। ।
बुझा डालो जो आग लगी है,
प्रेम-धारा बरसाओ मेरे श्याम॥

शासक आज बने शैतान,
मूक, विवश है संविधान।
झूठ तिलक करवा रहा,
खतरे में है सच की जान।।
गूंज उठे फिर आदर्शी स्वर,
मोहक बांसुरी बजाओ मेरे श्याम॥

दुः शासन की क्रूर निगाहें,
भरती हर पल कामुक आहें।।
कदम-कदम पर खड़े लुटेरे,
शीलहरण की कहे कथाएँ।।
खोए न लाज कोई पांचाली,
आकर चीर बढ़ाओ मेरे श्याम॥

आग लगी नंदन वन में,
रूदन हो रहा वृंदावन में।
नित जन्मते रावण-कंस,
बढ़ रहा पाप भुवन में।।
मिटे अनीति, अधर्म, अंधकार सारे,
आकर आशादीप जलाओ मेरे श्याम॥

-प्रियंका सौरभ

# आस्था से भीड़ और अव्यवस्था से भगदड़

**सूर्यदीप कुशवाहा**

**राजधानी में भग**दड़ से हादसा हुआ।अचरज इस बात का रहा कि कुंभ हादसा से सबक नहीं लिया गया। इतनी जल्दी भूल गए। परिणामस्वरुप इस पोल के कारण पुनरावृत्ति हुई।प्रशासन शांतिपूर्वक अपनी गलती नहीं सुधारता बल्कि अफवाह कहकर पल्ला झाड़ता। हादसों के बाद प्रशासन दुर्घटना की समीक्षा,मंथन और चिंतन करता है। अगली व्यवस्था को फूलप्रूफ बनाने का दावा करके जनता के जख्म पर दवा लगाता है।

दुर्घटना की विपक्ष को निवारण चाहिए। भले इससे सरकार भरभराकर ना गिरे पर विपक्ष को जबान खोलने का बहाना मिल गया। ऐसे हादसे मीडिया के लिए टीआरपी उत्प्रेरक है। भगदड़ की घटना चचाओं की खबर खींचते हैं। पहले पीड़ितों की खबर लेते हैं।फिर सरकार की खबर डरते-डरते लेते हैं। बहरहाल सबसे ज्यादा बेखबर यहीं थे।सभी कुंभ की भीड़ से वाकिफ नहीं थे। लोग भीड़ बनाकर भेड़ बने हुए थे। जनता आश्वस्त थी कि भीड़ कम हो गई है।

अगले दुर्घटना से पहले सभी कमियां दूर हो जाएगी। हादसे की बात से बाबा याद आया; यह भी क्या अमृत मोक्ष था, वही गिरे जिनको मोक्ष मिलना था।अब विवेक पर भी संकट है। अव्यवस्था जल्द किसी दूसरे भगदड़ में प्रवेश कर जाएगी।फि लहाल आप सभी लोग बैगभर कर निकल आएं और इसका अनुभव लें। जब भी भीड़ होती है वहां भेड़चाल है। समझदार की समझदारी वहां ना जाना ही कहलाता अक्लमंद मदारी। रील में कुंभ की आभा मृगमारिचिका है और रियल में भीड़ का ठेलम-ठेला है। वहाँ से निकलकर दूसरी जगह पहुँचा अव्यवस्था तो भीड़भाड़ में माहौल बहुत गमगीन था। लोग बेहद उत्तेजित थे। विपक्ष इस्तीफा की माँग करते हैं।

उनका सबसे बड़ा दुःख है कि हारने के बाद वे बोलने लायक भी नहीं रहते। असल में नुकसान तो आम आदमी का हुआ है लेकिन आंदोलन विपक्ष करता है। भगदड़ में आने से पहले सभी आश्वस्त ही थे। भीड़भाड़ से हमें कोई फर्क.नहीं पड़ता। प्रशासन पर पूरा भरोसा है।हम अमृत पान तो नहीं फिर भी मोक्ष पाएंगे। गंगा मइया सिर्फ प्रयागराज में ही अमृत चखने का सुख देंगी। रेलवे स्टेशन को हम भेड़चाल से अव्यवस्था को स्वास्थ्य लाभ देकर यमराज का आह्वान कर दिया।

ऐसा हादसा की यमराज ताकने लगे। यह आख्या उनकी लापरवाही की व्याख्या पर कितनी भारी पड़ी,यह जानकर संवेदना शून्य हो गई।

थोड़ी देर बाद जब समझ में आया कि ऐसी भगदड़ लीलती जिंदगियां और आम आदमी की अंतहीन दुस्वारियां। लब्बोलुआब कि 'आस्था से भीड़ और अव्यवस्था से भगदड़।'

## विचार

# हे दयानिधे! जरूरी नहीं, सभी आपके अनुरूप हो..

**सुशील कुमार 'नवीन'**

**संस्कृत देवभाषा है। संस्**कृत सभी भाषाओं की जननी है। संस्कृत है तो संस्कार है, संस्कृति है। संस्कृत नहीं तो कुछ भी नहीं। प्रसिद्ध उक्ति भी है, भारतस्य प्रतिष्ठा द्वे संस्कृतं संस्कृतिस्तथा इति। साफ अर्थ है कि भारत की प्रतिष्ठा संस्कृत और संस्कृति इन्हीं दोनों में निहित है। संस्कृत-संस्कृति का मूल है। कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जिसमें संस्कृत की उपयोगिता न रही हो। चिकित्सा शास्त्र, अर्थशास्त्र, विमानशास्त्र में सिद्धस्था हासिल करनी है तो संस्कृत को न केवल पढ़ना होगा, अपितु उसे अपने अंदर आत्मसात करना होगा। जब हम सब इतना जानते हैं ' देवभाषा की महत्ता समझते तो फिर गाहे बगाहे मिर्ची क्यों लग जाती है। अभी तो रुको जरा! अभी तो क्लाइमेक्स बाकी है। हरियाणा में एक प्रसिद्ध उक्ति है जिसी नकटी देवी, उसे ऊत पुजारी। अर्थात जो जैसा व्यवहार करे, उसे उसी रूप में जवाब देना जरूरी है। यदि घर में कोई चाय-कॉफी न पीता हो तो क्या हम इन्हें घर में रखना बंद कर दें। मुझे यदि बैंगन का भरता और अरबी की सब्जी पसन्द नहीं है तो क्या शेष घरवाले इन्हें खाना छोड़ दें। मुझे इत्र लगाना रुचिकर नहीं तो जमाना मेरे लिए इसे प्रयोग करना छोड़ दे। कोई पारले फेब बर्बन का दीवाना है तो मुझ जैसे को पांच रुपये वाले स्वाद भरे शक्ति भरे पारले जी से बेहतर दुनिया में कोई बिस्किट ही नहीं लगता। मुझे खीर चूरमा पसंद है, तो किसी को इडली सांभर। जरूरी नहीं मुझे जो अच्छा लगता हो वो किसी और को अच्छा लगे। लोहे को लोहार की चोट जरूरी है तो सोने को स्वर्णकार की थपकी वाला दुलार। आप भी आज सोचते होंगे आज मास्टरजी का दिमाग कैसे चकराया हुआ है। क्या-कहा कहे जा रहे हैं ? तो सुने! डीएमके के एक सांसद है। नाम है दयानिधि मारन। दादा का नाम करुणानिधि, भाई का नाम कलानिधि। महोदय ने सदन कार्यवाही के अनुवाद में अन्य भाषाओं के साथ संस्कृत को शामिल करने को लेकर आपत्ति जताई है। उनका कहना था कि आप संसद में दिए गए भाषण को संस्कृत नें अनुवाद करके टैक्सपेयर्स के पैसों को क्यों बर्बाद कर रहे हैं। हालांकि लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से उन्हें जवाब उसी समय मिल गया। उन्होंने कहा कि संस्कृत भारत की प्राथमिक भाषा रह चुकी है। यहां बात 22 भाषाओं की बात की है, सिर्फ संस्कृत की ही नहीं। आप मात्र संस्कृत पर ही आपत्ति क्यों जता रहे हैं। बात जब चर्चा में आई तो विरोध और मुखर हो गया है। संस्कृत को चाहने वाले खुलकर विरोध में उतर आए हैं।

तमिलनाडु में भाषाई राजनीति को लेकर मुखर रहने वाली डीएमके की तरफ से इस प्रकार का विरोध कोई पहला नहीं है। हिंदी के प्रयोग को लेकर लगातार आपत्तियां होती रही है। हिंदी ही नहीं सनातन धर्म पर भी उनकी जबान फिसलती रही है। अब देवभाषा संस्कृत विरोधी बयान से फिर चर्चा में आ गए हैं। संस्कृत भाषा देवभाषा है और देवभाषा का अपमान सम्पूर्ण भारत वासियों का अपमान है। कहा भी गया है- "भारतस्य प्रतिष्ठे द्वे संस्कृतं संस्कृतिस्तथा" अर्थात हमारे भारतवर्ष की आन, बान, व शान संस्कृत भाषा से है। भारत में जो भी ज्ञान है, संस्कार है, विविध संस्कृति है वह सारा का सारा ज्ञान संस्कृत भाषा में ही निहित है। चाहे वह वेद हों, पुराण हों, उपनिषद हों, धर्मशास्त्र हो, भाषा का विज्ञान व्याकरण शास्त्र हो, खगोल शास्त्र हो, ज्योतिष शास्त्र हो, वास्तुशास्त्र हो, योग हो, आयुर्वेद हो, नाट्यशास्त्र आदि हो सभी संस्कृत भाषा में ही हैं और इन सब की वैज्ञानिकता और ज्ञान से सारा विश्व परिचित ही है। श्रीमद्भगवद्गीता के सिद्धांत तो सभी प्रयोग करते ही है। संस्कृत सभी भाषाओं की जननी अर्थात माँ है और माँ का अपमान कभी भी उचित नहीं ठहराया जा सकता। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (सीएसयू) कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी ने कहा है कि संसद के वर्तमान सत्र में डीएमके सांसद दयानिधि मारन ने संस्कृत को लेकर जो मन गढ़न्त प्रश्न उठाए हैं, उसके खिलाफ सीएसयू केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिवार एक देश व्यापी आन्दोलन करेगा।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# बचा जा सकता है मानव निर्मित आपदा से !

**सुनील कुमार महला**

**15 फरवरी 2025 की रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन** पर भगदड़ मचने से 15 लोगों की मौत हो गई, यह बहुत ही दुखद है। मरने वालों में 11 महिलाएं, दो पुरुष और दो बच्चे शामिल बताए जा रहे हैं। हादसे में 15 लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। दरअसल, प्रयागराज जाने के लिए स्टेशन पर भारी भीड़ जुटी थी। प्रयागराज एक्सप्रेस के कारण प्लेटफार्म नंबर 14 और 15 पर भारी भीड़ थी?। हाल फिलहाल, रेलवे बोर्ड ने घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए हैं। हादसे के बाद राहत कर्मियों को तैनात कर दिया गया है और एलजी इसकी लगातार निगरानी कर रहे हैं। कहना गलत नहीं होगा कि दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अव्यवस्थाओं के चलते और भगदड़ के कारण जान-माल दोनों का ही नुकसान हुआ है।इसी बीच रेलवे ने प्रयागराज महाकुंभ के लिए चार विशेष गाड़ियां भी चलाने की घोषणा कर दी है, इससे भीड़ में कमी देखने को मिल रही है। बताया जा रहा है कि ट्रेनों के रद्द होने की अफवाह से भगदड़ मची थी। वास्तव में, यह घटना नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर उस समय हुई, जब अचानक प्रयागराज जाने वाली दो ट्रेनों के रद्द होने की अफवाह के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि प्लेटफार्म नंबर 14 और 15, जो एक साथ हैं, के बीच अचानक भारी भीड़ पहुंच गई। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक रविवार को अवकाश होने के कारण शनिवार को प्रयागराज जाने के लिए काफी संख्या में लोग जुट गए। पाठकों को बताता चलूं कि इससे पहले 29 जनवरी को प्रयागराज के महाकुंभ में 40 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, 10 फरवरी 2013 को भी कुंभ के दौरान प्रयागराज स्टेशन पर भगदड़ मची थी। जानकारी के अनुसार इस हादसे में 36 लोग मारे गए थे। वास्तव में देश में महाकुंभ एक बड़ा आयोजन है और इसमें भारी संख्या में भीड़ उमड़ रही है। भारत ही नहीं विदेशों तक से महाकुंभ में अनेक लोग आ रहे हैं। अमूमन देश में किसी त्योहार पर भी इतनी भीड़ नहीं उमड़ती है लेकिन इस बार महाकुंभ में भीड़ का सैलाब है।

# कुटुम्ब में कुम्भ

**डॉ. सुनील चौरसिया 'सावन'**

**जिस घर में** सुख, शांति और सुकून है वह घर मंदिर है। जब अपनत्व और ममत्व के भाव से एक लोटा अमृत प्राप्त होता है तब उससे सिर्फ प्यास नहीं बुझती है अपितु तन-मन की थकान भी दूर हो जाती है और जिंदगी की खेती लहलहा उठाती है। जीवन में बड़ा होना बड़ी बात नहीं है। बड़ा होकर बच्चा बने रहना बहुत बड़ी बात है। जिस घर में एक दूसरे के लिए प्यार की बहार है वह घर सदाबहार है। जो घर दुनियादारी से जितना दूर है, वह घर खुशी का पुर है। जिस घर में माता-पिता का आदर है, भाई-बहन में स्नेह है, पति-पत्नी में प्रेम है और परस्पर परवाह का प्रवाह है वह घर आनन्द- कानन है। जिस घर में सहयोग का सद्भाव है। वह घर खुशी का गांव है। जिस घर में माता-पिता के आज्ञा का पालन होता है और सब उनके चरण स्पर्श करते हैं वह घर दिन दोगुनी रात चौगुनी गति से प्रगति करता है। जब मेरे मन, वचन और कर्म से मेरे माता-पिता, बेटी, पत्नी, भाई-बहन, विद्यार्थी एवं शिक्षकगण अर्थात स्वजन खुश होते हैं तब मेरा मासूम सा मन खुशी के मारे फूले नहीं समाता है। जिन्दगी धन्य हो जाती है। जिस निकेतन में स्त्री का सम्मान होता है वह हमेशा खुशहाल रहता है। जिस गृहस्थी में पति-पत्नी की जिंदगी प्यार के बंधन में एक दूसरे पर निर्भर होती है उसमें प्रेममय संगीत गूंजता है।

जिस माता-पिता ने हमारी बाल्यावस्था तथा युवावस्था को दुलारा और संवारा उनकी वृद्धावस्था को सम्मान सहित सहारा देना हमारा मूल धर्म है। जब हम तीनों भाई सुबह-शाम एक साथ टहलते हैं तब वह मार्ग समाज के लिए अनुकरणीय सद्मार्ग बन जाता है। जिस घर में भाई के लिए भाई भलाई करता है वह घर तीर्थ-स्थल है। बड़ी सौभाग्य से परिवार में प्यार के पुष्प खिलते हैं। जहां सहयोग, सम्मान और सद्भाव का संगम है उस कुटुम्ब में कुम्भ है।

# भगवान श्रीकृष्ण ने जो कहा ओर श्रीराम ने जो किया वो करणीय है: विजय कौशल

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**
राम राज्य सिर्फ नारे लगाने से नही आता। राम राज्य तो नीतियो का पालन करने,परोपकार करने व सत्य का आचरण करने से आता है। प्रभु श्रीराम ने अपने जीवन मे कभी उपदेश नही दिया उन्होने तो जीवन मे करके दिखाया है। यह उद्गार संत विजय कौशल महाराज ने समालखा की नई अनाज मंडी मे श्रीश्याम फाल्गुनोतसव मे श्रीराम कथा सुनाते हुए व्यक्त किए। श्रीश्याम बाबा सेवा मंडल द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीराम मे आज के यजमान संदीप मित्तल,प्रदीप बंसल,नितीन गोयल व प्रमोद गोयल रहे।जिन्होने विधिवत पूजन किया।इस मौके पर मंडल



अध्यक्ष सत्यवीर गुप्ता,महासचिव प्रदीप बंसल,नंद किशोर सिंघल, मोहित गोयल,विनय जैन,नीतिन गोयल,कृष्ण बंसल मुकेश गोयल प्रवीन बसल राजेश गोयल विपीन गोयल मोनी बंसल अशोक जैन आदि उपस्थित रहे।
ब्यास गद्दी पर विराजमान कथा मर्मज्ञ संत विजय कौशल महाराज ने राम वनवास,कैकयी-मंथरा ओर दशरथ-कैकयी संवाद का संगीतमय वृतांत सुनाते हुए बताया कि जब अयोध्या की राजसभा मे राजा दशरथ आये तो सभी ने खडे होकर उनकी सम्मान किया ओर उनके जयकारे लगाये तो राजा दशरथ ने भरी सभा

**कथा यापन**

**प्रभु श्रीराम ने अपने जीवन मे कभी उपदेश नही दिया उन्होने तो जीवन मे करके दिखाया है**

मे जेब से सीसा निकाल कर अपना चेहरा देखा तो कनपटी के पास सफेद बाल को देखकर उन्होने राज्य सिहासन राम को देने का निर्णय किया। स्वामी तुलसीदास जी के माध्यम से विजय कौशल महाराज ने कहा कि इस वृतांत से हमे सीखना चाहिए कि जब समाज मे आपकी जय जयकार होने लगे,सभी सम्मान व प्रणाम करने लगे तो हमे घर मे रखा सीसा देख लेना चाहिए अर्थात अपने मन मे झाक कर आंकलन करना चाहिए कि जो सम्मान हमे मिल रहा है क्या मै उसके योग्य हू।अगर नही है तो फिर अपने गुणो मे वृध्दि ओर आचरण मे शुद्धी कर लेनी चाहिए।
क्योकि समाज की जो श्रदा है वह बालू की दिवार की तरह होती है जो बडी मुश्किल से खडी होती है ओर जल्दी ही ढह जाती है। स्वामी विजय कौशल ने बुजुर्गो का आह्वान करते हुए कहा कि वे अपनी जीवन भर की सारी कमाई बेटे बहूओ पर न लुटाये बल्कि किसी को दान देने के लिए व अपने लिए कुछ बचा कर जरूर रखे।

# सीएम डॉ.मोहन यादव ने किया महासंगम यात्रा का स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद एवं भगवा ऐप के तत्वावधान में आयोजित महासंगम यात्रा अपने आध्यात्मिक संदेश के साथ उज्जैन मध्य प्रदेश पहुँचने पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने महासंगम यात्रा का भव्य स्वागत किया व आगामी यात्रा के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने बताया कि महासंगम यात्रा सनातन संस्कृति को जोड? का बहुत ही सराहनीय प्रयास कर रही हैं और हमारे प्राचीन काल के इतिहास व विरासत को आम जनमानस तक पहुँचाने के लिए जो कार्य कर रही है व बहुत ही अद्भुत है। वहीं अन्तर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश यादव ने बताया कि महासंगम यात्रा के



माध्यम से यह कार्यक्रम सनातन धर्म की गहराई और इसकी आधुनिक समाज में उपयोगिता को उजागर करने का एक सशक्त मंच बना। परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री व यात्रा के संयोजक दीप सिहाग सिसाय ने बताया कि यात्रा के साथ चल रहें 12 त्रिशूलों का भी पूजन प्रतिदिन प्रोग्राम के अनुसार पूर्ण विधि विधान से ज्योतिर्लिंग पर किया जाता है।
परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डॉ. नवीन नैन भालसी ने बताया कि इस महान मह्संगम यात्रा का उद्देश्य सनातन धर्म के पुनर्जागरण के साथ-साथ मंदिरों और पुजारियों को डिजिटल की दुनियां से जोडना है।

## न्यूज फ्लैश

### जिगली ने आयोजित किए क्यू-पिड गेम्स, देश भर में मनाया पॉफेक्ट वैलेंटाईन

**गुरुग्राम।** ओमनीचैनल पैट केयर ब्राण्ड जिगली ने विशेष कार्यक्रम पॉफेक्ट वैलेंटाईन के साथ वैलेंटाईन डे का जश्न मनाया, पैट्स और उनके पैरेंट्स के बीच के रिश्ते को मजबूत बनाने के लिए इस खास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य शहरों के 14 जिगली



एक्सपीरिएंस सेंटरों में आयोजित इस कार्यक्रम ने पैट पैरेंट्स को यादगार अनुभव प्रदान किया। 400 से अधिक पैट पैरेंट्स ने अपने पैट्स के साथ इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। स्पेशल एडीशन क्यू-पिड गेम्स दो घण्टे तक चले, इस कार्यक्रम का आकर्षण केन्द्र बन गए, जिसके तहत पैट्स और उनके पैरेंट्स के बीच के रिश्ते को मजबूत बनाने के लिए पांच गेम्स आयोजित किए गए- रैड लाईट, ग्रीन ट्रीट, कुकी फेस ऑफ, टग ऑफ लव, क्युपिड्स लीप और फेच ओर फॉरफीट। इन सभी गेम्स ने पैट्स एवं उनके पैरेंट्स को मनारेंजन और मस्ती से भरपूर यादगार अनुभव प्रदान किया। इसके अलावा इस जश्न को रचनात्मक एवं कलात्मक बनाने के लिए जिगली के हर सेंटर में एक प्रोफेशनल स्केच आर्टिस्ट को ऑन-द-स्पॉट लाईव पैट पोर्टेट सैशन करने का मौका मिला। इस अवसर पर श्री पंकज पोद्दार, ग्रुप सीईओ, कोस्मो फर्स्ट ने कहा, वैलेंटाईन डे प्यार का जश्न है, पैट्स एवं उनके पैरेंट्स के बीच का रिश्ता बिना किसी शर्त के प्यार का बेहरीन उदाहरण है। विभिन्न शहरों में आयोजित इस कार्यक्रम के लिए हमें शानदार प्रतिक्रिया मिली। इस तरह के आयोजनों के माध्यम से हम पैट्स एवं उनके पैरेंट्स के लिए खूबसूरत यादें बनाते हुए उनके अनमोल रिश्ते को मजबूत बनाना चाहते हैं। यह आयोजन जबरदस्त सफल रहा, जिसने दिल को छू जाने वाले इंटरैक्शन्स, हंसी-मजाक, मस्ती के बीच पैट पैरेंट्स को खूब लुभाया। पैट पैरेंट्स अपने साथ ऐसी यादें लेकर लौटे जिन्हें वे कभी भुला नहीं पाएंगे। क्यू-पिड गेम्स और लाईव पैट पोर्टेट के अलावा उन्हें अपने पैट्स की देखभाल के लिए विशेषज्ञों से सुझाव पाने का मौका भी मिला। हर प्रतिभागी को एक कॉम्पलीमेंटरी गुडी बैग दिया गया, जिसमें जिगली की ओर से खास सरप्राइज दिए गए थे। इसके अलावा टिकट होल्डर्स को एक लकी ड्रॉ कॉन्टेस्ट में हिस्सा लेकर एक्सक्लुजिव पैट हैम्पर जीतने का अवसर भी मिला। इन सभी पहलुओं ने वैलेंटाईन डे के इस जश्न को बेहद आकर्षक बना दिया, जो पैट केयर कम्युनिटी को यादगार अनुभव प्रदान करने की जिगली की प्रतिबद्धता को दर्शार्ता है।

### नारायण सेवा संस्थान का दिल्ली शिविर: सैकड़ों दिव्यांगों को जगी नई जिंदगी की उम्मीद

**नई दिल्ली।** नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर के तत्वावधान में रविवार को दिल्ली के गोल्डन क्राउन, जापानीज पार्क, रोहिणी में नि:शुल्क ऑपरेशन जांच-चयन और नारायण लिंब व केलिपर्स माप केम्प आयोजित हुआ। शिविर के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि नेशनल थर्मल पॉवर कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक महेश कंडे, त्रिलोकनाथ गोयल और समारोह अध्यक्ष संरक्षक सत्यभूषण जैन,समाज सेवी भीमसेन मित्तल विशिष्ट अतिथि सुप्रसिद्ध कथावक्ता





दयालुजी महाराज और एनटीपीसी की हेड संगीता, सीएस डिम्पी ने दीप प्रज्ज्वलित किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में मौजूद दिव्यांग, उनके परिजनों और दिल्ली के सम्मानित सदस्यों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि निदेशक महेश ने कहा मैं संस्थान की सेवाएं देखकर अभिभूत हूँ। दिव्यांगों को मदद के लिए आगे आने पर संस्थान के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल और पूरी टीम का अभिनंदन करता हूँ। नारायण सेवा संस्थान के दिव्यांग सशक्तिकरण के कार्य समाज के लिए प्रेरणादाई है। शिविर में दिल्ली एनसीआर के नहीं अपितु राजस्थान, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार और यूपी के रोगीयों ने भी शामिल होकर लाभ उठाया।अध्यक्षता कर रहे सत्यभूषण जैन ने कहा संस्थान दिव्यांगों को शारीरिक, सामाजिक, आर्थिक एवं बौद्धिक रूप से सशक्त ही नहीं करता बल्कि उन्हें नया जीवन दे रहा है। यही सच्ची नारायण सेवा है। प्रारम्भ में संस्थान ट्रस्टी एवं निदेशक देवेंद्र चौबीसा ने मुख्य अतिथियों और मंचासीन अतिथियों का मेवाड़ी परंपरा से अभिनंदन किया। साथ ही ट्रस्टी ने संस्थान की नि:शुल्क सेवाएं ऑपरेशन,नारायण लिम्ब लगाना, 5000 लोगों को रोज भोजन करना,आर्थिक रूप से असमर्थ 600 मजदूरों के बच्चों के लिए नि:शुल्क नारायण चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल चलाना, सैकड़ो दिव्यांगों को स्वरोजगार के कंप्यूटर, मोबाइल, सिलाई, मेहंदी का प्रशिक्षण देना और उनका सामूहिक विवाह कर घर बसाने जैसे अनेक प्रकल्पों की जानकारी दी।

# आज के बच्चो देश का उज्जवल भविष्य: कृष्ण

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
हरियाणा के पंचायत व खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि आज के बच्चे देश का उज्जवल भविष्य है। यही बच्चे आगे बढकर उच्च अधिकारी बनेंगे। कोई आईएएस तो कोई आईपीएस व बड़ा खिलाड़ी बनेगा। यही बच्चे भविष्य के नेता बनेंगे। बड़े शहरों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र में भी अच्छी शिक्षा देने वाले स्कूल स्थापित हैं। कृष्ण लाल पंवार गांव लोहारी स्थित नेशनल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के वार्षिक समारोह में स्कूल के बच्चों व ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। यहां स्कूल प्रांगण में पहुंचने पर पंचायत व खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया। वहीं मंत्री पंवार ने रिबन काटकर स्कूल के कार्यक्रम की



शुरूआत की। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि हरियाणा सरकार भी शिक्षा व अन्य क्षेत्रों में चहुंमुखी विकास करवा रही है। हरियाणा के ग्रामीण क्षेत्र से निकले नीरज चोपड़ा व नवदीप ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को गोल्ड मेडल दिलाकर गांव का नाम रोशन किया है। नीरज चोपड़ा हलका इसराना के गांव खंडरा व नवदीप बुवाना लाखू का खिलाड़ी है। छात्रों व युवाओं को नीरज चोपड़ा व नवदीप जैसे खिलाडियों से शिक्षा लेकर आगे बढना चाहिए। वहीं मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी व बच्चों

**मार्गदर्शन**

**छात्रों व युवाओं को नीरज चोपड़ा व नवदीप जैसे खिलाडियों से शिक्षा लेकर आगे बढना चाहिए**

को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। इस मौके पर प्राचार्य सुमन मलिक, स्कूल प्रबंधन समिति की प्रधान अंजू खर्ब, गांव लोहारी के सरपंच पवन रोजड़ा, गांव थिराना के सरपंच कुलदीप देशवाल, वैसरी के पूर्व सरपंच कर्म सिंह, पूर्व सरपंच सतबीर सिंह, मा. नरेश शर्मा, लखपत दहिया व होशियार आदि मौजूद रहे। मंच संचालन कुमारी वर्षा व सीमा धामा ने किया।

# हरियाणा पुलिस का जवान संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** गांव उष्मापुर निवासी एक हरियाणा पुलिस का जवान संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। वह मधुबन से घर आ रहा था। महेंद्रगढ़ तुलाराम चौक पहुंचकर परिवार वालों से बात की और जल्द घर पहुंचने की बात कही, लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। छोटे भाई की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की।
पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांव उष्मापुर निवासी जितेंद्र ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि उसका बड़ा भाई आनंद कुमार (29) हरियाणा पुलिस में नौकरी करता है। वह अक्टूबर में सी ग्रुप की भर्ती हुई थी उसमें हुआ था। फिलहाल वह मधुबन में ट्रेनिंग कर रहा था। 15 फरवरी को आनंद कुमार मधुबन से परमिशन लेकर घर आ रहा था। शाम करीब सात बजे उसके दोस्त अमित से मोटरसाइकिल लेकर दादरी से घर के लिए चला था। 9:53 पर उसके भाई ने अपने मोबाइल से अपने ससुर नरेश निवासी महेंद्रगढ़ को मोबाइल फोन कर कहा कि वह राव तुलाराम चौक महेंद्रगढ़ पर पहुंच गया है। अव्युक्त को अपने साथ घर लेकर जाउंगा। तब उसके ससुर नरेश ने कहा कि अभी काफी रात हो चुकी है।

# दो वाहन चोर गिरफ्तार, दो ट्रैक्टर व एक ट्राली बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला पुलिस की क्राइम युनिट एंटी आटो थेफ्ट टीम द्वारा थाना शहर में दर्ज ट्रैक्टर-ट्राली चोरी के दो मामलों में गुप्त सुचना के आधार पर आरोपी राजेन्द्र उर्फ जीन्द्र पुत्र ब्रीजपाल वासी गांव हरसाना, थाना झींझाना, जिला शामली युण्पी को उसके गांव के पास से गिरफतार किया गया। आरोपी से पूछताछ के आधार पर उसके भाई व साथी आरोपी शौकेन्द्र पुत्र बृजपाल को सुभाष गेट के पास करनाल से गिरफ्तार किया गया। एंटी आटो थेफ्ट टीम के इन्चार्ज उप निरीक्षक



रोहताश सिंह ने बताया कि आरोपीयों के कब्जे से थाना शहर क्षेत्र से चोरी किए गए दो ट्रैक्टर व एक ट्राली बरामद की गई। इसके अलावा आरोपियों द्वारा पूछताछ के दौरान एक मोटरसाईकिल चोरी की वारदात का भी खुलासा किया गया।

# आईबी कालेज की वाद विवाद प्रतियोगिता में शिवानी रही प्रथम

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )** आईबी पीजी महाविद्यालय में बीए मार्केटिंग के विद्यार्थियों के लिए वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय मार्केटिंग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका रहा। प्रतियोगिता को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता की उपयोग एवं इसके विपणन क्षेत्र में संभावनाओं के बारे में जागरूक करना एवं कैसे आई टूल्स और तकनीकी विकास मार्केटिंग की रणनीतियों को सशक्त बना रहे हैं। प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा ने विद्यार्थियों के सफल प्रदर्शन पर उनको बधाई देते हुए



कहा कि आज के डिजिटल योग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने मार्केटिंग की दुनिया में एक क्रांतिकारी परिवर्तन लाया है। वहीं मार्केटिंग विभागाध्यक्षा डॉ.पूनम मदान ने कहा कि आज एआई सिर्फ एक तकनीकी विकास नहीं बल्कि एक महत्वपूर्ण उपकरण बन चुका है जो न केवल विपणनकताओं के विपणन प्रयासों को तेज और प्रभावी बनाता है बल्कि उन्हें प्रतिस्पर्धी बाजार में आगे रहने का एक और मौका भी देता है।

# छोटे भाई ने बड़े भाई को मौत के घाट उतारा

**जींद।** व्यापार विवाद के चलते छोटे भाई ने करीब आधा दर्जन युवकों के साथ मिलकर बड़े भाई की हत्या कर दी। आरोपित हत्या की इस वारदात को रेल हादसा दिखाना चाहते थे। इसलिए मृतक के शव को भिवानी रोड रेलवे पुल पर ले गए। इससे पहले की मृतक के शव को रेलवे लाइन पर डालते, गाड़ी आ गई। जिसके चलते मृतक को छोड़ कर आरोपित फरार हो गए। मृतक की पहचान दुर्गा कालोनी निवासी राममेहर उर्फ रामा के रूप में हुई है। शहर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।
भिवानी रोड की दुर्गा कालोनी निवासी 40 वर्षीय राममेहर उर्फ रामा का अपने छोटे भाई सोनू के साथ झगड़ा रहता था।

# बाइक चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए जिला की एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस टीम ने बाइक चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को काबू करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों से पूछताछ में बाइक चोरी की 3 वारदातों का खुलासा हुआ। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुनील उर्फ मीनू व रवि निवासी बिंझौल रूप में हुई। एंटी व्हीकल थेप्ट इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रोहताश ने बताया कि उनकी टीम को शनिवार देर शाम को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म के दो युवक सेक्टर 25 स्थित ट्रक युनियन के



नजदीक नाला पुलिया के पास किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे है। पुलिस टीम ने सूचना को पुख्ता मानते हुए तुरंत मौके पर दबिश देकर दोनों युवकों को काबू कर पूछताछ की तो उन्होंने अपनी पहचान सुनील उर्फ मीनू पुत्र रामलाल व रवि पुत्र शेरू निवासी गांधी कॉलोनी बिंझौल के रूप में बताई। गहनता से पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने मिलकर जून 2024 में बिंझौल से भादड़ रोड पर बिंझौल गांव की सीमा से एक एचएफ डिलक्स बाइक चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना माडल टाउन में अमरजीत पुत्र सुरजीत निवासी कॉलखा की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।
पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया की वह बिंझौल गांव में जस्सा के खेत में बने कोठड़े में किराये पर रहते है। उन्होंने चोरी की उक्त बाइक किराये के कोठड़े में छुपाकर खड़ी की है। इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रोहताश ने बताया कि पुलिस टीम दोनों आरोपियों को साथ लेकर खेत में बने कोठड़े पर गई तो कोठड़े में दो और अन्य बाइक खड़ी मिली। उक्त बाइकों बारे पूछताछ करने पर आरोपी सुनील उर्फ मीनू ने बताया उसने एक बाइक दिसम्बर 2016 में गीता कॉलोनी में घर के बाहर से चोरी की थी। बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना शहर में दिनेश पुत्र कृष्ण निवासी गीता कॉलोनी की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

# चोर से दुकान के गल्ले से निकाले हजारों रुपये, केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** शहर के धोली हवेली के पास एक किराना की दुकान से चोर गल्ले से हजारों रुपये निकले ले गए। चोरों की हरकत सीसीटीवी में कैद हो गई। शिकायत के आधार पर शहर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।
मौहल्ला कानोडिया निवासी अनिल कुमार खेतान ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि उसने मसानी रोड नजदीकी धोली हवेली के पास खेतान एजेंसी के नाम से एक किराना की दुकान कर रखी है। शनिवार दोपहर बाद उसकी किराना की दुकान में सामान खरीदने के लिए तीन व्यक्ति, एक महिला व दो लड़के आए। जिन्होंने दुकान में आकर 2 लीटर की एक कोक की बोतल दुकानदार से मांगी। दुकानदार ने फ्रिज खोलकर ग्राहक को एक ठंडा की बोतल दे दी। इसी दौरान ग्राहक ने एक पानी की पेटी और देने की बात कही। जैसे ही दुकानदार दुकान के अंदर पानी की बोतल की पेटी लेने के लिए गया। वहां खड़े दोनों युवकों में से एक ने अंदर झांककर दुकानदार को देखा और दूसरा युवक गल्ले से रुपये निकालकर चुपचाप साइड में खड़ा हो गया। सामान की पेमेंट के बारे में उन्होंने कहा की पेटीएम कर देते हैं।

# कांग्रेस नेता सुधीर शर्मा ने ठोकी वार्ड 6 से दावेदारी

**आवेदन**

**तथा कांग्रेस पार्टी ने मौका दिया तो वार्ड वासियों के सहयोग से यह सीट पार्टी जीतकर देंगे**

**टीम एक्शन इंडियिा**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )** नगर निगम में पार्षद पद का चुनाव लडने के इच्छुक नेताओं का अपनी-अपनी पार्टियों को आवेदन सौंपने का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में आज कांग्रेस नेता सुधीर शर्मा ने





वार्ड न. 6 से चुनाव लडने की दावेदारी पार्टी में जताते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता सतपाल रोड़ व मुलख राज गुरेजा को अपना आवेदन सौंप दिया। सुधीर शर्मा ने कहा कि पार्षद बनकर अपने वार्ड की जनता की सेवा करना चाहते हैं। उनके वार्ड में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। इसलिए वार्ड वासियों की परेशानियों को देखते हुए उन्होंने चुनाव लडने का मन बनाया है तथा कांग्रेस पार्टी ने मौका दिया तो वार्ड वासियों के सहयोग से यह सीट पार्टी जीतकर देंगे।

# महिला को पड़ोसन ने पीटा रास्ते में पति-ससुर ने नशे में की गाली-गलौज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** शहर की पालम कॉलोनी में एक महिला के साथ मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। महिला का आरोप है कि जब वह बाजार में सामान लेने जा रही थी तो रास्ते में उसका दूसरी महिला से विवाद हो गया, जिसके बाद उसे पीटा गया। मामला शांत होने के बाद भी महिला के घर लौटते समय आरोपियों के परिजनों ने बदतमीजी की। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।
पीड़ित महिला किरण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 14 फरवरी की रात करीब 9 बजे जब वह बाजार जा रही थी, तब रास्ते में उसके पड़ोस में रहने वाली खुशी नाम की महिला से कहासुनी हो गई। बहस इतनी बढ़ गई कि खुशी ने उसके साथ मारपीट कर दी। आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराया और दोनों को अलग कर दिया। किरण ने शिकायत में बताया है कि जब वह इस घटना के बाद घर लौट रही थी, तब खुशी के पति मनवीर और ससुर ने शराब के नशे में गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। उन्होंने गलत शब्दों का इस्तेमाल किया और उसे बेइज्जत करने की कोशिश की। महिला ने अगले दिन सरकारी अस्पताल में अपना मेडिकल करवाने के बाद पुलिस को मामले की शिकायत दी।

# महर्षि दयानंद बाल गुरुकुल में मना वार्षिक खेल उत्सव

**वार्षिक**

**महर्षि दयानंद बाल गुरुकुल के इस खेल उत्सव में बच्चों ने बढ़ चढकर भाग लिया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की जूनियर विंग महर्षि दयानंद बाल गुरुकुल में वार्षिक खेल उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर आर्य समाज मॉडल टाउन के





प्रधान शशि चड्ढा और उनकी धर्मपत्नी मंजरी चड्ढा रहे। विशिष्ठ अतिथि के रूप में गुरुकुल के प्रबंधक रामपाल जागलान,सदस्य मेहर सिंह,सदस्य डॉ.सुरेंद्र सिंह, जसबीर व नायाब आर्य रहे। प्राचार्य मनीष घणघस ने सभी का स्वागत किया। महर्षि दयानंद बाल गुरुकुल के इस खेल उत्सव में बच्चों ने बढ़ चढकर भाग लिया। विभिन्न

## न्यूज फ्लैश

### जिले में चिकनगुनिया बुखार से ग्रस्त पहला केस आया सामने

**सोनीपत:** जिले में चिकनगुनिया बुखार का पहला केस सामने आया है। शहर के सेक्टर-14 में रहने वाली किशोरी बुखार से ग्रस्त मिली है। मामले की जानकारी मिलते ही उप सिविल सर्जन ने टीम के साथ जाकर मरीज का हाल-चाल जाना और क्षेत्र में फॉगिंग शुरू कराई। विभाग की तरफ से मरीज की रिपोर्ट व जरूरी जानकारी समय-समय पर ली जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर-14 निवासी किशोरी को कई दिन से बुखार आ रहा था। उनमें तेज बुखार के साथ और भी लक्षण पाए गए। वह 11 फरवरी को जिला नागरिक अस्पताल में उपचार कराने पहुंची तो वहां उन्होंने प्रयोगशाला में रक्त का नमूने दिया। प्रयोगशाला में 13 फरवरी को मिली जांच रिपोर्ट में चिकनगुनिया की पुष्टि हुई। रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अलर्ट जारी कर दिया। चिकनगुनिया का मरीज मिलने के बाद उप सिविल सर्जन डॉ. आशा सहरावत ने सेक्टर-14 में टीम में फॉगिंग करवाई। साथ ही आसपास के लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जा रहा है। चिकनगुनिया संक्रमित मच्छरों के काटने से फैलता है। चिकनगुनिया, डेंगू और मलेरिया के लक्षण लगभग एक जैसे होते हैं इसलिए इनमें अंतर कर पाना मुश्किल होता है। इनके लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सक से जांच करवानी आवश्यक जरूरी है। चिकनगुनिया का बुखार एडीज मच्छरों के काटने से फैलता है जो दिन में अधिक सक्रिय होता है। डेंगू की तरह चिकनगुनिया शारीरिक संपर्क के द्वारा एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं संक्रमित होता है लेकिन यह ब्लड ट्रांसमिशन के जरिए फैल सकता है। चिकनगुनिया के लक्षण संक्रमण के तीन से सात दिनों के बीच दिखने लगते हैं। सेक्टर में मिले मरीज की रिपोर्ट व स्वास्थ्य को लेकर जानकारी समय-समय पर ली जा रही है। क्षेत्र में फॉगिंग करवाई गई है।

### प्रतिबंधित दवाइयों की एक हजार शीशी तस्कर के पास से बरामद

**सोनीपत: कुंडली** क्राइम यूनिट ने कोट मोहल्ले एक घर पर छापेमारी कर प्रतिबंधित दवाई की एक हजार शीशी बरामद की है। पुलिस ने दवाई की तस्करी करने वाले आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सन्नी निवासी कोट मोहल्ला का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे छह दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया गया है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। सहायक उप निरीक्षक सुरेश ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान बीज मार्केट के पास मौजूद थी। टीम को सूचना मिली कि कोट मोहल्ला का रहने वाला सन्नी प्रतिबंधित दवाइयों की तस्करी करता है। उसने अपने घर में दवाई छिपा रखी है। टीम ने उच्च अधिकारियों को अवगत कराया। जिसके बाद ड्रग्स कंट्रोल आफिसर मुंशीराम और राजपत्रित अधिकारी शिव कुमार की निगरानी में छापेमारी के लिए टीम गठित की गई। टीम ने कोट मोहल्ले में पहुंची तो घर के बाहर युवक खड़ा मिला। युवक ने उससे पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान सन्नी के रूप में दी। टीम ने घर की तलाशी ली तो प्लास्टिक के थैलों में रखी प्रतिबंधित वनरेक्स कोडिन फास्फेट ट्रिपरोलाडाइन हाइड्रोक्लोराइड सिरप की एक हजार शीशी मिली। पुलिस ने शीशी अपने कब्जे में लेकर आरोपित सन्नी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को न्यायालय में पेश कर छह दिन के रिमांड पर लिया गया है।

खुद करता है नशा, राजधानी से लेकर आता था दवाइयां: मिली जानकारी के अनुसार आरोपित सन्नी खुद नशे का आदि है। वह दिल्ली से चोरी-छिपे दवाई लेकर आता और क्षेत्र में नशे के आदी युवाओं को दवाई बेच देता था। इसी लत को पूरा करने के लिए प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी से जुड़ गया। वह दवाइयों की तस्करी भी करता है। फिलहाल पुलिस ने दिल्ली में जहां दवाई लाई गई है। उस जगह भी पहचान कर ली।

# चर्चा का विषय बनी खजूर, अंजीर, सेब और ड्रैगन फ्रूट की प्राकृतिक खेती

### राज्यपालश्री आचार्य देवव्रत जी के साथ फार्म पर पहुंचे गुजरात विस अध्यक्ष शंकर भाई चौधरी

**संभव**

▶▶ गुरुकुल के फार्म पर हो रही है, यह असंभव से दिखने वाला कार्य देवव्रत जी के प्रयासों से संभव हो रहा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा की धरती पर खजूर, अंजीर, सेब, ड्रेगन फ्रूट जैसे फलों की प्राकृतिक खेती गुरुकुल के फार्म पर हो रही है, यह असंभव से दिखने वाला कार्य आचार्य देवव्रत जी के प्रयासों से संभव हो रहा है और यह केवल देशी गाय पर आधारित प्राकृतिक खेती से हुआ है। इतना ही नहीं गुरुकुल के फार्म पर मिश्रित फसलों के कई ऐसे मॉडल बनाए गये हैं जिन्हें अपनाकर किसान आर्थिक रूप से सम्पन्न तो होगा ही साथ ही अलग फसल चक्र से उसके खेतों की उपजाऊ क्षमता में भी वृद्धि होगी। उपरोक्त शब्द राज्यपाल आचार्य देवव्रत के साथ गुजरात विधानसभा अध्यक्ष शंकरभाई चौधरी ने गुरुकुल के फार्म के अवलोकन के बाद प्रतिक्रिया देते हुए कहे। उन्होंने कहा कि आचार्य देवव्रत प्राकृतिक खेती मिशन के माध्यम से दुनिया में एक नई क्रांति लाएंगे। फार्म पर राज्यपाल आचार्य देवव्रत जी ने उन्हें प्राकृतिक खेती से उत्पादित लगभग साढ़े चार किलो की शलजम भी दिखाई, जिसे देख सभी आश्चर्यचकित रह गये। इस अवसर पर ओएसडी टू गर्वनर डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार, गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग, पदम्श्री डॉ. हरिओम, डा. बलजीत सहारण, रामनिवास आर्य आदि उपस्थित रहे। विस अध्यक्ष ने गुरुकुल के फार्म का बारीकी से अवलोकन किया, मिट्टी की गुणवत्ता को जांचने के लिए वे स्वयं खेतों में उतर गये। राज्यपालश्री ने बताया कि पिछले दिनों ड्रेगन फ्रूट में फंगस की समस्या आ गई जिस गोशाला के धोवन की छिड़काव से तुरन्त प्रभाव से कंट्रोल कर लिया। इस घटना से सिद्ध होता है कि गोमूत्र खेती के लिए कितना महत्त्वपूर्ण है। फार्म पर आचार्यश्री के साथ विस अध्यक्ष ने गेंहू की विलुप्त हो रही कई प्रजातियों की फसलें देखीं जिनमें गेंहू के साथ चना भी लगाया गया है। इसी प्रकार गन्ना के साथ सरसों और दालों की मिश्रित फसल लगायी गई है। चना के एक पौधे को उखाड़कर कृषि वैज्ञानिक डॉ. हरिओम ने नाइट्रोजन सहित जरूरी पोषक तत्त्व कैसे पौधा जड़ों के माध्यम से लेता है, यह विस्तार से समझाया। गुरुकुल फार्म पर विस अध्यक्ष, आचार्यश्री और अन्य महानुभावों ने जहां प्राकृतिक बेर का स्वाद चखा वहीं क्रेशर पर प्राकृतिक गुड़, शक्कर और खाण्ड बनाने की पूरी प्रक्रिया को विस्तार से जाना और गर्मागर्म गुड़ का आनन्द लिया। विदित हो कि गुजरात विस अध्यक्ष शंकरभाई चौधरी शनिवार को गुरुकुल में पधारे। शनिवार सायं को उन्होंने आचार्यश्री के साथ गुरुकुल केम्पस का भ्रमण किया जिसमें गोशाला, अश्वशाला, निशानेबाजी प्रशिक्षण केन्द्र, आर्ष महाविद्यालय, एनडीए ब्लॉक, देवयान विद्यालय भवन प्राकृतिक चिकित्सालय आदि का अवलोकन किया। गोशाला में देशी नस्ल की गायों व नन्दी की विषय में विस्तार से चर्चा की और गुरुकुल के गोशाला को भारत की उन्नत गोशाला बताया।

## शिविर में विधायक देवेन्द्र कादियान ने किया 30वीं बार रक्तदान




**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर: शहर** के गांधी नगर स्थित लिटिल एंजल पब्लिक स्कूल परिसर में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन लायंस क्लब गन्नौर गौरव तथा लिटिल एंजल स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस रक्तदान शिविर का शुभारंभ स्थानीय विधायक देवेंद्र कादियान ने दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पहले विधायक का आयोजकों ने बुके देकर स्वागत किया। शिविर में सेहत टीम ने करीब 112 यूनिट ब्लड एकत्रित किया। विधायक कादियान ने भी 30 वीं बार रक्तदान किया और कहा कि हम सभी को जीवन मे रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने वाले दूसरे को जिन्दगी देने जैसा पुण्य करते है। कहा कि हर व्यक्ति को एक-दूसरे के सहयोग के लिए तत्पर रहने की जरूरत है। क्लब अध्यक्ष अंकित

**शिविर**

▶▶ यह आयोजन लायंस क्लब गन्नौर गौरव तथा लिटिल एंजल स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया

मल्होत्रा व स्कूल संचालक संजीव राय ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान के लिए बढ़चढ़ कर आगे आना चाहिए। शिविर में रक्तदाताओं को विधायक के हाथों प्रशस्ति पत्र दिए गए और आयोजकों ने विधायक कादियान को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधान अंकित मल्होत्रा, हरीश वाधवा, शालू वाधवा, डिम्पी मल्होत्रा, भावना जाग्या, प्रवीन कामरा, तरुण चुघ, गीता चुघ, शालू राय, संजीव राय, शिल्पा राय, सुभाष रोहिल्ला आदि मौजूद रहे।

## शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म करने का आरोप गिरफ्तार, अदालत में पेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: कुंडली** थाना पुलिस ने शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सौरभ निवासी बागपत यूपी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक महिला ने गत

**मुकदमा**

▶▶ पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था

आठ जनवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया था सौरभ नाम के युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। शादी की कहने के बाद आरोपित टालमटोल करने लगा। उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था।

## रोटी बैंक शाखा ने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लिया निर्णय



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र की एक आवश्यक बैठक रोटी बैंक कार्यालय में की गई। यह बैठक रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ अशोक कुमार वर्मा की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में रोटी बैंक के वरिष्ठ उप प्रधान भारतेन्दु हरीश, उप प्रधान विश्व बेदी, महासचिव कर्म चंद, सचिव नरेश मैहता, कोषाध्यक्ष नरेश सैनी, अंकेक्षक डॉ एम एम सिंह और सदस्य डॉ अरुण धीमान, सुषमा वर्मा एवं निकुंज उपस्थित रहे। बैठक में रोटी बैंक के कार्यों पर चर्चा करते हुए इसके विस्तार पर चर्चा हुई। रोटी बैंक द्वारा

**फैसला**

▶▶ यह बैठक रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ अशोक कुमार वर्मा की अध्यक्षता में हुई, लिए गए निर्णय

नियमित भोजन वितरण जिसमें सब्जी, दाल, पूरी, रोटी, चावल, राजमा, छोले, खीर, हलवा, फल, सूखा राशन वितरण, सर्दी में गर्म वस्त्र और जर्सी कंबल वितरण, ग्रीष्म ऋतू में अन्य वस्त्र वितरण, जूते वितरण, मिष्ठान वितरण, स्वच्छता के लिए साबुन, टूथ पेस्ट आदि भी वितरित किए जा रहे हैं। इसके साथ रोटी बैंक द्वारा समय समय पर स्वच्छता, जनसंख्या नियंत्रण, नशे से दूर रहने के लिए भी जागरूक किया जा रहा है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इनके साथ ही झुग्गी झोपडी और ईंट भट्ठे आदि स्थानों पर बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करने का भी कार्य किया जाए और इस वर्ष से कुछ बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए उनकी हर संभव सहायता की जाए। रोटी बैंक के सभी पदाधिकारियों ने एकमत से इस पर सहमति प्रदान की। प्रधान सेवक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि रोटी बैंक से कोई भी व्यक्ति जुड़ सकता है।

## गर्ल कॉलेज में थिएटर की सात दिवसीय वर्कशॉप शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल कुरुक्षेत्र में हिंदी विभाग व सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के द्वारा सात दिवसीय नाटक व रंगमंच कार्यशाला का प्रारंभ हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ गगनदीप कौर ने इसका उद्घाटन करते हुए कहा कि हमारा जीवन एक नाटक की भांति है जिसमें हम दैनिक जीवन में अनेक रोल अदा करते हैं। इस कार्यशाला की अध्यक्षता हिंदी विभाग



व सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ कृष्ण कुमार ने की । उन्होंने अपने वक्तव्य में बताया की साहित्य , सिनेमा एवं रंगमंच एक दूसरे के पर्याय हैं । इसलिए विद्यार्थियों को इस विधा से जुड़ना चाहिए। इस कार्यशाला के संयोजक हिंदी विभाग के प्रोफेसर डॉ सुनील थूआ ने बताया कि कला मानव जीवन का अभिन्न अंग है । साहित्य को कल से जोड़कर देखना चाहिए। नाटक व रंग मंच को व्यावहारिक तौर पर समझने के लिए महत्व है। इस सात दिवसीय कार्यशाला में विश्व व भारत में नाटक के इतिहास उद्भव, विकास व मानव निर्माण में रंगमंच की क्या भूमिका रही है । इन सभी विषयों पर हल्कारा थिएटर ग्रुप के डायरेक्टर अमित चौहान द्वारा कलाकारों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

**शुभारंभ**

▶▶ सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के द्वारा सात दिवसीय नाटक व रंगमंच कार्यशाला का प्रारंभ हुआ।

## दहेज की मांग को लेकर महिला को प्रताड़ित करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: शहर** थाना क्षेत्र में महिला को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। महिला ने मामले को लेकर पुलिस आयुक्त कार्यालय में शिकायत दी। जिसके बाद शहर थाना पुलिस ने आरोपित ससुराल पक्ष के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंडियन कॉलोनी निवासी मोनिका ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2005 में संदीप के साथ हुई थी। शादी के बाद उसे मानसिक व

**गंभीर आरोप**

▶▶ पीड़िता ने ससुर पर आरोप लगाया कि उसके कमरे में सीसीटीवी कैमरा लगा रखा है। जिससे वह उस पर बुरी नजर रखते है

शारीरिक तौर से प्रताड़ित किया जाने लगा। ससुराल पक्ष के लोग उसके साथ गाली-गलौज करते है। महिला ने आरोप लगाया कि उसके पति के किसी अन्य महिला के साथ संबंध है। इस बारे में जानने के बाद भी उसका साथ देते है। पीड़िता ने बताया कि गत 26 नवंबर को करीब तीन बजे ससुराल पक्ष के लोगों ने कमरे में घुसकर उनके साथ मारपीट की। पीड़िता ने ससुर पर आरोप लगाया कि उसके कमरे में सीसीटीवी कैमरा लगा रखा है। जिससे वह उस पर बुरी नजर रखते है। मामले को लेकर पुलिस आयुक्त कार्यालय में शिकायत दी। जिसके के बाद पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस आयुक्त कार्यालय से मिले आदेश पर शहर थाना पुलिस ने ससुराल पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## टॉवर से सामान चोरी, मुकदमा दर्ज

**राई** थाना क्षेत्र में कंपनी के टॉवर से सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। कंपनी के अधिकारी ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पानीपत निवासी संदीप ने बताया कि वह कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर तैनात है। उनकी कंपनी का टावर राजीव गांधी एजूकेशन सिटी राई के एक प्लॉट में लगा रखा है। गत 10 फरवरी को रात को टावर से डाउन की सूचना मिली। टावर के पास जाकर जांच की तो सामान गायब मिला। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया

## चीनी मिल में ट्रांसफर किया तीन लाख क्विंटल गन्ना

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: दी** सहकारिता चीनी मिल प्रबंधन की तरफ से पेराई सत्र को समय सीमा अवधि में समाप्त करने की कवायद में जुट गया है। जिसके तहत प्रबंधन की तरफ से तीन लाख क्विंटल गन्ना ट्रांसफर किया गया है। प्रबंधन की तरफ से आहुलाना चीनी मिल में गन्ना डालने के लिए गन्ना उत्पादकों को पर्चियां जारी कर दी गई है। प्रबंधन की तरफ से हर रोज पांच हजार क्विंटल गन्ने के टोकन जारी किए जाते है। ताकि गन्ना उत्पादकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

बता दें कि शहर के कामी सड़क मार्ग स्थित दी सहकारिता चीनी ने वर्ष 2024-25 के लिए जिले के करीब 1800 से ज्यादा गन्ना उत्पादकों के साथ बॉन्डिंग की है। प्रबंधन की तरफ से 32 लाख क्विंटल गन्ने की बॉडिंग की है। इस बार फरवरी माह में ही गर्मी बढ़ी शुरू हो गई है। ऐसे में अप्रैल माह के पहले सप्ताह तक पेराई का टारगेट पूरा करने की कवायद में जुटे सोनीपत चीनी मिल प्रबंधन द्वारा गन्ने को आहुलाना चीनी मिल में भी भेजना शुरू कर दिया है, ताकि समय पर गन्ना उत्पादकों के खेत खाली हो सके। अधिक गर्मी होने पर मिल का संचालन करना मुश्किल होता है, वहीं चीनी की रिकवरी रेट भी कम हो जाती है।

**पेराई सत्र**

▶▶ प्रबंधन की तरफ से आहुलाना चीनी मिल में गन्ना डालने के लिए गन्ना उत्पादकों को पर्चियां जारी कर दी गई

**प्रबंधन कर चुका है 16 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई-** सोनीपत चीनी मिल में गन्ने की पेराई तेजी से की जा रही है। सोनीपत चीनी मिल की पेराई क्षमता 22 हजार क्विंटल प्रतिदिन है। अब तक मौजूदा पेराई सत्र में 16 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई का काम पूरा किया जा चुका है। पिछले 24 घंटे में सोनीपत चीनी मिल में 21 हजार 442 क्विंटल गन्ने की पेराई की गई है। शनिवार की बात करे तो शाम चार बजे तक सोनीपत चीनी मिल में 9 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई का काम पूरा कर लिया गया था। इस दौरान सोनीपत चीनी मिल की यार्ड में 2860 क्विंटल गन्ना किसान लेकर पहुंचे हुए थे, जबकि इसके अतिरिक्त 30 हजार 590 क्विंटल गन्ने के ऑनलाइन टोकन बुक हो चुके थे। समय पर पेराई सत्र के कार्य को पूरा करने के लिए प्रबंधन की तरफ से आहुलाना चीनी मिल में गन्ना ट्रांसफर किया गया है। प्रबंधन की तरफ से अब तक 16 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई का लक्ष्य पूरा हो चुका है। गन्ना उत्पादकों की मदद वह सहायता के लिए प्रबंधन की तरफ से जरूरी कदम उठाने का कार्य किया समय-समय पर किया जाता है।

## संदिग्ध हालत में अशोका विवि के दो छात्रों मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: सोनीपत** के राई एजुकेशन सिटी स्थित अशोका विवि में शिक्षा ले रहे दो छात्रों की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। एक छात्र ने विवि परिसर में बनी इमारत की दसवीं मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी। वहीं दूसरे छात्र की संदिग्ध हालत में गेट के सामने मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां परिजनों के आने के बाद शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने इमारत से कूदने वाले छात्र से सुसाइड नोट बरामद किया है। वहीं संदिग्ध परिस्थिति में मृत मिले छात्र की मौत की मौत का कारण हृदय गति रुकना माना जा रहा है। हालांकि जांच के लिए विसरा रिपोर्ट के लिए सैंपल लिए गए है। पुलिस ने विसरा जांच के लिए लैब में भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर शाम को अशोक विवि परिसर में बनी इमारत से दसंवी मंजिल से छात्र के गिरने की सूचना मिली थी। विवि प्रबंधन ने छात्र को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। छात्र की पहचान कर्नाटक के बैंगलोर निवासी ध्रुव ज्योति साहू (20) के रूप में हुई। वह अशोका विवि में द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा था। उसके कमरे स सुसाइड नोट बरामद हुआ है। हालांकि इसमें उसने किसी को मौत के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराने की जानकारी मिली है। परिजनों ने भी इसमें किसी पर कोई आरोप-प्रत्यारोप नहीं लगाया है। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

**जांच जारी**

▶▶ इमारत की दसवीं मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी। वहीं दूसरे छात्र की संदिग्ध हालत में गेट के सामने मौत हो गई

**विवि गेट पर मिला दूसरे छात्र का शव:** ए-601 ओम श्री तेलंगाना के रहने वाले छात्र विग्नेश (19) शुक्रवार की रात करीब दो बजे को यूनिवर्सिटी से बाहर आए थे। यूनिवर्सिटी के पास स्थित दुकान से कुछ सामान भी लिया। इसके बाद वापस यूनिवर्सिटी जा रहे थे तो बेहोश होकर गेट के पास गिर गए। सुरक्षा गार्डों ने मामलों को तुंत प्रबंधन को अवगत कराया। उसे आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद परिजन भी अस्पताल पहुंचे। जहां शनिवार को उसका पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है। अशोका विवि की तरफ से दो छात्रों की मौत के बाद दोपहर को प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई। जिसमें घटना को दुखद बताया गया है। विवि की तरफ से कहा गया है कि एक छात्र ने आत्महत्या की है। जिसका सुसाइड नोट बरामद हुआ है। वहीं दूसरा छात्र कैंपस के बाहर बेहोश मिला है। दोनों को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। विवि प्रबंधन की दोनों छात्रों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता है।

**मां के पास भेजा सुसाइड नोट, एक सप्ताह पहले काटा था हाथ-** अस्पताल में पहुंचे परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार परिसर में दसवीं मंजिल से कूदने वाले ध्रुव ज्योति साहू ने डेढ़ पेज का एक सुसाइड नोट लिखकर अपनी मां के पास भेजा। वहीं उसने एक सप्ताह पहले भी किसी बात को लेकर अपने हाथ पर कट लगा लिया था। जानकारी मिली है कि ध्रुव का एक छोटा भाई भी है। जो बैंगलोर में अपनी मां के रहकर स्कूल में पढ़ता है।

**विवि प्रबंधन ने लगाई थी स्कैनिंग मशीन, विरोध करने में था आगे-** जानकारी मिली है विवि प्रबंधन की तरफ से परिसर में किसी प्रकार की कोई अनावश्यक वस्तु न लेकर कोई अंदर आए। उसके लिए प्रबंधन की तरफ से स्कैनिंग मशीन लगाई गई थी।

## चलते हाइवा पर चढ़ते समय हेल्पर का फिसला पैर, गाड़ी के नीचे आने से मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: बहालगढ़** थाना क्षेत्र के पलड़ी मोड़ पर चलती गाड़ी में चढ़ते समय गाड़ी पर तैनात हेल्पर का पैर फिसल गया। गाड़ी के नीचे आने से हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने हाइवा चालक के खिलाफ लापरवाही का मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव अखनाका मेवात नूंह निवासी इमरान ने बताया कि वह चालक की नौकरी करता है। उसका लड़का अरमान (19) हाइवा गाड़ी पर हेल्पर की नौकरी करता था। वह गत 14 फरवरी को देर शाम दोनों गाड़ी लेकर नुंह से गांव नांदनौर में रेती भरने के लिए चले थे। रात को पलड़ी मोड़ के नजदीक पहुंचे। उसी दौरान अरमान बाथरूम करने के लिए उतर गया। उसके बाद वापस गाड़ी में चढ़ने लगा। हाइवा चालक ने अचानक गाड़ी को चला लिया। जिससे उसका पैर पायदान से फिसलकर गिर गया। वह गाड़ी के नीचे आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायल को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची बहालगढ़ थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जांच अधिकारी एसआई सुभाष ने बताया कि आरोपित चालक के खिलाफ लापरवाही का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**मुकदमा**

▶▶ जांच अधिकारी एसआई सुभाष ने बताया कि आरोपित चालक के खिलाफ लापरवाही का मुकदमा दर्ज कर लिया

## न्यूज फ्लैश

### नियमों की अवेलना करने वाले 87 वाहन व बुलेट के 14 चला कर कर लाखों का जुर्माना

**सोनीपत:** यातायात पुलिस सोनीपत का सड़क सुरक्षा स्पेशल अभियान लगातार छठे दिन भी जारी रहा। अभियान के तहत सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु भारी वाहनों को लेन ड्राईविंग (बॉई लेन) में चलने के नियमों की उल्लंघना करने पर पुलिस कर्मचारियों ने कार्यवाही करते हुए 87 वाहनों के चालान के चालतान काटे। वहीं बुलेट पटाका छोड़ने वाली 14 बाइकों के चालान करके दो लाख 59 हजार पांच सौ रुपये जुर्माना वसूला गया। पुलिस विभाग की तरफ से भारी वाहन चालकों को गाड़ी बाई लाइन में चलाने हेतु जागरूक करने का काम किया जा रहा है। ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके व शहर में बुलेट बाइक से पटाखे छोड़ने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। पुलिस विभाग की तरफ से जिले में यातायात कर्मचारियों की तरफ से सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतु भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राईविंग (बॉई लेन) निर्धारित करने व बॉई लेन में चलने हेतु वाहन चालकों को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत लापरवाही करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही करने एवं इस अभियान को सफल बनाने के लिए पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिए गए है। शनिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44, केजीपी हाइवे, केएमपी व गोहाना पानीपत हाइवे पर अभियान के तहत नियमों की अवेलना करने वाले 87 वाहनों के चालान किए हैं। वहीं अभियान चलाकर बुलेट पटाका के 14 चालान कर तकरीबन 2 लाख 59 हजार 500 रुपये का जुर्माना किया। साथ ही 10 बुलेट को इंपाउंड किया गया है।

### ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल में "ब्लास्ट एंड बूगी" कार्यक्रम का भव्य आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक




**कुरुक्षेत्र:** ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल में "ब्लास्ट एंड बूगी" कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के अन्य बच्चों के लिए रोमांचक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। कार्यक्रम में सोलो डांस, सिंगिंग, स्टोरी टेलिंग, एक्ट विद पेरेंट्स, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता जैसी गतिविधियाँ शामिल थीं, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन में चीफ गेस्ट के तौर पर श्रीमती किरण बाला गनोत्रा और श्रीमती पूजा सैनी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं, जिसमें उनकी रचनात्मकता और आत्मविश्वास झलकता नजर आया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों ने अनोखी वेशभूषा पहनकर दर्शकों का मन मोह लिया, वहीं स्टोरी टेलिंग और एक्ट विद पेरेंट्स में माता-पिता और बच्चों की शानदार केमिस्ट्री देखने को मिली। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या डॉ० सुमिता ठाकुर ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

### शराब ठेके के आफिस से लाखों की नकदी चुराने का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिले की जाखल पुलिस ने शराब ठेके के आफिस से लाखों की नगदी चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान अनवर सिंह पुत्र बीकर सिंह निवासी चुलड़ खुर्द जिला संगरूर, पंजाब के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से 1 लाख 70 हजार 200 रुपये की नगदी भी बरामद की है। थाना जाखल प्रभारी एसआई राधेश्याम ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 23 जनवरी को फ्रेंडस कालोनी, टोहाना निवासी ईश कुमार सरना की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसने फतेहाबाद जिले में शराब के ठेके ले रखे हैं। उसकी जाखल में माया पैलेस के सामने टीसीपी ठेका नाम से दुकान है। ठेके के साथ ही उसने ऑफिस बनाया हुआ है जिसे अनवर सिंह पुत्र बीकर सिंह निवासी चुलड़ खुर्द संभालता है। अनवर ऑफिस में रखे 3 लाख 82 हजार 200 रुपये लेकर फरार हो गया है। इस मामले में जाखल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की। इस मामले में जांच अधिकारी द्वारा आरोपी के बारे में अहम सुराग जुटाते हुए उसे गिरफ्तार कर नकदी बरामद कर ली है। पकड़े गए युवक से पूछताछ की जा रही है।

# मटेड़ी जट्टां में महिलाओं को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

## मासिक धर्म स्वच्छता विषय पर वर्कशॉप एवं प्रशिक्षण शिविर का किया गया आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार



**अम्बाला:** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवीन की अध्यक्षता में गांव मटेडी जट्टां स्थित आंगनवाड़ी भवन में मासिक धर्म स्वच्छता विषय पर वर्कशॉप एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पैनल अधिवक्ता कानूनी स्वयं सेवक सोनिया व कम्युनिटी हेल्थ अधिकारी अवनिता मौजूद रही। कम्युनिटी हेल्थ अधिकारी अवनिता ने इस मौके पर उपस्थित महिलाओं को स्वच्छता बारे जागरूक करते हुए कहा कि हर महिला मासिक धर्म में स्वच्छता का पालन करें और अन्य महिलाओं को भी उसके प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है , इससे किसी भी तरह की शर्मिंदगी या झिझक का कारण नहीं बनना चाहिए। मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के लिए सेनेटरी पैड, टेम्पोन या मेंस्ट्रुअल कप का सही इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने सभी से समाज के विभिन्न हिस्सों में रह रही महिलाओं विशेषकर किशोर लड़कियों को उस बारे में जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। कम्युनिटी हेल्थ अफसर अवनिता ने बताया कि लड़कियों व महिलाओं के स्वास्थ्य व सम्मान के लिए सुरक्षित महावारी अति आवश्यक है। नेशनल वुमन डे के अवसर पर महिलाओं के लिए जागरूकता शिविर लगाया गया। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवीन की अध्यक्षता में गांव बलाना स्थित आंगनवाड़ी भवन में नेशनल वुमन डे के अवसर पर महिलाओं के लिए जागरूकता शिविर लगाया गया। जिसमें मासिक धर्म स्वच्छता विषय पर वर्कशॉप एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पीएलवी व कानूनी स्वयं सेवक सोनिया द्वारा महिलाओं को जागरूक किया गया। पीएलवी सोनिया ने बताया कि मासिक धर्म महिलाओं के जीवन का एक सामान्य और स्वाभाविक हिस्सा है। हर महीने महिला शरीर में होने वाली इस प्रक्रिया के दौरान स्वच्छता बनाए रखना बहुत जरूरी होता है।

## मेयर पद के उपचुनाव के लिए शैलजा सचदेवा ने भरा नामांकन



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** नगर निगम चुनाव के तहत नामांकन भरने की प्रक्रिया के तहत मेयर पद के उप चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी से शैलजा सचदेवा पत्नी संदीप सचदेवा ने रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। शपथ पत्र के मुताबिक शैलजा सचदेवा ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण की हुई है तथा उन्होंने अपना स्थाई पता मकान नम्बर 378, सैक्टर 7 अम्बाला शहर दर्शाया है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि जिलें में नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत नामांकन प्रक्रिया के तहत सभी तैयारियां की हुई हैं। उन्होंने बताया कि 17 फरवरी तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं, 18 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी। सम्बधिंत उम्मीदवार 19 फरवरी को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक नामांकन वापिस ले सकते हैं। इसी दिन 3 बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आर्बटित कर दिए जाएगें, 19 फरवरी को ही चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों, मतदान केन्द्रों की सूचि चस्पा कर दी जाएगी। 2 मार्च को मतदान होगा और 12 मार्च को मतगणना का कार्य किया जाएगा।

### पुलिस वर्दी पहन नकली नोटों से ठगी करने वाला काबू

**फतेहाबाद।** हरियाणा पुलिस की वर्दी पहनकर और नोटों की नकली गड्डियां दिखाकर लोगों को ठगने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए भूना पुलिस ने वर्दीधारी एक युवक को काबू किया है जबकि उसके दो साथी मौके से भागने में कामयाब रहे। पुलिस ने पकड़े गए युवक के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर उसके फरार साथियों की तलाश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार भूना पुलिस की टीम एसआई रविंद्र के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। पुलिस टीम जब भूना बस अड्डे के पास नाकाबंदी कर वाहनों की जांच कर रही थी तो उकलाना की तरफ से एक मोटरसाइकिल पर तीन युवक आते दिखाई दिए।

## चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से वार्षिक भंडारे की तैयारी

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**कुरुक्षेत्र :** आज रविवार को गांव बाहरी में सवार नाथ चेला मोहरू नाथ चैरिटेबल ट्रस्ट की विशेष मीटिंग रखी गई। ट्रस्ट के प्रधान मान सिंह और उप प्रधान मिहा सिंह रंगा ने बताया कि डेरे में फाल्गुन मास की नवमी उत्सव की तैयारी के लिए मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में सभी सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव दिए। डेरे की देखरेख और धार्मिक प्रचार के लिए ट्रस्ट की तरफ से सब कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया ताकि डेरे का अधिक से अधिक प्रचार हो। ट्रस्ट के महासचिव फूल सिंह पूर्व सरपंच दयालपुर और कोषाध्यक्ष सूरजभान बिबीयान बताया ने बताया कि ट्रस्ट की तरफ से एक लीगल सब कमेटी बनाई गई। लीगल कमेटी के चेयरमैन एडवोकेट ऋषि पाल हरिपुर जिला कुरुक्षेत्र और प्रधान एडवोकेट रविंद्र कुमार को सेवा के लिए मौका मिला। युवाओं की सब कमेटी के चेयरमैन वकील चंद और प्रधान रामलाल सिरसल को सेवा का मौका मिला। ट्रस्ट के वरिष्ठ उप प्रधान शेर सिंह ढांडा ने बताया कि रिटायर्ड सेवानिवृत कर्मचारियों की सब कमेटी के चेयरमैन बरखा राम जास्ट , भूखड़ी और प्रधान पवन सिंह तूर अमरगढ़ मझाडा को सेवा का मौका मिला।सरकारी व प्राइवेट कर्मचारियों के प्रधान गुरनाम जे .ई. सेक्टर 3 को सेवा का मौका मिला।ट्रस्ट के सब कमेटी के नवनियुक्त सेवादारो ने ट्रस्ट को विश्वास दिलाया कि हम लगन ,मेहनत और ईमानदारी से डेरे के प्रति सच्ची भावना से सेवा करेंगे और डेरे की देखरेख व धार्मिक प्रचार के लिए गांव-गांव जाकर प्रचार करेंगे।

### फोर-व्हीलर से 12 बॉक्स जूते चोरी

**सोनीपत:** बहालगढ़ थाना क्षेत्र में सर्विस रोड पर खड़े वाहन से जूते चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित चालक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुआयना कर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। हनुमान चबुतरा जालौन उत्तर प्रदेश निवासी सोमप्रकाश ने बताया कि वह करीब दो माह से टाटा एएसई की नौकरी करता है। वह गत 12 फरवरी को गाड़ी में जूते व चप्पल भरकर चण्डीगढ़ के लिए चला था। रात को बहालगढ़ से कुछ दूरी पर सर्विस रोड पर गाड़ी को खड़ा करके सो गया। सुबह उठकर गाड़ी चलने से पहले चेक करने लगा। गाड़ी के गेट पर ताला नहीं मिला। अंदर सामान की जांच की तो गाड़ी से 12 बॉक्स जूते नहीं मिले। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी जयभगवान ने बताया कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## विज्ञान प्रदर्शनी से छात्रों में वैज्ञानिक मनोवृत्ति का विकास होता है : डॉक्टर खुशीला

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**कुरुक्षेत्र :**राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल में वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए डॉक्टर खुशीला, प्राचार्या महोदया राजकीय महिला महाविद्यालय ,अंबाला सिटी ने कहा कि यह विद्यार्थी में जिज्ञासा एवं मनोवैज्ञानिक समझ पैदा करने का पूर्वानुमानित तरीका है। यह एक ऐसा मंच है जहां छात्र अपने मॉडल के माध्यम से दर्शाते हैं कि वैज्ञानिक सिद्धांतों के बारे में उनकी समझ कितनी है। इस अवसर पर बोलते हुए कॉलेज की प्राचार्या महोदया डॉक्टर गगनदीप कौर ने कहा कि वैज्ञानिक चिंतन और तर्क की बुनियाद पर विकसित भारत का निर्माण होगा ।हमें अपने शैक्षणिक संस्थानों में विज्ञान और तकनीक के रूप परिस्थितियों का निर्माण करना चाहिए। उन्होंने इस अवसर पर उच्चतर शिक्षा निदेशालय,पंचकूला के सहयोग की प्रशंसा की कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर पूनम बागी ने कहा की यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों को जिज्ञासु एवं कल्पनाशील बनाने में मदद करती है। रोजमर्रा की समस्याओं को समझने एवं उसका निदान करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है इस प्रदर्शनी में कुरुक्षेत्र एवं यमुनानगर के कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया इस प्रदर्शनी में महाविद्यालय की छात्राओं ने केप्यूटर साइंस, मनोविज्ञान , केमिस्ट्री एवं भूगोल में प्रथम स्थान प्राप्त किया ।आर्य कॉलेज शाहबाद की टीम ने जूलॉजी और भौतिक साइंस में प्रथम स्थान हासिल किया। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रोफेसर गुलाब, प्रोफेसर दीपक ,प्रोफेसर प्रवीण वत्स, प्रोफेसर अनुपम सिहाग ,प्रोफेसर लक्ष्मी प्रोफेसर रणधीर ,प्रोफेसर एसपी गुप्ता ने सफलतापूर्वक निभाई ।डॉ मीनाक्षी ने विज्ञान प्रदर्शनी में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों, संयोजकों एवं महाविद्यालय के शैक्षणिक तथा गैर शैक्षणिक स्टाफ का धन्यवाद किया मंच संचालन की भूमिका प्रोफेसर मोनिका ने अदा कीइस अवसर पर प्रोफेसर रूपा प्रोफेसर बीरइन्द्र ,प्रोफेसर कृष्ण कुमार ,प्रोफेसर सतीश गर्ग ,प्रोफेसर सीमा ,प्रोफेसर नमिता ,प्रोफेसर मंजू, प्रोफेसर राजीव ,प्रोफेसर राजवीर, प्रोफेसर सीमा पांडे, प्रोफेसर सतवीर एवं सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे

## सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन पड़ सकता है भारी: वरुण सिंगला

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**कुरुक्षेत्र :** सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन भारी पड़ सकता है। इस सम्बन्ध में कुरुक्षेत्र पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। पुलिस अधीक्षक श्री वरुण सिंगला ने कहा कि जहां अवैध असला रखना कानूनन अपराध है वहीं रुतबा दिखाने के लिए लाईसेंसशुदा हथियारों के साथ सोशल साईट्स फेसबुक, व्हाट्सएप और ट्विटर पर फोटो टैग करना भी भारी पड सकता है। पुलिस ऐसे व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कारवाई करेगी और इसके साथ ही उसके शस्त्र लाइसेंस को रद्द करवाने की कार्रवाई भी शुरू होगी। इस सम्बन्ध में सभी थाना प्रभारियों को निर्देश जारी किये गए हैं। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने कहा कि सार्वजनिक तौर पर हथियारों का प्रदर्शन करना प्रतिबंधित है। उन्होंने बताया कि शिकायत होने पर हथियार के साथ फोटो अपलोड करने वालों को तीन साल तक जेल की सलाखों के पीछे रहना पड़ सकता है और भारी भरकम जुर्माना भी अदा करना पड़ सकता है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हथियार भले ही लाइसेंसी हो लेकिन उसका सार्वजनिक प्रदर्शन पूरी तरह से गैर कानूनी है। ऐसा करना असला लाइसेंस जारी करने के लिए तय शर्तो के उल्लंघन एवं असले के दुरुपयोग की परिधि में आता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सोशल मीडिया पूरी तरह से सार्वजनिक मंच है।

### मादक पदार्थ तस्कर को किया गिरफ्तार

**सोनीपत:** कुंडली क्राइम यूनिट कुंडली पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित आदित्य उर्फ चिंटू निवासी राजेंद्र नगर सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वारदात में शामिल एक आरोपित को पहले काबू कर लिया था। सहायक उप निरीक्षक मनोज की टीम ने गीता भवन चौक के पास से गुप्त सूचना के आधार पर युवक को काबू कर किया था। आरोपित विजय उर्फ सतेरी के पास से पुलिस ने हेरोइन बरामद की थी।

## 8 मार्च को लगेगी इस वर्ष की पहली लोक अदालत

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार



**अम्बाला:** सुश्री कंचन माही, माननीय जिला एवं सत्र न्यायधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला के निर्देशानुसार प्रवीण, सी जे एम एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 8 मार्च 2025 को इस वर्ष की पहली राष्ट्रीय नैशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। अधिक जानकारी देते हुए श्रीप्रवीणजी ने बताया कि यह आयोजन जिला स्तर के साथ साथ उपमंडल स्तर पर स्थित अदालतों में भी किया जायेगा। उन्होंने बताया कि नैशनल लोक अदालत का आयोजन 08 मार्च 2025 को अम्बाला एवं नारायणगढ़ की सभी अदालतों में होना सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने जन साधारण से अपील की है कि यदि कोई भी व्यक्ति अपने केस को नैशनल लोक अदालत मे निपटारा करवाना चाहता है तो वह सम्बधित न्यायलय में अपने केस को लगवा सकता है। नैशनल लोक अदालत मे मनी रिकवरी संबंधी मुकदमे, अपराधिक मामलेजिनमे कानूनी सुलह संभव है, बिजली व पानी बिलसंबंधी मुकदमे, वाहन दुर्घटना संबंधी मुकदमे, परिवारिक विवाद संबंधी मुकदमे, लेबर डिस्प्यूट सम्बन्धी मुकदमे, चेक बाउंस संबंधी मुकदमे,दीवानी केस संबंधी मुकदमे और समरी संबंधी आदि मुकदमों का निपटारा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्थाई लोक अदालत व उपभोक्ता अदालत मे नैशनल लोक अदालत का आयोजन 07 मार्च 2025 को किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए हैल्पलाइन नं. 0171-2532142 व 9991112660 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने जनसाधारण से अपील की कि वे अदालत मे लम्बित मुकदमें व प्री लिटिगेशन स्टेज पर मुकदमे इस लोक अदालत मे रख कर उनका निपटारा करवा सकते है जिससे आपसी समझौते से मुकदमे का निपटारा होने पर भाईचारे की भावना बढ़ती है।

> **निपटारा**
> दीवानी केस संबंधी मुकदमे और समरी संबंधी आदि मुकदमों का निपटारा किया जाएगा

## हसला कुरुक्षेत्र जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन (हसला) कुरुक्षेत्र की जिला कार्यकारिणी का भव्य शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने शिरकत की। जिला प्रधान डॉ तरसेम कौशिक,चैयरमैन सतबीर कौशिक, डॉ शीशपाल जांगड़ा, राजेश सैनी, डॉ दिनेश यादव, अतुल कुमार शर्मा, संजय कौशिक ने कार्यक्रम में पहुंचने पर पुष्प गुच्छ भेंट कर मुख्यातिथि सुभाष सुधा का स्वागत एवं अभिनंदन किया। समारोह के दौरान नवनियुक्ति पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि श्री सुभाष सुधा जी ने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व और शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए संगठन की विभिन्न मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। उन्होंने हसला की आगामी योजनाओं तथा मांगों पर चर्चा करते हुए शिक्षकों के हितों की रक्षा और शैक्षिक सुधारों के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। डॉ तरसेम कौशिक ने पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा को शिक्षकों की समस्याओं तथा मांगों से अवगत कराया तथा उनकी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने का आग्रह किया। जिला प्रधान डॉ. तरसेम कौशिक ने कहा कि पहले स्कूलों में शिक्षकों के लिए 'लेक्चरर' पदनाम था, जिसे बदलकर अब 'पीजीटी' (पोस्ट ग्रेजुएट टीचर) कर दिया गया है। उन्होंने इसे शिक्षकों के सम्मान से जुड़ा मुद्दा बताते हुए सरकार से फिर से 'लेक्चरर' पदनाम बहाल करने की मांग की। डॉ. तरसेम कौशिक ने सभी प्राध्यापक साथियों का आभार जताते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा से शिक्षकों के हितों के लिए कार्य करेंगे। उनकी प्राथमिकताओं में पुरानी पेंशन बहाली, प्राचार्य पदोन्नति के नियमों में सुधार, गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति, कंफर्मेशन सूची शीघ्र जारी करवाना, वेतन आयोग की विसंगतियों को दूर करना, और कैशलेस मेडिकल सुविधा को लागू कराना जैसी मांगें शामिल हैं। डॉ कौशिक ने केंद्र सरकार के अनुरूप हरियाणा में भी हाउस रेंट अलाउंस को 10% करने की मांग की। मुख्यातिथि सुभाष सुधा ने हसला जिला प्रधान डॉ तरसेम कौशिक को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे जल्द ही हसला के प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी से मिलकर प्राध्यापकों की जायज मांगों को पूरा करने का प्रयास करेंगे। चेयरमैन सतबीर कौशिक और संरक्षक डॉ. शीशपाल जांगड़ा तथा डॉ दिनेश यादव ने शिक्षकों की समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तृत चर्चा की।

> **अभिनंदन**
> कार्यक्रम में पहुंचने पर पुष्प गुच्छ भेंट कर मुख्यातिथि सुभाष सुधा का स्वागत एवं अभिनंदन किया

## कुवि में 34वें दीक्षांत समारोह के लिए रिहर्सल आज

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के श्रीमद्भगवद्गीता सदन (केयू ऑडिटोरियम हॉल) में 18 फरवरी 2025 को होने वाले 34वें दीक्षांत समारोह की तैयारियां जोरों पर है। 34वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए 17 फरवरी दिन सोमवार को केयू ऑडिटोरियम हॉल में दोपहर 2 बजे रिहर्सल की जाएगी जिसमें दीक्षांत समारोह से संबंधित सभी कमेटी के संयोजक, सदस्य, अधिकारीगण तथा डिग्री, उपाधि, एवं गोल्ड मेडल के विद्यार्थी भाग लेंगे। दीक्षांत समारोह के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ ने संबंधित कमेटी संयोजकों, सदस्यों तथा अधिकारियों से बात कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए हैं। गौरतलब है कि 18 फरवरी को होने वाले 34वें दीक्षांत समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यातिथि, हरियाणा के राज्यपाल एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय, हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, इसरो के प्रतिष्ठित अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. एस सोमनाथ तथा कुरुक्षेत्र के लोकप्रिय सांसद नवीन जिंदल, कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा व कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल की बतौर विशिष्ट अतिथि गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। केयू परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि 34वें दीक्षांत समारोह में 212 शोधार्थियों को अतिथियों द्वारा पीएचडी उपाधि दी जाएगी। समारोह में 2959 यूजी व पीजी विद्यार्थियों को डिग्री तथा 91 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल एवं सर्टिफिकेट दिए जाएंगे।

# आजादपुर मंडी में रामभरोसे है सफाई व्यवस्था: पंकज भरेजा






**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** एशिया की सबसे बड़ी आजादपुर मंडी में सफाई व्यवस्था ठीक न होने की वजह से यहां पर आने वाले लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस संदर्भ में बोलते हुए आजादपुर मंडी के प्रसिद्ध व्यापारी पंकज भरेजा ने बताया कि मंडी प्रशासन की लापरवाही की वजह से आजादपुर मंडी में जगह-जगह गंदगी के ढ़ेर लगे हुए है, जिससे की वजह से लोगों को परेशान होना पड़ रहा है।

**आजादपुर मंडी में समय से नहीं होती सफाई:** प्रसिद्ध व्यापारी पंकज भरेजा ने बताया कि आजादपुर मंडी में अगर प्रशासन के द्वारा ठीक से सफाई करवाई जाये तो यहां पर आने वाले लोगों को गंदगी की समस्या से न जूझना पड़े। लेकिन यहां की सफाई व्यवस्था रामभरोसे है।

**प्रशासन से मांग, सफाई व्यवस्था पर दिया जाये ध्यान:** पंकज भरेजा ने मंडी प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि आजादपुर मंडी एशिया की सबसे बड़ी मंडी है, इसमें बहुताय की संख्या में लोग आते है, इसलिए मंडी प्रशासन को सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

**बरसात के दिनों में मंडी में हो जाता है बुरा हाल:** प्रसिद्ध व्यापारी पंकज भरेजा ने बताया कि आजादपुर मंडी में पानी की सही निकासी न होने की वजह से बरसात के मौसम में आजादपुर मंडी में कई जगहों पर जलभराव हो जाता है, जिससे यहां पर आने वाले लोग परेशान होते है।

## 'अतिथि शिक्षकों की सीबीएसई उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में लगे ड्यूटी'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ के महासचिव अजय वीर यादव ने दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि दिल्ली के अतिथि शिक्षकों को भी उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की ड्यूटी सौंपी जाए। शिक्षक संघ ने अपने पत्र में स्पष्ट किया कि दिल्ली के सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी है, जिससे विद्यालयों का सुचारु संचालन प्रभावित हो रहा है। ऐसे में अतिथि शिक्षक स्थायी शिक्षकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर महत्वपूर्ण शैक्षिक कार्यों का



निर्वाहन कर रहे हैं।

**स्थाई शिक्षकों पर बढ़ा जिम्मेदारी का बोझ:** गत वर्ष उन्हें सीबीएसई मूल्यांकन कार्य में शामिल नहीं किया गया था, जिससे स्थायी शिक्षकों पर अतिरिक्त कार्यभार बढ़ गया है। स्थायी शिक्षकों को न केवल शिक्षण व अन्य शैक्षणिक कार्यों को संभालना पड़ रहा है, बल्कि सीबीएसई परीक्षाओं की जिम्मेदारी भी अकेले निभानी पड़ रही है। अजय वीर यादव ने कहा कि कार्यभार की अधिकता से मानसिक तनाव, थकान और गलतियों की संभावना बढ़ जाती है, जिससे परीक्षा कार्य की गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

**संघ ने निदेशालय को लिखा पत्र:** संघ ने पत्र के द्वारा शिक्षा निदेशालय से आग्रह किया है कि अतिथि शिक्षकों को भी सीबीएसई उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की ड्यूटी में शामिल किया जाए।

## रेलवे प्रबंधक की जो व्यवस्था थी वह ठीक नहीं थी: देवेन्द्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर जो दुर्घटना घटी बहुत ही शर्म नाक घटना है मन बहुत ही दुखी है। रेलवे प्रबंधक की जो व्यवस्था थी वह ठीक नहीं थी, जिस वजह से यह अफरा तफरी मची अभी बेशक ऑफिशियल फिगर भले ही 18 बताई जा रही है लेकिन मुझे लगता है कि यह ठीक नहीं है जिस तरीके का माहौल वहां पर था, जो वहाँ के लोगों ने बताया। उसे सुनकर दिल बड़ा विचलित हो जाता है जिसमें महिलाएं व बच्चे भी दुर्घटना में मौत के शिकार हुए निश्चित बहुत दुःखद



ये घटना हम सब के लिए हैं। इस दुख की घड़ी में हम उन परिवार वालों के साथ खड़े हैं। कोई व्यवस्था नहीं होने के चलते और कोई कंट्रोल वहाँ पर नहीं होने के चलते हजारों लाखों लोग प्लैटफॉर्म तक पहुंचे।

## शीशमहल घोटाला खुद अरविंद केजरीवाल की हार का कारण बना: वीरेन्द्र सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की आम आदमी पार्टी के नेताओं को आज भी शीशमहल निर्माण के भ्रष्टाचार का बचाव करते देख दिल्ली वाले हतप्रभ हैं। सचदेवा ने कहा है की शीशमहल निर्माण घोटाला स्वंय अरविंद केजरीवाल की हार का कारण बना और यह वो मुद्दा है जिसने शराब एवं पैनिक बटन, स्कूल रूम निर्माण जैसे दर्जन भर छोटे बड़े घोटालों से अपनी लोक प्रतिष्ठा खो चुकी आम आदमी पार्टी को झुग्गी वालों से कोठी वालों तक समाज के हर वर्ग से दूर कर दिया।दिल्ली भाजपा




अध्यक्ष ने कहा है की शीघ्र हमारी सरकार बनेगी और वह शीशमहल, शराब एवं पैनिक बटन आदि घोटालों की सख्त पुलिस जांच के साथ ही कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता नियुक्त करेगी।सचदेवा ने कहा है की यदि "आप" नेताओं में अंश भर भी नैतिकता शेष है तो वो शीशमहल निर्माण एवं शराब पॉलिसी जैसे घोटालों के लिए दिल्ली वालों से माफी मांगे।

## रक्तदान है पुण्य का कार्य, इसलिए सभी करें रक्तदान: खान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सेवा से बड़ा कोई कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए। ताकि किसी को परेशान न होना पड़े। उक्त बातें वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी बद्रूदीन खान ने कही।


उन्होंने आगे बताया कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए।

उन्होंने आगे यह भी बताया कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है। इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने



के लिए प्रेरित करें। रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब कोई हमारा रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है। इसलिए सभी रक्तदान अवश्य ही करें।

## क्षेत्र के विकास पर दे रहा हूं विशेष ध्यान: गुलाब सिंह राठौर




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले वार्ड नंबर 8 मुकुंदपुर के निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर ने बताया कि पूरे वार्ड में सफाई व्यवस्था पर विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा है ताकि क्षेत्र की जनता को परेशान न होना पड़े।

गुलाब सिंह राठौर ने आगे बताया कि गली नंबर-19 पार्ट-2 मुकुंदपुर में काफी समय से सफाई नहीं हो पा रही थी, एमसीडी मेंटेनेंस टीम के द्वारा नाली पर रखे तमाम पत्थरों को हटाया गया। सफाई कर्मचारियों के द्वारा सफाई अभियान चलाया गया, जिससे की वहां पर ठीक से सफाई हुई और जनता को परेशानी से राहत मिली। इस मौके पर राठौर ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को कोई भी समस्या न आए इसके लिए मैं सदैव ही प्रयासरत रहता हूं व निरंतर क्षेत्र में दौरा भी करता रहता हूं।

## असहायों की मदद के लिए सभी को आगे आना चाहिए: चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए। उक्त बातें राजकुमार चौधरी ने कही।

उन्होंने आगे बताया कि सत्य हमेशा ही सत्य रहता है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी सत्य की राह पर चले। सत्य की राह कठिन अवश्य ही होती है, लेकिन जो इस राह पर चलता है, उसे एकदिन सफलता अवश्य ही मिलती है, इसलिए सभी सत्य ही राह पर चले और हमेशा ही सत्य का साथ दें। जो जरूरी है।



उन्होंने आगे बताया कि सभी को बड़े-बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए और हमेशा ही देशहित में कार्य करना चाहिए, क्योंकि सबसे पहले देश होता है, बाद में ही कुछ और है, इसलिए सभी हमेशा ही देशहित में ही निर्णय ले।

## थमी नहीं एफपीआई की बिकवाली, फरवरी में हुई 21,272 करोड़ रुपये की निकासी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** घरेलू शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली का सिलसिला थम नहीं रहा है। फरवरी के पहले दो सप्ताह में अभी तक विदेशी निवेशक भारतीय बाजारों से 21,272 करोड़ रुपये की निकासी कर चुके हैं। साल 2025 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक घरेलू शेयर बाजार में बिकवाली करके अभी तक 99,299 करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। सिर्फ जनवरी के महीने में ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 78,027 करोड़ रुपये की निकासी की थी।

## निगम बजट में गांवों के लिए छूट न मिलने से ग्रामीण खफा: पंचायत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पंचायत संघ ने एमसीडी बजट में दिल्ली के सभी गांवों को हाउस टैक्स, कन्वर्जन चार्ज और पार्किंग चार्ज से छूट न मिलने से रोष प्रकट किया। और साथ ही, रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए गांवों को व्यावसायिक श्रेणी में नोटिफाई करने, भवन उपनियमों से बाहर रखने को लेकर प्रस्ताव पास न होने पर भी आक्रोश जताया। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि आप पार्टी मुखिया अरविंद केजरीवाल ने नगर निगम चुनाव से पहले गांवों का हाउस टैक्स माफ करने का ऐलान किया था और पूर्व मेयर



शैली ओबरॉय ने ग्रामीणों का हाउस टैक्स माफ करने की घोषणा की थी, जो झूठी साबित हुई। जिस पर पंचायत संघ के आवाह्न पर गांव ग्रामीणों ने विधानसभा चुनावों में विरोध दर्ज कराया।

## बुराड़ी: दिल्ली में भाजपा की जीत,अब होगा विकास: कृष्णपाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली से भाजपा की सरकार लगभग 27 साल दूर तो जरूर रही थी लेकिन दिल्ली की जनता ने कभी भी भाजपा व उसके कार्यकर्ताओं को अपने दिलों से बाहर नहीं निकाला था, जिसके नतीजन इस विधानसभा चुनाव ने दिल्ली की जनता ने भाजपा को खुलकर वोट करने भाजपा की सरकार को दिल्ली की सत्ता में लाकर बिठा दिया। दिल्ली की सत्ता से 27 सालों तक वनवास रहा हो, लेकिन इस बार 48 सीटों के साथ बीजेपी ने दिल्ली में जीत हासिल कर



केजरीवाल सरकार से दिल्ली की सत्ता छीनकर उन्हे बाहर का रास्ता दिखा दिया है। बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र स्थित संत नगर वार्ड से मंडल अध्यक्ष कृष्णपाल ने कहा कि जहां एक ओर पूरा देश भगवामई हुआ पड़ा है, वहीं दूसरी ओर दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत के बाद दिल्ली के बाजार भगवा लहर से गदगद हैं और व्यापारी वर्ग सहित दिल्ली की आम जनता खुशी मना रही है।

**दिल्ली की जनता ने भाजपा को सदैव दिल में दी जगह:** कृष्णपाल ने कहा कि दिल्ली में प्रचंड और ऐतिहासिक जीत के साथ भाजपा सत्ता में लौटी तो इसमें अन्य वर्ग के साथ व्यापारी वर्ग का बड़ा योगदान है। कृष्णपाल ने कहा कि दिल्ली में भगवा लहर से दिल्ली का बाजार गदगद है।

## फाउंडेशन कई प्रकार के कार्यक्रम करता है आयोजित: मनोज शर्मा

# 'समाज को जागरूक करने में अहम भूमिका निभा रहा है भाई जी फाउंडेशन'

**भाई जी फाउंडेशन के अध्यक्ष मनोज शर्मा ने कहा...**

- संस्था के माध्यम से समय-समय पर गरीब व असहाय लोगों की मदद करने के लिए कई प्रकार के कैंपों का आयोजन किया जाता है।
- मेरी सभी से गुजारिश है कि सभी रक्तदान करें और रक्तदान करने के लिए अपने मित्रों को अवश्य ही प्रेरित करें: मनोज शर्मा




**कुछ अलग करना हो,**
**तो भीड़ से हट कर चलो,**
**भीड़ साहस तो देती है,**
**मगर पहचान छीन लेती है।**

**आज** हम आपकी मुलाकात है ऐसे व्यक्ति से करवाने जा रहे हैं, जो आज अपने कार्यों की बदौलत बादली विधानसभा क्षेत्र में किसी भी परिचय के मोहताज नहीं है।

जी हां हम बात कर रहे भाई जी फाउंडेशन के अध्यक्ष मनोज शर्मा की। आपको बता दें कि मनोज शर्मा भाई जी फाउंडेशन चलाने के साथ-साथ क्षेत्र की कई धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए हैं और हमेशा ही गरीब लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए और उनकी मदद करने के लिए आगे रहते हैं। मनोज शर्मा ने बताया कि हमारी संस्था के माध्यम से समय-समय पर गरीब व असहाय लोगों की मदद करने के लिए कई प्रकार के कैंपों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि स्वास्थ्य जांच शिविर, कंबल वितरण, राशन किट का वितरण व अन्य प्रकार के सेवा के कार्य संस्था के द्वारा किए जाते हैं।

**गरीबों की मदद के लिए सभी को आगे आना चाहिए:** मनोज शर्मा ने बताया कि गरीब व असहाय की मदद करना एक प्रकार से पुण्य का कार्य होता है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी गरीब लोगों की मदद के लिए आगे आए जिससे की किसी भी गरीब व्यक्ति को परेशान न होना पड़े।

**सभी को करना चाहिए पौधारोपण:** मनोज शर्मा ने बताया कि फाउंडेशन के द्वारा समय-समय पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी अपने आस-पास उचित स्थान देखकर पौधारोपण अवश्य ही करें। उन्होंने कहा कि पौधारोपण केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है यह हम सभी की जिम्मेवारी बनती है कि हम अपने-अपने स्तर पर पौधारोपण करें, जिससे कि हमारे आस-पास का माहौल सुंदर और हरियालीमय दिखाई दें।

**रक्तदान होता है महादान:** रक्तदान के महत्व पर बोलते हुए भाई जी फाउंडेशन के अध्यक्ष मनोज शर्मा ने कहा कि रक्तदान महादान होता है इसलिए सभी रक्तदान अवश्य ही करें। क्योंकि आपके द्वारा किए गए रक्तदान से किसी को जीवन दान मिल सकता है। श्री शर्मा ने यह भी बताया कि लोगों के अंदर गलत धारणा होती है कि रक्तदान करने से शरीर में कई प्रकार की कमजोरी आ सकती है, यह एक भ्रम है रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आती है बल्कि आपके द्वारा किए गए रक्तदान से किसी को जीवनदान अवश्य ही मिल जाता है।

इसलिए मेरी सभी से गुजारिश है कि सभी रक्तदान करें और रक्तदान करने के लिए अपने मित्रों व सहयोगियों को अवश्य ही प्रेरित करें।

**कई प्रकार से लोगों की मदद करता है भाई जी फाउंडेशन:** भाई जी फाउंडेशन के अध्यक्ष मनोज शर्मा ने बताया कि फाउंडेशन के माध्यम से हम गरीब लोगों में कंबल का वितरण, फल वितरण, बच्चों में स्टेशनरी का वितरण, राशन किट सहित कई प्रकार की सेवाएं प्रदान करते हैं, जिससे की गरीबों का भला हो और उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पडे।

# भाजपाईयों ने मध्यवर्ग के प्रबुद्धजन से किया संवाद



**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी महानगर ने केंद्रीय बजट को लेकर मध्यम वर्गीय प्रबुद्धजन व विशिष्टजन का जिला महानगर स्तरीय सम्मेलन का आयोजन रविवार को होटल शीतल रीजेंसी में हुआ। जिसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने की। सम्मेलन में मुख्य वक्ता फतेहपुर सीकरी सांसद राजकुमार ने केन्द्रीय बजट पर आयोजित बुद्धिजीवी सम्मेलन को सम्बोधित करते कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की पथ पर तेजी से अग्रसर है। यूपीए की सरकार में देश के उद्योग धंधों को लगाने के लिए छोटे बड़े व्यापारियों और उद्योपतियों को राजनीतिक भ्रष्टचार का शिकार होना पड़ता था। प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प है कि 2029 तक विश्व की तीसरी और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना। व्यापार को एक नया स्वरूप दिया जा सके और लोगों के बनाए हुए उत्पाद देश के हर राज्यों में आसानी से पहुंच सके। वहीं विधायक श्रीकांत शर्मा ने कहा कि पीएम मोदी का लक्ष्य है कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए लार्जेस्ट इकोनॉमी बनाना है। चीन और अमेरिका के साथ मिलकर चलना है हमारे लोगों की स्किल भी बढ़नी चाहिए और हमारी स्पीड भी बढ ?ा चाहिए और इसलिए हमने कौशल विकास को प्राथमिकता दी है। पूर्व मंत्री रविकान्त गर्ग ने कहा कि इस बजट के बाद कई वर्षों में पहली बार व्यापारियों के चेहरे पर रौनक आई है। पूर्व मंत्री ने व्यापारियों को राहत देने के लिए ट्रेड लाइसेंस, श्रम और माप तौल कानूनों में सुधार, जीएसटी रिफंड की प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने की व्यवस्था और व्यापारियों के लिए सरकार की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं का शीघ्र क्रियान्वयन का सुझाव दिया। वहीं महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने कहा केंद्र सरकार के बजट से अलग अलग वर्गों के लोगों के जीवन पर उसका क्या प्रभाव पड? वाला है। यह सारी बातें की चर्चा आम व्यक्ति तक जानी चाहिए। इस उद्देश्य से हमारे केंद्रीय मंत्रियों का अलग अलग राज्यों में प्रवास हो रहा है। सम्मेलन संचालन कार्यक्रम संयोजक प्रदीप गोस्वामी ने किया। पूर्व जिलाध्यक्ष मधु शर्मा, प्रदीप गोस्वामी, पंकज शर्मा, श्याम सिंघल, राजेश कुमार बजाज, राजेंद्र पटेल, मदन मोहन श्रीवास्तव, नरेश शर्मा, यतेंद्र फौजदार, नितिन कौशिक, जितेंद्र वार्ष्णेय, सोनू अग्रवाल, पार्षद राजवीर चौधरी, नीनू, कुंज बिहारी भारद्वाज, बृजेश खरे, प्रिंस गौड़, अजय गोयल, राघव अग्रवाल, चिराग अग्रवाल, सुरेंद्र प्रधान आदि मौजूद थे।

# बल्देव पब्लिक स्कूली में सीबीएसई की बोर्ड परीक्षांए शुरू

**खुशी**

**छात्र से वार्ता करने के बाद बताया गया कि आज सीबीएसी बोर्ड की पहली परीक्षा है हमको बहुत खुशी हो रही है**



**मथुरा।** सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाएं 15 फरवरी से प्रारम्भ हो गई है। बलदेव पब्लिक स्कूल में 400 बच्चों ने दी हाईस्कूल सीबीएससी बोर्ड परीक्षा दी। सीबीएससी हाईस्कूल बोर्ड परीक्षाओं के शुरू होते ही बच्चों में दिखाई देने उत्साह देखने को मिला बलदेव पब्लिक स्कूल में सुबह नौ बजे से ही बच्चों का आना लगा रहा कड़ी सुरक्षा के साथ के बाबजूद बच्चो को स्कूल प्रांगण में प्रवेश किया गया स्कूल की परीक्षा दस बजे से प्रारंभ की गई। छात्र से वार्ता करने के बाद बताया गया कि आज सीबीएसी बोर्ड की पहली परीक्षा है हमको बहुत खुशी हो रही है पर थोड़ा सा मन में घबराहट भी है। छात्राओं ने बताया है हमने कई दिन पहले से तैयारी शुरू कर दी गई हमारे अध्यापक ने भी हमारे साथ मेहनत करवाई है। डॉ. अशोक ने बताया कि करीब 404 बच्चों के से 400 सो बच्चे पेपर दे रहे है।

## संक्षिप्त खबरें

### कलेक्ट्रेट आ रहे हैं तो पिलियन राइडर को भी लगाना होगा हेलमेट

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** कलेक्ट्रेट आ रहे हैं तो पिलियन राइडर को भी हेलमेट लगाना होगा। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने निर्देशित करते हुए अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश के सभी शासकीय एवं अर्ध शासकीय कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी जो दोपहिया वाहन से कार्यालय आते हैं, वे सभी हेलमेट अनिवार्य रूप से पहने और उनके साथ यात्रा करने वाले सहयात्री (पिलियन राइडर) के लिए भी हेलमेट पहनना अनिवार्य है। इसी प्रकार जो अधिकारी, कर्मचारी चारपहिया वाहन से कार्यालय आते है, वे वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करे एवं अन्य सभी सह यात्रियों के लिये सीट बेल्ट पहननी होगी। कार्यालयों के प्रवेश द्वार पर सुरक्षाकर्मी द्वारा हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनुपालन की जांच करने पर यदि उक्त निदेर्शों का उल्लंघन पाया जाता है, तो कार्यालय में प्रवेश पर रोक लगायी जायेगी। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही पर विचार किया जायेगा। सभी कार्यालयाध्यक्षों द्वारा अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों से उक्त निदेशी का कड़ाई से अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।

### लकड़ी के खोखे में लगी आग में जलकर विकलांग की मौत

**मथुरा।** रिफाइनरी क्षेत्र अंतर्गत कांशीराम कॉलोनी में खोखे में लगी आग में जलकर विकलांग व्यक्ति की झुलसने से मौत हो गई। काशीराम कॉलोनी में व्यक्ति को सरकारी आवास का आवंटन हुआ था। उसे तीसरी मंजिल पर आवास मिला था। वह चालक की नौकरी करता था लेकिन एक साल पहले के साथ हादसा हुआ और वह विकलांग हो गया। इसके बाद तीसरी मंजिल तक चढ़ने में वह असमर्थ हो गया। इसके बाद वह कॉलोनी में ही एक लकड़ी के खोखा पर रात के समय सोने लगे। रिफाइनरी थाना प्रभारी निरीक्षक सोनू कुमार ने बताया कि कांशीराम कॉलोनी के ब्लॉक नंबर 23 के एस-4 निवासी संजय कुमार (45) पिछले एक साल से घर पर नहीं रहता था। आग किसी ने लगाई या स्वयं लगी इसकी जानकारी नहीं हो सकी है। थाना प्रभारी ने बताया कि परिजन ने कोई तहरीर नहीं दी है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। संजय के भाई कुनाल ने बताया कि शुक्रवार की रात को उनका छोटा भाई पंकज उन्हें खाना देने के लिए गया। उन्होंने खाना खाया और खोखे के अंदर सो गए। शनिवार की तड़के तीन बजे के करीब मोड़ पर ही दूसरे खोखे के स्वामी उनके घर पर आए और बताया कि खोखे में आग लग गई है। वह दौड़ते हुए पहुंचे तो खोखा, उसके ऊपर रखा छप्पर पूरी तरह से जल चुका था। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने खोखे के अंदर से संजय कुमार का शव बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुनाल ने बताया कि उनके भाई संजय ट्रक ड्राइवरी करते थे।

### कंचौसी रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**औरैया।** कंचौसी रेलवे स्टेशन से प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। रविवार को स्टेशन पर पहुंचे श्रद्धालु ट्रेन में सवार होना चाहते थे लेकिन इटावा की ओर से आ रही अधिकतर ट्रेनों में कोचों के दरवाजे बंद होने से श्रद्धालु परेशान होते रहे। स्टेशन अधीक्षक दरबारी कुमार ने बताया कि ट्रेनों में भीड़ को देखते हुए प्रयागराज जाने के लिए कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों को रोका जा रहा है। वहीं लोगों की शिकायत रही कि कुंभ में जाने के लिए पहले तो पर्याप्त ट्रेनें नहीं हैं। जो ट्रेनें हैं, वह अपने निर्धारित समय से काफी देर से चल रही हैं। ट्रेनें कई-कई घंटे तक देरी से आ रही हैं। लोगों ने रेलवे प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि कुंभ मेले के दौरान अतिरिक्त ट्रेनें चलाई जाएं और प्लेटफॉर्म पर सुविधाएं बढ़ाई जाएं।

### एनडीआरएफ ने अपनी सतर्कता से टाली बड़ी दुर्घटना

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ मेले में प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु त्रिवेणी संगम तथा अन्य निर्धारित घाटों पर आस्था और विश्वास की डुबकी लगा रहे हैं। आज एनडीआरएफ की टीम ने संगम में एक नाव के पलटने से पांच लोगों को डूबने से बचाया। रविवार को संगम मध्य क्षेत्र में जब श्रद्धालुओं से भरी एक नाव दूसरी नाव से टकराने के कारण नदी में पलट गई तथा नाव पर सवार सभी श्रद्धालु नदी में डूबने लगे। श्रद्धालुओं द्वारा अपने जीवन को संकटग्रस्त देख बचाव के लिए शोर मचा कर तथा हाथ हिला कर सहायता मांगने लगे।

# शादी के 48 घंटे बाद पत्नी बोली रहूंगी प्रेमी के साथ, पति ने थाने में दी तहरीर

**जालौन।** कुठौंद थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने अपनी नवविवाहिता पत्नी के खिलाफ थाना मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि शादी के 48 घंटे बाद ही पत्नी ने पति से कहा कि वो उसके साथ नहीं बल्कि प्रेमी संग रहना चाहती है। कुठौंद थाना में तहरीर देते हुए लक्ष्मीकांत ने पुलिस को बताया कि 13 फरवरी को उसकी शादी निकिता नाम की लड़की से हुई। 14 फरवरी को विदा कराने के बाद लक्ष्मीकांत के साथ दुल्हन निकिता अपनी ससुराल पहुंची। निकिता ने कहा कि वो उसके साथ नहीं रहना चाहती है। वो एक लड़के से प्रेम करती है और उसी के साथ रहेगी।

# 300 मोतियाबिंद के मरीजों के किये गये सफल ऑपरेशन




**चश्मा वितरित**

**दो दिवसीय निशुल्क मोतियाबिंद शिविर का समापन साध्वी ऋतंभरा द्वारा औषधि एवं चश्मा वितरण से हुआ।**

**मथुरा।** प्रेमवती गुप्ता नेत्र चिकित्सालय, वात्सल्य ग्राम वृंदावन में रोटरी क्लब मुंबई होरीजंस के तत्वावधान में दो दिवसीय निशुल्क मोतियाबिंद शिविर का समापन साध्वी ऋतंभरा द्वारा औषधि एवं चश्मा वितरण से हुआ। दीप प्रज्वलन करते हुए साध्वी ऋतंभरा ने कहा कि सेवा और सत्कर्म की सुगंध अपने आप चारों ओर फैल जाती है। वात्सल्य ग्राम में लगने वाले मोतियाबिंद शिविर का कोई प्रचार नहीं होता फिर भी प्रदेश के अनेक जिलों से सैकड़ों लोग यहां आकर के अपने मोतियाबिं का निशुल्क ऑपरेशन कराते हैं। हमारा गिलहरी सहयोग भी बड़े बड़े कार्यो की सफलता का प्रेरक हो सकता है। व्यक्ति को इधर उधर न दौड़कर अपने अंदर के अमृत को तलाशना चाहिए। हमें जरूरतमंदों की सेवा का सहारा बनना चाहिए। जहां अंधेरा हो वही दीपक जलायें तभी अभाव और अज्ञानता का अंधकार दूर हो सकता है। रोटरी क्लब मुंबई के अध्यक्ष विनोद गोयल ने कहा सेवा ही हमारा धर्म है क्लब के माध्यम से समाज के अभावग्रस्त लोगों की सेवा करना हमारा दायित्व है। डॉ. श्याम अग्रवाल ने कहा कि इस शिविर में 300 मोतियाबिंद ऑपरेशन हुए हैं सभी सफल रहे लोगों को नेत्र ज्योति लौटा कर हमें अत्यंत खुशी हुई है, हमें ऐसा लगता है जैसे हमने बिहारी जी की सेवा की हो। मुंबई से आए डॉ. जुगल शाह, डॉ. विशाल राठौर, डॉ. आनंद जयपुरिया, डॉ. अनुज वाहुवा, डॉक्टर आरती वाहुवा,डॉक्टर सौरव रामुका, डॉ. मयूर अग्रवाल, डॉ. नितिशा आदि ने 300 मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन किया। समारोह में जय भगवान अग्रवाल, स्वामी सत्याशील, महेश खंडेलवाल, नीरव अग्रवाल, सुनील भंडारी, विनोद गोयल, सुरेश अग्रवाल, नूतन पारीक, विमला, राजेश कुमार पांडेय, मीनाक्षी अग्रवाल आदि की विशेष उपस्थिति रही। सुनील भंडारी ने आभार व्यक्त किया। संचालन डॉक्टर उमाशंकर राही ने किया।

# सीआईएसएफ की स्पोर्ट्स एथलीट मीट का हुआ समापन



**मथुरा।** रिफाइनरी। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल मथुरा रिफाइनरी यूनिट में 10 से 15 फरवरी तक पांच दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। समापन समारोह में कार्यकारी निदेशक रिफाइनरी मुकुल अग्रवाल ने विजेता रहे। बल सदस्यों को पुरस्कार से सम्मानित किया। सीआईएसएफ के बल सदस्यों के लिए पांच दिवसीय इकाई स्तरीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई थी जिसमें विभिन्न वर्गों की दौड़ 100 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1600 मीटर लंबी दौड़, अंतर समवाय वॉलीबाल प्रतियोगिता, फुटबॉल, बैडमिंटन प्रतियोगिता, शॉट पुट, बेंच प्रेस, लॉन्ग जंप, हाई जंप व रस्साकसी का आयोजन किया गया। जिसमें इकाई में तैनात बल सदस्यों ने बढ़चढ़ कर सभी प्रतियोगिताओ में भाग लिया। शनिवार को प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर डॉ नीरज भारती उप कमांडेंट की उपस्थिति में मुख्य अतिथि मुकुल अग्रवाल कार्यकारी निदेशक मथुरा रिफायनरी, भास्कर हजारीका मुख्य महाप्रबंधक (एचआर), गोपीनाथ महाप्रबंधक (एचआर) आदि आदि ने विजेताओं को पुरस्कार ट्रॉफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया।

# बाराबंकी सड़क हादसे में महाराष्ट्र के चार लोगों की मौत

**बाराबंकी।** जिले में लोनी कटरा थाना क्षेत्र स्थित पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर रविवार सुबह महाराष्ट्र से अयोध्या जा रही एक ट्रैवलर वाहन ने एक खड़ी बस में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में चार लोगों की मौत और छह से अधिक लोग घायल हो गए। दो की हालत गंभीर होने पर लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार ने बताया कि दुर्घटना में मरने वालों की पहचान हो गई है। मृतकों में महाराष्ट्र में नादेड़ क्षत्रपति के रहने वाले दीपक, सुनी बाडमेर, अनुसुईया और अटगांव निवासी जयश्री है। एसपी ने बताया कि महाराष्ट्र से अयोध्या जा रही टैम्पो ट्रैवलर के ड्राइवर को नींद की झपकी आ गई।

# दूध दुहकर पशुओं को लावारिस छोड देने वालों की शामत



**निर्देशित**

**नराश्रित घूम रहे गोवंशों को पकड़ने के लिए निरंतर अभियान चलाए जाने के लिए निर्देशित किया गया**

**लोकेश चौधरी**

**मथुर।** सुबह दुधारू पशुओं का दूध दुहकर उन्हें लावारिस छोड देने और फिर शाम को बांध लेने के आदी हो हुए पशु पालकों की शामत आ गई है। नगर आयुक्त शशांक चौधरी के द्वारा नगर निगम मथुरा वृंदावन क्षेत्रांतर्गत सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर आवारा, निराश्रित घूम रहे गोवंशों को पकड़ने के लिए निरंतर अभियान चलाए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। जिसके क्रम में नगर निगम के सभी जोन में प्रतिदिन अभियान चलाकर छुट्टा घूम रहे गोवंशों को पकड़कर कान्हा पशु आश्रय गौशाला में पहुंचाया जा रहा है। इसी क्रम में निराश्रित आवारा गौवंशो को पकड़ने के लिए अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मथुरा में महोली रोड बजरंग चौराहे न्यू बस स्टैंड माल गोदाम रोड से मंडी चौराहा गोवर्धन चौराहा राधा सिटी राधा वैली पर नौ गोवंशों पड़कर वृंदावन की कान्हा पशु आश्रय गौशाला पहुंचाया गया। वृंदावन में केसी घाट से लेकर पानीघाट होते हुए मायावती परिक्रमा मार्ग पर आठ गोवंश पकड़े गए। कुल 17 निराश्रित, आवारा गोवंशों को पड़कर वृंदावन स्थित नगर निगम मथुरा वृंदावन की कान्हा पशु आश्रय गौशाला पहुंचाया गया। नगर आयुक्त द्वारा दिए गए निदेर्शों के क्रम में नगर निगम मथुरा वृंदावन द्वारा रोस्टर अनुसार शहर के सभी जोन में आवारा घूम रहे गोवंशों को पकड़ने के लिए विशेष गोवंश को पकड़ने के लिए अभियान प्रतिदिन चलाया जा रहा है।

# विधायक ने विकास कार्यों का किया शिलान्यास

**शुभारंभ**

**लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास विधायक ठाकुर मेघश्याम एडवोकेट ने किया।**

**लोकेश चौधरी**

**चौमुहां।** गोवर्धन क्षेत्र की ग्राम पंचायत राल में करीब 55 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास विधायक ठाकुर मेघश्याम एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर क्षेत्र के समस्त प्रधानों,जनप्रतिनिधियों एवं जनता के लोगों ने विधायक ठाकुर मेघश्याम का पगड़ी,पटुका,फूलमाल एवं चांदी का मुकुट पहनकर अभूतपूर्व स्वागत किया। राल प्रधान श्याम सैनी ने 51 हजार रुपये की और चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया। जोनाई प्रधान पप्पू ने एक लाख, राल पूर्व प्रधान ईश्वर चंद ने 51 हजार चांदी का मुकुट पहनाकर विधायक का स्वागत किया। इसके अलावा कई प्रधानों समाजसेवियों ने भी विधायक का स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक ठाकुर मेघश्याम एडवोकेट ने कहा कि राल पंचायत गोवर्धन विधानसभा क्षेत्र की राजधानी है। इस लिए राल सहित विभिन्न क्षेत्रों में कराए गए करीब 55 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का आज उन्होंने यहां शिलान्यास किया है। बताया कि राधाकुंड से छटीकरा तक सड़क का चौड़ीकरण का कार्य कराया जा रहा है। इस सड़क के चौड़ी हो जाने से गोवर्धन राधाकुंड आने वाले श्रद्धालुओं को जाम की समस्या से निजात मिलेगी। इसके अलावा राल से बाठी, अरहेरा होते हुए मथुरा हाइवे से जुड़ने वाली सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है । 55 करोड़ रुपये से कराए जाने वाले सभी विकास कार्य जल्द ही पूर्ण हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता जो विश्वास उनके ऊपर किया है, वह उस विश्वास को कायम रखने के लिए एक सेवक के रूप में पूरी ईमानदारी के साथ विकास कार्य करा रहे हैं। वह जनता के सुख और दुख के साथी है। जनता के कर्ज को वह विकास के रूप में चुकाने के प्रयास कर रहे है। इस दौरान विधायक ठाकुर मेघश्याम ने 13 ग्राम पंचायत के प्रधानों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर गोवर्धन चेयरमैन पति मनीष लम्बरदार, मंडल अध्यक्ष छटीकरा करतार सिंह, पूर्व अध्यक्ष खजान सिंह, फेचरी प्रधान ब्रजबिहारी सिरोही, योगेश चौधरी, बालमुकुंद, विष्णु भगवान, संजय धनगर,नरेंद्र कुमार, गजेंद्र मुखिया, रामवीर,जुगल किशोर, विष्णु,पप्पु, भगवत मोहित प्रधान आदि उपस्थित रहे।

# महाकुम्भ में नेपाल से आए 85 वर्षीय श्रद्धालु को इस्केमिक स्ट्रोक



**सुरक्षित**

**टीम की तत्परता और कुशल उपचार के चलते 85 वर्षीय रामधनी अब पूरी तरह सुरक्षित**

**महाकुम्भनगर, 16 फरवरी (हि.स.)।** स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय (एसआरएन अस्पताल) के चिकित्सकों ने इस्केमिक स्ट्रोक से पीड़ित नेपाल निवासी 85 वर्षीय श्रद्धालु की जान बचाने में सफलता पाई। अस्पताल के वरिष्ठ न्यूरो फिजिशियन डॉ. कमलेश सोनकर और उनकी 06 एक्सपर्ट डॉक्टरों की पूरी टीम की तत्परता और कुशल उपचार के चलते 85 वर्षीय रामधनी अब पूरी तरह सुरक्षित हैं। नेपाल के रहने वाले बुजुर्ग की बेटी ने सीएम योगी और एसआरएन के चिकित्सकों को पिता का जीवन रक्षक बताया है। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां महाकुम्भ में बहुत ही उच्च स्तरीय चिकित्सा इंतजाम किए हैं, जिसके तहत यहां तैनात विशेषज्ञ चिकित्सकों ने उनके पिता को बचा लिया।

नेपाल के लुंबिनी निवासी रामधनी महाकुम्भ में मौनी बाबा आश्रम, शांति कुटिया में एक माह से राम नाम जप रहे थे। 14 फरवरी की रात में अचानक उन्हें दाहिने हिस्से में कमजोरी, बोलने में कठिनाई और हल्की बेहोशी महसूस हुई। परिजनों ने तुरंत उन्हें एसआरएन अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। जहां विशेषज्ञों ने जांच के बाद पाया कि उन्हें इस्केमिक स्ट्रोक हुआ है। डॉ. कमलेश सोनकर और उनकी टीम ने तुरंत थ्रॉम्बोलाइसिस प्रक्रिया शुरू कर ब्लॉकेज हटाया, जिससे मरीज की हालत खतरे से बाहर हो गई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के तहत महाकुम्भ को ध्यान में रखते हुए यहां अस्पतालों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है। एसआरएन अस्पताल का ट्रॉमा सेंटर हाईटेक इमेजिंग तकनीक, अनुभवी चिकित्सकों और तेज आपातकालीन सेवाओं के कारण मरीजों के लिए संजीवनी साबित हो रहा है। एसआरएन ट्रॉमा सेंटर के सह-नोडल अधिकारी डॉ. राजकुमार चौधरी ने बताया कि महाकुम्भ को देखते हुए अस्पताल की सुविधाओं में लगातार सुधार किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता है कि महाकुम्भ में आए हर श्रद्धालु को सर्वोत्तम चिकित्सा सेवाएं मिलें।

मरीज की बेटी रीता ने डॉ. कमलेश सोनकर, डॉ. प्रभात सिंह, डॉ. अर्चना ओझा, डॉ. संदीप, डॉ. सुजीत, डॉ. तेज प्रताप और पूरी न्यूरोलॉजी टीम का आभार व्यक्त किया।

# एक ट्रेन में औसत 288 जनरल सीट और बेच दी जाती हैं हजारों टिकट

**औसतन**

**नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की खड़कीयों से हर घण्टे में लगभग 1500 जनरल टिकिट बेचे गए**

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** 15 फरवरी की रात 9 बजकर 55 मिनट पर नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ में 17 लोगों की जान गई और दर्जनों घायल हुए। जंन सहयोग समूह मथुरा इस घटना से व्यथित है और आहत है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की खड़कीयों से हर घण्टे में लगभग 1500 जनरल टिकिट बेचे गए। एक ट्रेन में औसतन चार जनरल बोगी होती हैं और 288 जनरल यात्रियों के बैठने की व्यवस्था एक ट्रेन में होती है। अगर रेल नई दिल्ली से बनकर चल रही भी मान लें तो क्या टिकिट बेचने वालों को यह नहीं पता था कि इतने लोग यात्रा कैसे करेंगे।अगर प्रयागराज कुम्भ न भी हो तो भी यह चाहें जितने जनरल टिकट बेचने का कार्य बिल्कुल गलत है।इसको तत्काल सुधार की आवश्यकता है। जन सहयोग समूह मथुरा ने पत्र के माध्यम से रेल मंत्री से मांग की है कि इस व्यवस्था में सुधार किया जाए। इसके लिए समूह ने सुझाव दिये हैं कि किसी भी ट्रेन में सीट की उपलब्धता से अधिक टिकट न बेचे जाएं। कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर में बदलाव करते हुए जनरल टिकट पर ट्रेन नम्बर अंकित किया जाए। वह टिकिट केवल उसी ट्रेन में काम आए जिसका है। अर्थात रोडवेज बस जैसी व्यवस्था हो।जनरल टिकिट पर ट्रेन नम्बर अंकित होगा तो सीट की उपलब्धता से अधिक टिकिट बिकेंगे ही नहीं।

# महाकुम्भ में डुबकी लगाकर अभिभूत हुईं राज्यपाल

## कहा: वर्षों तक नहीं भूल पाएंगे दिव्य अनुभव, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रविवार को संगम में लगाई डुबकी

**भव्य और दिव्य**

**▸▸ डुबकी लगाने के बाद एक विशिष्ट प्रकार का अनुभव हो रहा है जो आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार कर रहा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भनगर। तीर्थराज प्रयागराज में म**हाकुम्भ-2025 के महासमागम में रविवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। रविवार को उन्होंने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई और महाकुम्भ में सम्मिलित होने के अवसर को उन्होंने विशिष्ट बताया। त्रिवेणी संगम में स्नान के साथ ही बड़े हनुमान मंदिर, अक्षयवट और सरस्वती कूप में विधिवत दर्शन-पूजन व अर्चन किया। महाकुम्भ में डुबकी लगाकर अभिभूत हुईं राज्यपाल ने कहा यह एक अलग प्रकार का दिव्य अनुभव है जो वर्षों तक स्मृतियों में रहेगा। उन्होंने कहा कि डुबकी लगाने के बाद एक विशिष्ट प्रकार का अनुभव हो रहा है जो तीर्थराज प्रयागराज की आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार उनमें कर रहा है।

**योगी सरकार व स्थानीय प्रशासन के प्रयासों को राज्यपाल ने सराहा**

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि तीर्थराज प्रयागराज न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि सारे देश और विश्व की आस्था के केंद्र में है। ऐसे में, देश-दुनिया से करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु यहां आ रहे हैं। इस सारी व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के लिए योगी सरकार और स्थानीय प्रशासन बधाई का पात्र है। उन्होंने प्रयागराज आकर विभिन्न घाटों पर स्नान करने वाले स्नानार्थियों की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस प्रकार सुव्यवस्थित तरीके से लोग स्नान करके अपने गंतव्य स्थलों को जा रहे हैं वह अद्भुत है।

**त्रिवेणी संगम में स्नान कर अक्षयवट, सरस्वती कूप व बड़े हनुमान का किया पूजन-अर्चन**

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल रविवार को प्रयागराज एयरपोर्ट पहुंचीं। एयरपोर्ट से हेलिकॉप्टर के जरिए वह डीपीएस अरैल पहुंचीं जहां रिजर्व्ड हेलिपैड पर उनका हेलिकॉप्टर उतरा। यहां से अरैल घाट से मोटर फ्लोटिंग जेटी के जरिए वह त्रिवेणी संगम पहुंची जहां उन्होंने विधिवत स्नान व पूजन-अर्चन किया।
 इसके बाद मोटर फ्लोटिंग जेटी के जरिए उन्होंने किला घाट पहुंचकर अक्षयवट का पूजन-अर्चन किया।

### मुख्यमंत्री की श्रद्धालुओं से अपील: महाकुंभ में यातायात और स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने में दें सहयोग

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ प्रयागराज में आ रहे सभी श्रद्धालुओं से यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ आस्था का महापर्व है, जिसमें पूरे देश और दुनिया के लोग भाग लेने के लिए उत्साहित हैं। ऐसे में सभी का सकारात्मक सहयोग इस आयोजन की सफलता को कई गुना बढ़ा सकता है। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया कि वे अपने वाहनों को सड़कों पर खड़ा न करें, बल्कि निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करें, जिससे सभी को पवित्र त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाने का सुगम अवसर मिल सके।

**महाकुंभ की स्वच्छता: सभी की सामूहिक जिम्मेदारी**

मुख्यमंत्री ने संतों, आश्रमों और विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं से अपील की कि वे भंडारे और प्रसाद वितरण की पवित्र व्यवस्था को अनवरत जारी रखें, ताकि सभी श्रद्धालु इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने महाकुंभ में स्वच्छता बनाए रखने की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि यह हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है।

# महाकुम्भ की व्यवस्थाओं को लेकर संत गदगद

**पीठ थपथपाई**

**▸▸ सीएम योगी को दिया श्रेय, प्रयागराज में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संतों से किया संवाद**



**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को प्रयागराज स्थित महाकुम्भ नगर पहुंचे, यहां उन्होंने विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया और साधु संतों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने यहां जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरी से भेंट कर महाकुम्भ की व्यवस्थाओं पर चर्चा की। इसके बाद वे सदाफल आश्रम स्थित स्वर्वेद महामंदिर ट्रस्ट पहुंचे, जहां उन्होंने साधु-संतों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने संत समाज के साथ संवाद कर महाकुम्भ की व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया और संतों ने योगी सरकार की तैयारियों की सराहना की। मुख्यमंत्री सेक्टर 21 में प्रसिद्ध कथावाचक प्रदीप मिश्रा की कथा में शामिल हुए। यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिन्होंने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इसके बाद वे सेक्टर 18 स्थित प्रभु प्रेमी संघ अंबाला शिविर पहुंचे, जहां संतों का सानिध्य प्राप्त किया। महाकुम्भ 2025 का यह आयोजन 144 वर्षों के पुण्य संयोग में हो रहा है, जिसमें अब तक करीब 52 करोड़ श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में पुण्य की डुबकी लगा चुके हैं। दिव्य और भव्य महाकुम्भ की सराहना न केवल देशभर के श्रद्धालु कर रहे हैं बल्कि विदेशी पर्यटक भी इसकी भव्यता से प्रभावित हुए बिना नहीं रह पा रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धालुओं और साधु-संतों से संवाद करते हुए कहा कि सरकार ने महाकुम्भ की व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए हर प्रयास किए हैं। उन्होंने संत समाज और श्रद्धालुओं को आश्वस्त किया कि आने वाले समय में भी धार्मिक आयोजनों को इसी भव्यता और दिव्यता के साथ संपन्न किया जाएगा।

# उत्तराखंड बजट सत्र की तैयारियां तेज



**समीक्षा की**

**▸▸ ऋतु ने अधिकारियों संग बैठक कर सुरक्षा और व्यवस्थाओं की समीक्षा की**

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून। उत्तराखंड** विधानसभा का बजट सत्र पहली बार नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन (ई-नेवा) के तहत संचालित होने जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने शनिवार को अधिकारियों संग बैठक कर सुरक्षा और व्यवस्थाओं की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी सदस्यों की टेक्नोलॉजी सहायता के लिए दो इंजीनियरों को सत्र अवधि में विधानसभा भवन में नियुक्त करने का निर्देश दिए हैं। इंटरनेट सेवा में सुधार के लिए विधानसभा सचिवालय को निर्देश दिए गए कि नेटवर्क की बैंडविड्थ स्पीड बढ़ाई जाए और इंटरनेट सेवा प्रदाता कंपनियों के प्रतिनिधियों सत्र के दौरान विधानसभा भवन में मौजूद रहें। साथ ही, पूरे विधानसभा परिसर में वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

विधानसभा अध्यक्ष ने बजट सत्र की सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर शासन, पुलिस और विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी तरह की चूक न हो। विधानसभा अध्यक्ष ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सत्र के दौरान प्रवेश पत्र के बिना विधानसभा परिसर में वाहन लाने की अनुमति नहीं होगी।
इसके अतिरिक्त, विधायकों की संस्तुति पर एक आगंतुक को और मंत्रियों की संस्तुति पर दो आगंतुकों को प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे।

# सीएम नीतीश ने कई विकास योजनाओं की घोषणा की

**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज अपनी प्रगति यात्रा के क्रम में भोजपुर पहुंचे । उन्होंने यहां लोगों की मांग पर कहा कि आप जानते हैं कि हम लोगों ने भोजपुर जिले में विकास का काफी काम कराया है। फिर भी जो कुछ छूट गया है या कमी रह गयी है उसे पूरा किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप लोगों की मांग पर आरा में रिंग रोड का निर्माण कराया जायेगा। इस योजना में 02 नयी सड़कों का निर्माण एवं 04 सड़कों का चौड़ीकरण किया जायेगा। इससे लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी।



उन्होंने कहा कि असनी से बामपाली पथ का निर्माण कराया जायेगा। इसके अलावा पातर से असनी पथ का भी निर्माण होगा। साथ ही जीरो माईल से असनी पथ का चौड़ीकरण, वहीं जीरो माईल से पातर पथ का चौड़ीकरण होगा।

**मुख्यमंत्री की अन्य घोषणायें**

बामपाली से चन्दवा मोड़ हेतु हुए पकडी तक सड़क का चौड़ीकरण,आरण्य देवी मंदिर (आरा) से आरा-बक्सर फोरलेन पथ (वाया आरा-सिन्हा एवं आरा-बड़हरा) का निर्माण। आरा-बबुरा-छपरा पथ का चौड़ीकरण किया जायेगा। इससे यातायात सुगम होगा तथा जाम की गंभीर. समस्या से निजात मिलेगी। संदेश से अखगांव होते हुए कोईलवर तक नहर के बांध पर पथ निर्माण किया जायेगा। इससे संदेश, सहार, अगिगांव प्रखंड के साथ-साथ पीरो प्रखंड के पूर्वी भाग का जेपी गंगा पथ से सीधे सम्पर्क हो जायेगा।

**विकास पर बल**

**▸▸ भोजपुर में विकास का काफी काम कराया है। फिर भी जो कुछ छूट गया है या कमी रह गयी है उसे पूरा किया जायेगा**

# पिंजरे में कैद हुआ रिहायशी इलाके में घुसा तेंदुआ

**टीम एक्शन इंडिया**
**जलपाईगुड़ी: जिले** के शालकुमार-1 नंबर ग्राम पंचायत के प्रधानपाड़ा इलाके में वन विभाग के पिंजरे में तेंदुआ कैद हो गया। रविवार की सुबह स्थानीय लोगों ने पिंजरे में कैद तेंदुए को देखा और वन विभाग को इसकी जानकारी दी। बाद में वन विभाग के कर्मी मौके पर पहुंचे और पिंजरे में बंद तेंदुए को रेस्क्यू कर मदारीहाट ले गई। ग्रामीणों के अनुसार, तेंदुए को छह फरवरी को इलाके में देखा गया था। तेंदुआ एक ग्रामीण के शौचालय में छुपा हुआ था। खबर सुनते ही वनकर्मी तेंदुए को पकड़ने के लिए मौके पर पहुंचे। दिन भर काफी मशक्क्त के बाद भी वनकर्मी तेंदुए को पकड़ नहीं सके। बाद में वन विभाग की ओर से इलाके में पिंजरा लगा दिया गया। तब से ग्रामीण डर के साये में रात काट रहे थे। ग्रामीण तेंदुए के पकड़े जाने का इंतजार कर रहे थे। आखिरकार दस दिन बाद तेंदुआ वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया। जिसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस लिया। वन विभाग के मुताबिक तेंदुए को मदारीहाट ले जाया गया है।

# हिमाचल को स्वर्ण पदक जीतकर लाना मेरा लक्ष्य: वीरेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**नाहन। सिरमौर** जिला के पैरा धावक वीरेंद्र सिंह जोकि अभी हाल ही में शारजाहां में हुए मास्टर्स पैरा खेलों से एक स्वर्ण पदक व दो रजत पदक जीतकर लौटे थे। अब पैरा स्पोर्ट्स संघ की राष्ट्रीय प्रतियोगिता जोकि 17 फरवरी से 20 फरवरी तक चेनेई में आयोजित होने जा रही हैं। उसमे भाग लेने के लिए नाहन से रवाना हुए। उनके साथ प्रदेश से अन्य धावक भी जा रहे हैं। जाने से पूर्व नाहन में मीडिया से रूबरू होते हुए वीरेंद्र ने बताया कि उनका लक्ष्य प्रदेश व जिला के लिए इस प्रतियोगिता से स्वर्ण जीतना है। आज वो जिस मुकाम पर हैं ये कुल देवता महासू व माता पिता की देन है। उन्होंने बताया कि वो इन खेलों में तीन दोड़ों में भाग लेंगे और उम्मीद हैकि स्वर्ण पदक जीतेंगे। जिला के संगड़ाह उपमंडल के एक गांव लगनु के रहने वाले हैं और आयुष विभाग सिरमौर में फार्मासिस्ट के तौर पर सेवाएं दे रहे हैं।

# डॉक्टरों ने चैंपियन को दी हायर सेंटर रेफर होने की सलाह, प्रणव ने किया इनकार

**परामर्श**

**▸▸ प्रणव कुमार चैंपियन ने अपने आपको स्वस्थ बताते हुए हायर सेंटर रेफर होने से इनकार कर दिया।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**हरिद्वार। जिला अ**स्पताल में भर्ती पूर्व विधायक कुंवर प्रणव कुमार चैंपियन को सर्जन और जनरल फिजिशियन ने चेकअप के बाद हायर सेंटर रेफर किए जाने की सलाह दी है। लेकिन चैंपियन ने अपने आपको स्वस्थ बताते हुए हायर सेंटर रेफर होने से इनकार कर दिया। दरअसल, शनिवार देर रात कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें रोशनाबाद जेल से जिला अस्पताल में लाया गया था। हरिद्वार जिला अस्पताल के पीएमएस डॉ. विजयेश भारद्वाज ने बताया कि डॉक्टरों की टीम ने पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन का चेकअप किया है। डॉक्टरों ने चैंपियन को आवश्यक जांच की सलाह दी है। जांच की सुविधा अस्पताल में उपलब्ध न होने के चलते उन्हें हायर सेंटर रेफर किए जाने की सलाह दी है। हालांकि, डॉक्टर भारद्वार के मुताबिक, फिलहाल चैंपियन ने हायर सेंटर रेफर होने से इनकार कर दिया है। बता दें कि जेल से शनिवार देर रात प्रणव सिंह चैंपियन को लूजमोशन में खून आने की शिकायत पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रविवार को सुबह डॉक्टरों ने उनकी जांच की और अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे, ईसीजी, ब्लड रिपोर्ट की जांच की गई।

# भारत से कब उड़ेगा बांग्लादेशियों, रोहिंग्याओं के लिए विमान: शिवसेना

**टीम एक्शन इंडिया**
**जम्मू:** शिवसेना (यूबीटी) जम्मू-कश्मीर ने अमेरिका द्वारा अवैध प्रवासी भारतीयों की वापसी पर अपमानजनक तरीके व व्यवहार को दोहराए जाने की कड़ी आलोचना करते हुए इसके साथ ही अवैध बांग्लादेशियों, रोहिंग्या मुस्लिमों को देश से बाहर करने के लिए तत्काल प्रभाव से कड़े कदम उठाने की मांग की है। अमेरिका द्वारा अवैध प्रवासी भारतीयों को हटाने को लेकर अपमानजनक व्यवहार के सिलसिले को जारी रखने की कड़ी आलोचना की है।




**सनातन** सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को नुकसान से बचाने के लिए एक रणनीतिक पहल का हिस्सा था

# जम्मू पुलिस ने अवैध खनन में लिप्त 934 वाहन किए जब्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**जम्मू: जम्मू और कश्मीर पुलिस** ने 1 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2024 तक पूरे साल अवैध खनन के खिलाफ लगातार कार्रवाई करते हुए जम्मू जिले में सख्त कार्रवाई की है जिसके परिणामस्वरूप खनिजों के अनधिकृत निष्कर्षण और परिवहन में शामिल 934 वाहनों को जब्त किया गया है।पुलिस की ओर से रविवार को यह जानकारी दी गई। उल्लंघनकताओं पर लगाया गया कुल जुमार्ना 1,33,40,368 (एक करोड़ तैंतीस लाख चालीस हजार तीन सौ अड़सठ) है। यह व्यापक प्रवर्तन अभियान पर्यावरण



क्षरण को रोकने, सरकारी राजस्व की रक्षा करने और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को नुकसान से बचाने के लिए एक रणनीतिक पहल का हिस्सा था। कीअवैध खनन नदी के किनारों, सड़कों और पारिस्थितिक संतुलन पर पड़ने वाले प्रभाव के कारण एक गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। इस मुद्दे की गंभीरता को स्वीकार करते हुए जम्मू पुलिस ने एक साल तक बहुआयामी रणनीति अपनाई। विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर लक्षित अभियान चलाए आश्चर्यजनक छापे मारे और कई स्थानों पर निरंतर निगरानी सुनिश्चित की। इन सक्रिय उपायों के कारण अवैध खनिज निष्कर्षण नेटवर्क को सफलतापूर्वक बाधित किया गया और उल्लंघनकताओं को सख्त कानूनी कार्रवाई के माध्यम से जवाबदेह ठहराया गया। जम्मू जिले के कई पुलिस स्टेशनों ने इस कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सतवारी पुलिस स्टेशन में सबसे अधिक 300 वाहन जब्त किए गए। उसके बाद नगरोटा में 135 अखनूर में 115 दोमाना में 114 और घरोटा में 36 वाहन जब्त किए गए। अन्य पुलिस स्टेशनों ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।